


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 209 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.4, 2079 गुरुवार, 13 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## नए हवाई अड्डे के खिलाफ तेज हुआ आंदोलन 13 गांव के 2000 लोग निकालेंगे मार्च

चेन्नई , 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के काचीपुरम में नए हवाई अड्डे के प्रस्ताव का भारी विरोध हो रहा है। खबर है कि इस हवाई अड्डे के खिलाफ 13 गांवों के 2000 लोग 17 अक्तूबर को सचिवालय तक भारी विरोध मार्च निकालेंगे। यह विरोध मार्च ऐसे समय पर होने जा रहा है, जब सोमवार से राज्य विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है। ग्रामीणों कहा कहना है कि उनका उद्देश्य सत्तारूढ़ द्रमुक व अन्य राजनीतिक दलों का ध्यान आकर्षित करना है। दरअसल, दो अगस्त को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे की घोषणा की थी।

## रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस का ऐलान



नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को राहत देते हुए केंद्र सरकार ने आज हुई केंद्रीय कैबिनेट में बड़ा बोनांज देने का ऐलान किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को रसोई गैस के घाटे की भरपाई के लिए 22,000 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी मिली है।

ये कंपनियां एलपीजी गैस मार्केट रेट से नीचे बेचकर नुकसान उठा रही हैं, ऐसे में यह सब्सिडी देकर सरकार उन्हें राहत दे रही है। इस फैसले से ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को फायदा पहुंचेगा। केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस का किया ऐलान किया है। 11 लाख 27 हजार रेलवे कर्मचारियों को 1 हजार 832 करोड़ का बोनस दिया जाएगा। बोनस के तौर पर कर्मचारियों को 78 दिनों की सैलरी मिलेगी। पीएम डिवाइन योजना को मंजूरी दी गई है। इसमें सरकार आने वाले 4 सालों (2022-23 से 2025-26) में 6,600 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

# केंद्र सरकार और आरबीआई को नोटिस

## एससी ने कहा- 9 नवंबर तक बताएं किस कानून से 1000-500 के नोट बंद किए

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी पर केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक को नोटिस जारी किया है। 5 जजों वाली संवैधानिक पीठ ने 9 नवंबर तक यह बताने को कहा है कि किस कानून के तहत उन्होंने 1000 और 500 रुपए के नोट बंद किए थे। कोर्ट ने सरकार और आरबीआई को हलफनामे में अपना जवाब देने को कहा है।

याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 26 (2) किसी विशेष मूल्यवर्ग के करेंसी नोटों को पूरी तरह से रद्द करने के लिए सरकार को अधिकृत नहीं करता है। धारा 26 (2) केंद्र को एक विशेष श्रृंखला के करेंसी नोटों को रद्द करने का अधिकार देती है, न कि संपूर्ण करेंसी नोटों को। अब इसी का जवाब सरकार और आरबीआई को देना है।

सुप्रीम कोर्ट में इस सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग https://webcast.gov.in/scindia पर हुई थी। इससे पहले 28 सितंबर को पांच जजों की बेंच ने मामले में सुनवाई की थी। तब बेंच ने यह कहकर कार्यवाही को टाल दिया था कि कोर्ट के पास और भी कई महत्वपूर्ण और अधिकारों से जुड़े मामले हैं। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि कोर्ट पहले इस बात की जांच करेगी कि क्या नोटबंदी को चुनौती एकेडमिक बन गई है?

**5 जजों की संवैधानिक पीठ ने सुनवाई की**



15 नवंबर 2016 को उस समय के चीफ जस्टिस टीएस ठाकुर ने मोदी सरकार के नोटबंदी के फैसले की तारीफ की थी।

2016 में विवेक शर्मा ने याचिका दाखिल कर सरकार के फैसले को चुनौती दी। इसके बाद 58 और याचिकाएं दाखिल की गईं। अब तक सिर्फ तीन याचिकाओं पर ही सुनवाई हो रही थी। अब सब पर एक साथ सुनवाई होगी। यह सुनवाई जस्टिस एस.अब्दुल नजीर की अध्यक्षता में होगी। इस मामले में 16 दिसंबर 2016 को ही ये केस संविधान पीठ को सौंपा गया था, लेकिन तब बेंच का गठन नहीं हो पाया था।

15 नवंबर 2016 को उस समय के चीफ जस्टिस टीएस ठाकुर ने मोदी सरकार के इस फैसले की तारीफ की थी।

चीफ जस्टिस ने कहा था- नोटबंदी की योजना के पीछे सरकार की जो मंशा है वो तारीफ के लायक है। हम आर्थिक नीति में दखल नहीं देना चाहते, लेकिन हमें लोगों को हो रही असुविधा की चिंता है। उन्होंने सरकार से इस मसले पर एक हलफनामा दायर करने को कहा था।

**सुप्रीम कोर्ट ने इस केस को 5 जजों की बेंच को सौंपा था**

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता के वकीलों ने सरकार की नोटबंदी की योजना में कई कानूनी गलतियां होने की दलील दी थी, जिसके बाद 16 दिसंबर 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को 5 जजों की संविधान पीठ के पास भेज दिया था। तब कोर्ट ने सरकार के इस फैसले पर कोई भी अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया था। यहां तक कि कोर्ट ने तब नोटबंदी के मामले पर अलग-अलग हाई कोर्ट में दायर याचिकाओं पर भी सुनवाई से रोक लगा दी थी।

## आपकी नियुक्ति राजनीतिक, आप वैसे ही बर्ताव कर रहे

### सुप्रीम कोर्ट में एसजी से बोले वरिष्ठ वकील, जज ने कहा-पारा मत चढ़ाइए

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में आज उस समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई, जब एक मामले की सुनवाई के दौरान दो सीनियर वकील आपस में भिड़ गए। हालात इस कदर बिगड़े की बेंच को दखल देकर कहना पड़ा कि कोर्ट रूम का पारा मत चढ़ाइए। जजों के तीखे तेवर देखने के बाद ही दोनों वकील शांत हुए और मामला निपटा।

दरअसल धोखाधड़ी के एक मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान दुष्यंत दवे पेश हुए थे। जस्टिस मेहंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की बेंच के सामने ये सुनवाई चल रही थी। आरोपी ने बेल के लिए अर्जी दी थी। बेंच को उस पर सुनवाई के बाद कोई फैसला करना था। बेंच ने मामले पर गौर करने के बाद वकीलों से पूछा कि वो मामले में स्थगन तो नहीं चाहते हैं। उस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दुष्यंत दवे पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी दलीलें सड़कछाप हैं। लोग ये बात उनके मुंह पर नहीं बोलते लेकिन पीठ पीछे ये बात कहते देखे जाते हैं। उसके बाद दवे भड़क गए। दुष्यंत दवे ने तुषार मेहता पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आपकी नियुक्ति राजनीतिक, आप वैसे ही बर्ताव कर रहे हैं। वो यहां तक बोले कि मेहता एसजी ऑफिस के लिए कलंक जैसे हैं। दोनों के बीच तल्खी बढ़ती देख बेंच को दखल देना पड़ा। जस्टिस गुप्ता ने कहा कि आप कोर्ट रूम का पारा मत चढ़ाइए। उनके दखल के बाद दोनों वकील शांत हो गए।

### शिक्षक भर्ती घोटाले का मास्टर माइंड टीएमसी विधायक

## ईडी ने कहा-मोबाइल में डीडी-आरके के नंबर संदिग्ध, 58 हजार भर्तियों में रिश्वत चली

कोलकाता, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। शिक्षक भर्ती घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य को गिरफ्तार करने के बाद जांच एजेंसी ईडी ने बड़ा दावा किया है। ईडी ने कहा- माणिक के बोर्ड अध्यक्ष रहते 58 हजार नियुक्तियां हुई, जिनमें पैसे लिए गए। जांच एजेंसी ने दावा किया कि माणिक के मोबाइल में डीडी और आरके नाम से दो नंबर मिले हैं, जिनकी फर्जीवाड़े में संलिप्तता है।

ईडी ने बैंकशाल कोर्ट में कहा- हमें इन दो नंबरों की जांच करनी है। शिक्षक भर्ती घोटाले के मास्टरमाइंड माणिक ही है। माणिक ने पार्थ समेत कई नेताओं के कहने पर फर्जी तरीके से लोगों को नौकरी दी। अभ्यर्थियों ने माणिक के परिवार में भी पैसे ट्रांसफर किए हैं, इसलिए जांच का दायरा धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है।

**2011 में बने थे प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष**

बंगाल में तृणमूल सरकार आने के बाद माणिक भट्टाचार्य को 2011 में प्राथमिक शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया था। जून 2022 में शिक्षक भर्ती घोटाला सामने आने के बाद उन्हें कलकत्ता हाईकोर्ट ने पद से हटाने का निर्देश दिया था। मामले की जांच हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी थी।

**ईडी की रडार पर कैसे आए माणिक भट्टाचार्य?**

साल 2014 में प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति के लिए पात्रता परीक्षा में 269 लोगों को फर्जी तरीके से नौकरी



का मामला हाईकोर्ट गया, जिसके बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए। सीबीआई ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया, जिसके बाद ईडी की एंट्री हुई। ईडी ने पहले पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ को अरेस्ट किया और फिर माणिक को पूछताछ के लिए बुलाया।

इधर, सीबीआई की जांच भी जारी रही। माणिक ने बीमारी की बात कहकर जांच में शामिल होने से इनकार कर दिया। इसके बाद सीबीआई कोर्ट से अरेस्ट वारंट जारी हो गया। माणिक वारंट के खिलाफ पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। 29 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने माणिक को अंतरिम राहत दी, जिसके बाद ईडी एक्टिव हो गई। 10 अक्टूबर को ईडी ने माणिक को पूछताछ के लिए बुलाया और 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया।

## अगर अध्यक्ष बना तो कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव कराऊंगा : थरूर



नयी दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि अगर वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रमुख बनते हैं तो पार्टी के मौजूदा संविधान को पूरी तरह से लागू करेंगे और संसदीय बोर्ड का भी गठन करेंगे जो कई वर्षों से नहीं बना है। थरूर ने यह भी कहा कि कांग्रेस को अपनी शक्तियों का विकेंद्रीकरण करना चाहिए और जमीनी स्तर के पदाधिकारियों को सही मायनों में सशक्त बनाना चाहिए। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने कहा कि कुछ महीने पहले हुए चिंतन शिविर में जिस ''उदयपुर नवसंकल्प' पर सहमति बनी थी उसे वह पूरी तरह से लागू करेंगे। यह पूछे जाने पर कि अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के लिए उनकी क्या योजनाएं हैं, 66 वर्षीय थरूर ने कहा,मैं सोचता हूं कि पहला कदम यह होगा कि कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव कराया जाए ताकि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र का प्रसार हो सके। उनका कहना था, मैं कांग्रेस के संविधान को पूरी तरह से लागू करूंगा। पार्टी के ''जी 23' समूह के नेताओं की यह प्रमुख मांग रही है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के अलावा कार्य समिति का भी चुनाव कराया जाए।

# नीरव मोदी को भारत में जान का खतरा

## लंदन हाईकोर्ट से गुहार-वहां मारा जाऊंगा या आत्महत्या कर लूंगा

लंदन, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। पीएनबी घोटाले में वांटेड हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत आने में डर लग रहा है। लंदन की एक जेल में कैद नीरव ने साइकाएट्रिस्ट को बताया कि भारत प्रत्यर्पित किए जाने पर वह या तो मारा जाएगा या आत्महत्या कर लेगा। उसने बताया कि आखिरकार मुझे जेल में ही मरना है।

नीरव मोदी पर मेहुल चौकसी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से 14,500 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। फरवरी में ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने मोदी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। इस फैसले के खिलाफ उसने लंदन हाईकोर्ट में अपील की है। भारत लाए जाने के बाद उसे मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा।

**मुंबई की ऑर्थर रोड जेल में सुसाइड का खतरा**

नीरव के साइकाएट्रिस्ट प्रोफेसर एंड्र्यू फॉरेस्टर ने हाईकोर्ट को



बताया कि आर्थर रोड जेल प्रशासन का कहना है कि उसने बैरक 12 से सभी नुकीली चीजें हटा ली हैं। लेकिन वहां दरवाजे के हैंडल और नल से लटककर कैदियों के जान देने के मामले भी देखे गए हैं। नीरव के साइकाइट्रिस्ट ने अदालत को बताया कि वह केवल 'काटने और फांसी' के बारे में सोचता है। उसका मानना है प्रत्यर्पित किए जाने के बाद वह जेल में ही मरेगा। उसकी बीमारी इतनी गंभीर है कि उसे दो बार अस्पताल भेजा जा चुका है। आत्महत्या को लेकर जेल में उसको 4 बार मॉनिटर करना पड़ा है। वह घोर निराशा में है।

**नीरव की मां ने भी सुसाइड किया था**

फॉरेस्टर ने अदालत को बताया कि नीरव मॉडरेट डिप्रेशन का शिकार है। ऐसा परिवार से दूरी की वजह से हुआ है। फॉरेस्टर ने यह भी बताया कि नीरव की मां ने भी सुसाइड किया था। उन्होंने जेल के हालात को लेकर भारत सरकार के आश्वासन की आलोचना करते हुए कहा कि वहां व्यक्तिगत देखभाल के लिए कोई प्लान ही नहीं है। साथ ही भारतीय जेलों में आत्महत्या रोकने के लिए कोई प्रोटोकॉल नहीं है।

**भारत में वकील से रोज मिलने की होगी छूट**

भारत सरकार की ओर से वकील हेलन मैल्कम केसी ने अदालत से कहा कि नीरव अपने पर्सनल साइकाएट्रिस्ट से राय ले सकेंगे। उसके साथ सेल में एक और कैदी रहेगा। नीरव अपने वकील से रोज मिल सकता है। वहीं, हफ्ते में एक बार अपने परिवार से मिल सकेगा।

## एनसीबी ने इस साल 11 हजार किलोग्राम से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त किए

मुंबई, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई यूनिट ने इस साल जनवरी से लेकर अब तक देश के अलग-अलग हिस्सों से 11,300 किलोग्राम नशीले पदार्थों को जब्त किया है।

वहीं इन मामलों में 58 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एनसीबी ने बताया कि इस साल एक जनवरी से अक्तूबर के पहले सप्ताह तक कुल 46 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात और गोवा समेत कई राज्यों के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए नशीले पदार्थों में बड़ी मात्रा में कोकीन, मेफ्रेडोन, गांजा, हेरोइन और एलएसडी शामिल हैं। एनसीबी ने ये भी जानकारी दी कि पिछले नौ महीने में 11,300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया है। वहीं यूनिट ने पिछले वर्ष 1,780 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया था। ये इस साल ड्रग्स के खिलाफ मिली एक बड़ी कामयाबी है।




## दक्षिण में फिर हिंदी का विरोध

### स्टालिन ने चेताया-हिंदी अनिवार्य हुई तो गैर हिंदी लोग दोयम हो जाएंगे

चेन्नई, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक बार फिर हिंदी को लेकर दक्षिण के दो राज्यों का विरोध सामने आया है। केरल के सीएम पिनराई विजयन ने पीएम मोदी को एक लेटर लिखा है। इसमें कहा गया है कि केरल राजभाषा को लेकर बनी संसदीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करेगा। उधर, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा है कि हिंदी थोपकर केंद्र सरकार को एक और भाषा युद्ध की शुरुआत नहीं करनी चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा है कि हिंदी को अनिवार्य बनाने के प्रयास छोड़ दिए जाएं और देश की अखंडता को कायम रखा जाए। दोनों नेताओं ने यह बातें राजभाषा पर संसदीय समिति के अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हाल में सौंपी गई एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया में कहीं।

स्टालिन ने कहा कि ऐसा होने से देश की बड़ी गैर-हिंदी भाषी आबादी अपने ही देश में दोयम दर्जे की रह जाएगी। उन्होंने कहा, हिंदी को थोपना भारत की अखंडता के खिलाफ है। हमें सभी भाषाओं को केंद्र की आधिकारिक भाषा बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, अंग्रेजी को हटाकर केंद्र की परीक्षाओं में हिंदी को प्राथमिकता देने का प्रस्ताव क्यों रखा गया? ये संविधान के मूल सिद्धांत के खिलाफ है। ऐसा करके दूसरी भाषाओं के साथ भेदभाव करने का प्रयास किया जा रहा है।

1965 से ही डीएमके हिंदी को थोपने के खिलाफ संघर्ष कर रही है। हिंदी की तुलना में दूसरी भाषा बोलने वाले लोग देश में ज्यादा हैं। भाजपा सरकार अतीत में हुए हिंदी विरोधी आंदोलनों से सबक ले। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में आईआईटी, आईआईएम, एम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों में अंग्रेजी की जगह हिंदी को माध्यम बनाने की सिफारिश की है। >14

## संजय राउत की जेल से मां को चिट्ठी



### कहा-शिवाजी दूसरे घरों में ही क्यों पैदा हो, गुलामी से बेहतर जेल की जिंदगी

मुंबई, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। पात्रा चॉल स्कैम में जेल बंद शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने 4 पन्नों की चिट्ठी अपनी मां को लिखी है। चिट्ठी में ईडी की रेड से लेकर सरकार गिराने तक का जिक्र किया गया है। राउत की यह चिट्ठी ऐसे वक्त में आई है, जब शिवसेना का पुराना सिंबल तीर-कमान फ्रीज कर दिया गया है।

राउत ने लिखा है-वीर शिवाजी दूसरों के घर में ही क्यों जन्म ले। शिवसेना को बचाने के लिए मुझे लड़ना ही होगा। मैं गुलामी की जिंदगी नहीं जी सकता था, इसलिए जेल की जिंदगी स्वीकार किया।

प्रिय मां, जय महाराष्ट्र ! अभी-अभी ईडी की रिमांड खत्म हुई, बाहर बैठकर पत्र लिख रहा हूं। ईडी के अधिकारी जब रेड के दौरान घर में घुसे, तब तुम बालासाहेब की तस्वीर के नीचे मजबूती से बैठी रही। मसाले, नमक और आटे समेत किचन के हर डिब्बे की अधिकारियों ने तलाशी ली, तब भी तुम कुछ नहीं बोली और चुप रही। उस शाम को जब मुझे गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा था, तब तुमने मुझे गले लगाया और जल्दी आना कह कर खिड़की से बाय बोली। ठीक उसी तरह जैसे मैं सामना का दफ्तर जा रहा हूं। मगर, इस बार मैं जल्दी नहीं आ पाया।

ये एक बड़ी लड़ाई है। लड़ाई ऐसी ही होती है, सैनिक भी सीमा पर डटे हैं। कुछ तो वापस भी नही आते। महाराष्ट्र और देश की आत्मा को कोई ऐसे कैसे मार सकता है? वीर शिवाजी दूसरों के घर में ही क्यूं जन्म ले। शिवसेना को बचाने के लिए मुझे लड़ना ही होगा। मै भी महाराष्ट्र के और शिवसेना के दुश्मनों के आगे झुकूंगा नही, जल्दी ही वापस आऊंगा। पूरे देश और महाराष्ट्र के लोगों को पता है मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। झूठे बयान दर्ज करवाए गए हैं। >14

# 54 साल पहले भी शिवसेना की पहचान थी 'ढाल-तलवार'

## 3 दशक पुरानी है उद्धव ठाकरे की 'मशाल'



मुंबई, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की को 'ढाल और दो तलवार मिली', उद्धव ठाकरे के खाते में 'मशाल' आई। इसके साथ ही दोनों गुटों के बीच जारी पहचान की जंग पर विराम लग गया है। इसके अलावा दोनों गुटों को नया नाम भी मिला है। एक ओर जहां उद्धव की पार्टी 'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)' हुई। वहीं, शिंदे की पार्टी 'बालासाहेबांची शिवसेना' के नाम से जानी जाएगी। खास बात है कि दोनों गुटों को मिले चिह्न भी खास हैं। दरअसल, इतिहास बताता है कि दोनों चिह्न शिवसेना की राजनीतिक यात्रा में शामिल रहे हैं।

**एक ढाल, दो तलवार**

बात साल 1968 की है, तब शिवसेना करीब 2 साल की ही थी और बृहन्‍ मुंबई महानगरपालिका चुनाव में दांव आजमाने की तैयारी कर रही थी। तब पार्टी ने ढाल और दो तलवार के चिह्न पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, पार्टी का नाम जन्म यानी जून 1966 में ही तय हो गया था। इसका श्रेय पार्टी संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे के पिता और समाज सुधारकर प्रबोधंकर केशव सीताराम ठाकरे को जाता है

**मशाल**

1990 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में छगन भुजवल के रूप में शिवसेना का एक ही विधायक चुना गया था। उस दौरान उन्होंने मझगांव क्षेत्र से मशाल के चिह्न पर ही चुनावी जीत हासिल की थी। इसे पहले साल 1984-85 लोकसभा चुनाव के दौरान शिवसेना ने भाजपा के कमल चिह्न पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, चुनाव के बाद शिवसेना और भाजपा के रिश्तों में खटास आ गई थी और बाल ठाकरे ने भाजपा पर निशाना साधना शुरू कर दिया था। शिवसेना संस्थापक ने मशाल और कमल को लेकर बनाए एक कार्टून में भी भाजपा पर तंज कसा था।

**पहले भी अलग-अलग चुनाव चिह्न देख चुकी है पार्टी**

साल 1966 से अस्तित्व में आई शिवसेना ने जब 1968 में मुंबई नगर निगम का चुनाव लड़ा, तो पार्टी का चिह्न ढाल और तलवार था। वहीं, 1980 के समय में पार्टी का रेल इंजन चिह्न चर्चा में रहा। साल 1978 का चुनाव पार्टी ने रेल इंजन के निशान पर ही लड़ा था। खबर है कि साल 1985 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना उम्मीदवार टॉर्च, बैट-बॉल जैसे चिह्न लेकर मैदान में उतरे थे।

## मुस्लिम पर्सनल लॉ में 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की शादी की पर कोर्ट में मांगा जवाब

नैनीताल, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुस्लिम लॉ में 18 वर्ष से कम उम्र की किशोरियों को शादी की अनुमति देने को गैर कानूनी घोषित किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार को अंतिम अवसर देते हुए 16 नवंबर तक इस मामले में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ में हुई। यूथ बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।

## गोवा में मिग 29के लड़ाकू विमान क्रैश, बाल-बाल बचा पायलट



नई दिल्ली, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। गोवा में एक मिग 29के लड़ाकू विमान क्रैश हुआ है। गोवा तट पर नियमित उड़ान के दौरान यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पायलट बाहर निकलने में कामयाब हो गया, जिससे उसकी जान बच गई। भारतीय नौसेना ने इस मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस वक्त हुआ जब तकनीकी खराबी आने के बाद विमान वापस बेस लौट रहा था। बता दें, रूस की मिकोयांग कंपनी द्वारा निर्मित मिग-29 विमान भारतीय सेना में अहम भूमिका निभाता रहा है। वायुसेना में इसकी संख्या 70 के करीब है। वायुसेना के साथ-साथ भारतीय नौसेना भी इस विमान का इस्तेमाल करती है।

**29 जुलाई को मिग-21 हुआ था क्रैश**

इससे पहले राजस्थान के बाड़मेर में इसी साल 29 जुलाई को प्रशिक्षण उड़ान के दौरान भारतीय वायुसेना का मिग-21 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार दोनों पायलट शहीद हो गए थे। इनकी पहचान हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के संधोल के विंग कमांडर मोहित राणा (39) और जम्मू के फ्लाइट लेफ्टिनेंट अद्विितिया बल (26) के रूप में हुई थी।

## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खडगे भोपाल पहुंचे



भोपाल, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे समर्थन मांगने भोपाल पहुंचे। अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को चुनाव है। खड़गे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और निर्वाचित प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधियों से मिलकर चर्चा करेंगे। इसके बाद वह मीडिया से भी बातचीत करेंगे। दोपहर 3 बजे खड़गे दिल्ली वापस लौट जाएंगे। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के दूसरे दावेदार शशि थरूर के 14 अक्टूबर को भोपाल आ रहे है। प्रदेश कांग्रेस में 502 प्रतिनिधि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें 15 मनोनीत सदस्य और 487 प्रतिनिधि है। जिसमें कांग्रेस के 95 विधायक भी शामिल हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मतदान होगा। कांग्रेस के बड़वाह से विधायक सचिन बिरला चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे। उन्होंने अपनी उपेक्षा का आरोप लगा कर भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया था। इसके बाद से कांग्रेस उनकी सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा में आवेदन कर चुकी है।

# उद्धव ठाकरे के साथ क्यों की बगावत?

## एकनाथ शिंदे ने नाना पाटेकर को बताया शिवसेना पर फिर ठोका दावा



मुंबई, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान अभिनेता नाना पाटेकर को बताया कि आखिर उन्होंने क्यों शिवसेना को तोड़ दिया। नाना के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में शिंदे ने कहा, "कुछ चीजों की सहनशीलता की सीमा होती है, लेकिन जब पानी सिर के ऊपर से चला जाता है तो निर्णय लेना पड़ता है। हमने जो किया है उसकी वजह से हम खुश नहीं हैं।" आपको बता दें कि शिंदे 'लोकमत' द्वारा आयोजित 'महाराष्ट्र महामूलाखत' में नाना पाटेकर के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान शिंदे ने भावनात्मक और राजनीतिक कारणों के बारे में विस्तार से बताया कि आखिर उन्होंने शिवसेना से बगावत क्यों की। एकनाथ शिंदे ने कहा, जिस पार्टी में हमने इतने साल काम किया, हमने कड़ी मेहनत की, खून-पसीना बहाया, अथक परिश्रम किया, उसने हमारे अनुरोध पर कभी ध्यान नहीं दिया। इस बात की कोई गारंटी नहीं थी कि हम काम के बाद घर पहुंचेंगे। फिर भी हमने हर संभव कोशिश की। जब कुछ गलत हुआ तो हमें निर्णय लेना पड़ा। हमनें निर्णय इसलिए लिया क्योंकि पार्टी अपनी पहचान खो रही थी। हमने पार्टी को बचाने के लिए निर्णय लिया। मुझे लगता है कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है।" एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमने पांच बार अनुरोध किया था। एक अवसर था, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ।

मैं बालासाहेब और आनंद दिघे का कार्यकर्ता हूं, इसलिए मैंने यह बड़ा कदम उठाया। एकनाथ शिंदे ने धनुष-बाण चुनाव चिन्ह मिलने के पीछे का गणित समझाया। उन्होंने कहा, हमें चुनाव चिन्ह के बारे में किसी को बताने की जरूरत नहीं है। हम इसे योग्यता के आधार पर प्राप्त करेंगे। चुनाव आयोग अंधेरी के उपचुनाव के कारण निर्णय नहीं ले सका। लेकिन हमें भविष्य में धनुष-बाण मिलेगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि 55 में से 40 विधायक हमारे साथ हैं। उनके वोटों की गिनती 39 लाख है। साथ ही 18 में से 12 सांसद हमारे साथ हैं और उनकी वोट गिनती 69 लाख है। इसका मतलब है कि हमारे पास शिवसेना को मिले कुल वोटों का 70 प्रतिशत से अधिक है।"

## जबसे साजिद खान को 'बिग बॉस' से बाहर करने के लिए खत लिखा

### मिल रही है रेप की धमकी : स्वाति मालीवाल का ट्वीट



नई दिल्ली, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को इंस्टाग्राम पर रेप की धमकी मिली है। मालीवाल को दो अलग-अलग इंस्टाग्राम अकाउंट्स के जरिए धमकी दी गई है। दोनों यूजर्स ने उनके खिलाफ अश्लील शब्दों को इस्तेमाल किया और रेप की धमकी दी। इसके बाद स्वाति मालीवाल ने मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस से की है और मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। ढस्वाति मालीवाल ने इसके बारे में खुद ट्वीट करके जानकारी दी है। उन्होंने दोनों धमकी भरे मैसेज का स्क्रीन शॉट ट्वीट कर लिखा, "जब से साजिद खान को बिग बॉस से बाहर करने के लिए मंत्री को चिट्ठी लिखी है, तबसे मुझे इंस्टाग्राम पर रेप की धमकी दी जा रही है। ज़ाहिर है ये हमारा काम रोकना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस को शिकायत दे रही हूं। एफआईआर दर्ज करें और जाँच करें। जो लोग भी इनके पीछे हैं उनको अरेस्ट करें! बता दें कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को एक दिन पहले ही पत्र लिखकर फिल्म निर्माता और निर्देशक साजिद खान को रियलिटी शो 'बिग बॉस' से हटाने की मांग की थी।

# हिंदी की स्वीकार्यता पर केरल की 'न'

## पीएम मोदी को सीएम विजयन ने लिखा पत्र



तिरुवनंतपुरम, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। केंद्रीय सेवाओं के लिए होने वाली परीक्षाओं में हिंदी भाषा को माध्यम बनाने व आईआईटी-आईआईएम जैसे शैक्षणिक संस्थानों में इसे अनिवार्य भाषा की स्वीकार्यता के प्रयासों को झटका लगा है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इस मामले में पीएम मोदी को पत्र लिखकर संसदीय समिति की सिफारिश को स्वीकार न करने की मांग की है। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर हिंदी को लेकर केरल के रुख के बारे में सूचित किया है। पीएम मोदी को लिखे गए पत्र में विजयन ने कहा है कि भारत का सार 'विविधता में एकता' की अवधारणा से परिभाषित होता है, जो सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को स्वीकार करता है। उन्होंने कहा, किसी एक भाषा को दूसरों से ऊपर बढ़ावा देना भारत की अखंडता को नष्ट कर देगा। उन्होंने इस तरह के प्रयासों को वापस लेने की मांग की।

**सीपीआई सांसद ने भी पीएम को लिखा पत्र**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) केरल से राज्यसभा सांसद बिनॉय विश्वम ने हिंदी को लेकर संसदीय समिति की रिपोर्ट पर अपना विरोध जताया है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि समिति की सिफारिश 'आइडिया ऑफ इंडिया' की अपूरणीय क्षति होगी। रिपोर्ट का केंद्रीय सिद्धांत 'हिंदी फॉर हिंदुस्तान' है, जो भारत की विविधता को सिरे से खारिज करता है। उन्होंने कहा, शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी की अनिवार्यता से गैर हिंदी राज्यों के छात्रों पर असर पड़ेगा।

## कर्ज नहीं चुकाने पर मालिक ने 16 मजदूरों को बनाया बंदी, मारपीट में गर्भवती पीड़िता ने खोया बच्चा

बेंगलुरु, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। कर्नाटक में मजदूरों को बंदी बनाकर रखने और उनके साथ मारपीट करने का एक अनोखा मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक, यहां के चिक्कमगलुरु में एक कॉफी बागान के मालिक ने दलित समुदाय के मजदूरी करने वाले 16 लोगों को काफी दिनों से बंदी बनाकर रखा हुआ था। इतना ही नहीं बागान मालिक और उसका बेटा बंदी बनाए गए लोगों के साथ मारपीट भी करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम जगदीश गौड़ा है और वह भाजपा का समर्थक बताया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कॉफी एस्टेट के मालिक जगदीश गौड़ा और उनके बेटे तिलक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिन्होंने कथित तौर पर 14 महिला दलित मजदूरों को हुनसेहल्ली गांव में एक वित्तीय मुद्दे पर घर में नजरबंद रखा था। गौड़ा ने गर्भवती महिला से मारपीट भी की। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि जगदीश गौड़ा और उसके बेटे ने उन्हें बुरी तरह प्रताड़ित किया।

बंदी बनाए गए लोगों में एक गर्भवती महिला भी शामिल थी। आरोप है कि बागान मालिक द्वारा मारपीट के दौरान गर्भवती महिला ने अपना बच्चा खो दिया। फिलहाल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## ओडिशा के जंगलों में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली, 20 फरार



'भुवनेश्वर, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। ओडिशा के कंधमाल जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी है। दक्षिणी रेंज के महानिरीक्षक सत्यब्रत भोई ने बताया कि सोमवार रात भुवनेश्वर से करीब 265 किलोमीटर दूर सिंधी जंगल में ओडिशा विशेष अभियान समूह और जिला स्वैच्छिक बल द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान महिला नक्सली मारी गई। भोई के मुताबिक, सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच कई घंटों तक मुठभेड़ चली और 20 नक्सली कथित तौर पर भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि अगले दिन इलाके में चलाए गए तलाश अभियान के दौरान एक महिला नक्सली का शव और एक पिस्तौल बरामद हुई। भोई के अनुसार, यह महिला ओडिशा में इस साल सुरक्षाबलों के हाथों मारी गई पहली नक्सली है। उन्होंने बताया कि मारी गई महिला नक्सली के बारे में माना जा रहा है कि वह कंधमाल-कालाहांडी-बौध-नयागढ़ (केकेबीएन) संभाग के प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (सीपीआईएम) सदस्यों के शिविर में रह रही थी। कंधमाल के पुलिस अधीक्षक पी विनीत अग्रवाल ने कहा कि इलाके में गश्त एवं तलाश अभियान तेज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से देश में निर्मित एक पिस्तौल और अन्य सामग्री बरामद हुई है।

## आप ने हिसार के पूर्व जिला पार्षद को निकाला

### रामप्रसाद गढ़वाल पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में भाग लेने का आरोप; जजपा छोड़कर आए थे

हिसार, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने हिसार में पार्टी विरोधी गतिविधियां करने के आरोप में पूर्व जिला पार्षद रामप्रसाद गढ़वाल को पार्टी से बाहर कर दिया। बुधवार को पार्टी के हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता और नेशनल एडवाइजर अनुराग ढांडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आप ने आदमपुर उपचुनाव में सर्वे करवा कर टिकट दी है। कई साथी टिकट की दौड़ में थे। सर्वे में सतेंद्र कुमार का नाम टॉप पर आया। सुशील गुप्ता ने कहा कि राम प्रसाद गढ़वाल थोड़े दिन पहले जजपा छोड़कर आप में आया था। वह टिकट चाहते थे, परंतु टिकट न मिलने पर वे पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गए। इसलिए उन्हें आज से पार्टी से निष्कासित किया गया। एक दो दिन में भाजपा के कुछ बड़े नेता भी पार्टी से जुड़ने वाले हैं। आदमपुर के हर गांव में कार्यकर्ता पहुंचा है। भव्य अमेरिका से आए हैं और चुनाव दादा और पिता के नाम पर लड़ना चाहते हैं।

सुशील गुप्ता ने कहा कि कुलदीप से मिलने के लिए दिल्ली जाना पड़ता था, अब इन्हें मिलने के लिए विदेश जाना पड़ेगा। पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं है। हमारी पार्टी में पैसे, सिफारिश नहीं चलती।

# प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट के खिलाफ दायर याचिकाओं पर एससी का केंद्र को नोटिस, 2 वीक में मांगा जवाब



नई दिल्ली, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 यानी उपासना स्थल अधिनियम के खिलाफ दायर की गईं याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज बुधवार को सुनवाई हुई। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। बता दें कि इससे पहले की सुनवाई में सीजेआई ने केंद्र सरकार से सवाल किया था कि आपको नोटिस बहुत पहले जारी किया जा चुका है, आप जवाब दाखिल करना चाहते हैं या नहीं? अब सुप्रीम कोर्ट 14 नवंबर को इस मामले की सुनवाई करेगा। दरअसल, मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस यूयू ललित ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि केंद्र सरकार का पक्ष क्या है। पीठ ने एसजी तुषार मेहता से पूछा आप कब तक जवाब दाखिल करेंगे। इस पर एसजी मेहता ने कहा कि दो सप्ताह में जवाब दाखिल कर देंगे। बता दें कि पूजा स्थल अधिनियम (प्लेसेज ऑफ वरशिप एक्ट) को संसद से 18 सितंबर, 1991 को पारित किया गया था। इस एक्ट के तहत सिर्फ राम मंदिर विवाद मामले को अलग रखा गया था। काशी, मथुरा विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष इसी एक्ट की दलील देकर विरोध जता रहा है। इस एक्ट को रद्द करने की मांग को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट इस एक्ट की वैधानिकता का परीक्षण कर रहा है।

**पिछले साल जारी हुआ था नोटिस**

बता दें कि मार्च 2021 में कोर्ट ने वकील अश्वनी कुमार और विष्णु जैन की दो याचिकाओं पर नोटिस जारी किया था। हालांकि केंद्र सरकार की तरफ से अभी तक कोई जवाब दायर नहीं किया गया है। मथुरा निवासी देवकीनंदन ठाकुर द्वारा दायर याचिका में 1991 के अधिनियम की धारा 2, 3, 4 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में दावा किया गया है कि यह हिंदुओं, जैनों, बौद्धों और सिखों के उनके उपासना स्थलों और तीर्थयात्रा एवं उस संपत्ति को वापस लेने के न्यायिक उपचार का अधिकार छीनती है जो देवता की है।

**जानें क्या है यह कानून**

दरअसल, प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट यानी उपासना स्थल कानून ऐसा कानून है, जो 15 अगस्त 1947 को मौजूद किसी भी उपासना स्थल के स्वरूप को बदलने पर पाबंदी लगाता है। बता दें कि वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद के ऐतिहासिक स्थलों पर हिंदू पक्षों द्वारा स्वामित्व और पूजा करने के अधिकार के लिए नए मुकदमों ने 1991 के एक कानून को सुर्खियों में ला दिया था।

## बिंदापुर में कारोबारी की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। द्वारका जिले के बिंदापुर इलाके में कारोबारी की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस के एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, इनमें दो हमलावर भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के कन्नौज से इन सभी को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि रविवार देर रात हमलावरों ने कपड़ा व्यापारी मोहित अरोड़ा (32) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मोहित अपने परिवार के साथ उत्तम नगर के मानसकुंज में रहते थे। इनके परिवार में बड़े भाई रोहित अरोड़ा व अन्य सदस्य हैं।

# मध्य प्रदेश: कूरियर से हो रही नशे की तस्करी

## दिल्ली से बुक की गई 10 लाख की नशीली कफ सिरप जब्त

भोपाल, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रीवा में तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने वहां कूरियर कंपनी के जरिए तस्करी करके लाई गई 10 लाख रुपए कीमत की 40 पेटी नशीली कफ सिरप जब्त की है। इसके साथ ही एक मोस्ट वांटेड अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है। इस सिरप को एक मेडिकल स्टोर संचालक ने कूरियर के जरिए दिल्ली से बुक कराया था। पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि इसे कहां-कहां और किस तरह से सप्लाई किया जाना था। पुलिस के अनुसार कूरियर से नशे की तस्करी की सूचना मिलने पर कृष्णाकुंज स्थित ट्रांसपोर्ट पर



दबिश दी गई। ट्रांसपोर्ट का ताला खुलते ही कृष्णा मेडिकल के नाम से बुक कूरियर की जांच की गई। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में एक-एक कर दिल्ली से बुक किए गए लगेज की तलाश ली गई। पुलिस ने जब कार्टन खुलवाए तो सबके होश उड़ गए। इन कार्टनों मे भारी मात्रा में कफ सिरप पाई गई। बाद में जब उनकी गिनती की गई तो कुल 41 पेटी में करीब 4800 नग कफ सिरप मिली। इस पर पुलिस ने उसे जब्त कर लिया गया।

**नशे के खिलाफ हेल्प लाइन नंबर जारी किया हुआ है**

रीवा एसपी नवनीत भसीन ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ हेल्पलाइन नंबर जारी किया हुआ है। इसी कड़ी में एक मुखबिर ने कोरेक्स तस्करी की नई प्रकार की सूचना दी। उसने बताया कि रावेन्द्र कुमार यादव गोविंदगढ़ ने कोरियर से नशीली कफ सिरप मंगाया है। उसका यह माल रीवा के एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में उतर रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सीरप को जब्त कर लिया है।

**शिवराज सरकार ने छेड़ रखा है अभियान**

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में ड्रग्स की तस्करी बड़ी पैमाने पर होती है। पुलिस समय-समय पर इनके खिलाफ कार्रवाई भी करती है। लेकिन ड्रग्स तस्कर इसके आदान-प्रदान के नए-नए तरीके ढूंढ लेते हैं। प्रदेश के युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी की लत पर लगाम लगाने के लिए शिवराज सरकार ने अभियान भी छेड़ रखा है। शिवराज सरकार की इस पहल की पूर्व सीएम उमा भारती ने भी तारीफ करते हुए ट्वीट कर कहा कि मेरे बड़े भाई शिवराज सिंह ने नशा मुक्ति अभियान का प्रारंभ कर ही दिया। जिस तरह से हुक्का बार, लाउंज और नशे के अवैध व्यापार को ध्वस्त करने के लिए अधिकारियों को कड़े कदम उठाने का आदेश दिया है वह स्वागत योग्य है।

## जींद में युवती के खाते से उड़ाए 2 लाख रुपए

जींद, 12 अक्टूवर (एजेंसियां)। हरियाणा के जींद के सफीदों में साइबर ठगों ने एक युवती के नाम से 3 क्रेडिट कार्ड बनवा कर उससे 2 लाख 3 हजार रुपए भी निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सफीदों स्थित वार्ड नंबर 13 की आनंद कालोनी निवासी मुक्ता जैन ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका आईसीआईसीआई बैंक में खाता है। उसके खाते पर उसने क्रेडिट कार्ड लिया हुआ है जोकि उसके पास है। जिसकी क्रेडिट लिमिट 3 लाख 50 हजार रुपए है। 13 सितंबर को उसके मोबाइल पर मैसेज आया। जिसमें दिखाया गया था कि उसके खाते से 2 लाख 3 हजार 500 रुपए निकाले गए हैं। इसके बाद वह 16 सितंबर को वह बैंक पहुंची और उसने वहां पूछताछ की तो पता चला कि उसके नाम से 3 क्रेडिट कार्ड इश्यू किए गए हैं। जिस पर उसने तुरंत प्रभाव से बैंक प्रबंधन की मदद से तीनों कार्डों को ब्लॉक करवाया। साइबर थाना पुलिस ने मुक्ता जैन की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी व धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

गुरुवार, 13 अक्टूबर, 2022 3

सुविचार: मान सम्मान तभी हैं, जब तक किसी के सामने मदद के लिए हाथ न फैलाया जाए।

## विभिन्न मांगों लेकर एससीआरएमयू ने की भूख हड़ताल




हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय रेलवे मजदूर संघ (एआईआरएफ) द्वारा दिए गए आह्वान के अनुसार, इसकी सहयोगी दक्षिण मध्य रेलवे मजदूर संघ (एससीआरएमयू) द्वारा आज एक दिवसीय विशाल भूख हड़ताल दमरे के मुख्यालय रेल निलयम, सिकंदराबाद के पास आयोजित की गई। रेल निलयम के साथ ही सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयों के सामने, रेलवे कार्यशालाओं, रायनपाडु और तिरुपति में, नई पेंशन योजना को खत्म करने और पुरानी पेंशन योजना की बहाली, निजीकरण को रोकने की मांग, मुद्रीकरण, सभी रिक्तियों को भरने और पदों के सृजन पर प्रतिबंध तत्काल संवर्ग पुनर्गठन, पर्यवेक्षकों की श्रेणी के लिए 4800 रुपये और 5400 रुपये के ग्रेड वेतन का आवंटन, सभी सुरक्षा श्रेणियों को जोखिम भत्ता देना और वृद्धि ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) द्वारा मांग के अनुसार जोखिम भत्ते की राशि को लेकर भूख हड़ताल की गई। रेल निलयम में रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए एस.सी.आर.एम.यू. के अध्यक्ष श्के. श्रीनिवास और उपाध्यक्ष/एआईआरएफ ने भारत सरकार और विशेष रूप से रेल मंत्रालय के रेलकर्मियों और अन्य श्रमिक वर्ग के प्रति उदासीन रवैये की तीखी आलोचना की। उन्होंने मांग की कि रेल मंत्रालय द्वारा सभी श्रेणियों के रेलकर्मियों की शिकायतों के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं. इस अवसर पर बोलते हुए सीसीआरएमयू और कोषाध्यक्ष/एआईआरएफ, सी. शंकर राव ने कहा कि, भले ही कई साल बीत चुके हों, लेकिन भारत सरकार और रेल मंत्रालय की ओर से इस योजना को रद्द करने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. इसके अलावा, उन्होंने कहा, कि, केंद्र की सरकार रेलवे में मुख्य गतिविधियों का भी निजीकरण करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसे सभी रेलकर्मियों द्वारा विफल किया जाना चाहिए। उन्होंने रेलवे की संपत्ति के मुद्रीकरण के मामले में रेल मंत्रालय के रवैये की तीखी आलोचना की।

उन्होंने मांग की कि सभी रिक्तियों को भरने और पदों के सृजन पर लगी रोक को वापस लेने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा तत्काल कदम उठाए जाएं. नई ट्रेनों/नई संपत्तियों को चलाने के लिए, रेल मंत्रालय की ओर से नई ट्रेनों/परिसंपत्तियों को चलाने के लिए पर्याप्त संख्या में पद सृजित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कैडर के पुनर्गठन और पर्यवेक्षकों की श्रेणी को 4800 रुपये और 5400 रुपये के ग्रेड वेतन के आवंटन की मांग की। उन्होंने ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) की मांग के अनुसार सभी सुरक्षा श्रेणियों को जोखिम भत्ता देने और जोखिम भत्ता बढ़ाने की भी मांग की है। उन्होंने रेलवे में ट्रेड यूनियन आंदोलन को कमजोर करने के लिए भारत सरकार द्वारा लिए जा रहे मजदूर विरोधी फैसलों पर भी नाखुशी जाहिर की। उन्होंने रेलकर्मियों से एकजुट होकर केंद्र सरकार के अधीन रेलवे की इकाई के संरक्षण के लिए संघर्ष करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सिकंदराबाद, ईडीबी, हैदराबाद और कार्यशाला प्रभागों के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों और मंडल पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

## बंडी ने महिला वीआरए को आधी रात तक हिरासत में रखने की निंदा की



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज मध्यरात्रि तक महिला वीआरए (ग्राम राजस्व सहायकों) को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की निंदा की। उन्होंने सीएम से पूछा कि क्या महिला वीआरए को शहर के इंदिरा पार्क में बटुकम्मा खेलने का कोई अधिकार नहीं है।

एक बयान में, बंडी ने सीएम से पूछा कि क्या राज्य सरकार से राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे को पूरा करने की मांग के लिए वीआरए को गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्पष्ट किया कि वीआरए की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए और चेतावनी दी कि वे राज्य भर में वीआरए के आंदोलन को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि केसीआर सरकार वीआरए के 79 दिनों के लंबे आंदोलन का जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान 50 वीआरए की मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है।

## मंत्री से मिले नामपल्ली एग्जिबिशन सोसाइटी के प्रतिनिधि

### करीमनगर में अगले साल नुमाइश के आयोजन की इच्छा जताई



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अगले साल करीमनगर कस्बे में नुमाइश आयोजित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नामपल्ली एग्जिबिशन सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने बुधवार को यहां मिनिस्टर्स क्वार्टर में नागरिक आपूर्ति मंत्री गंगुला कमलाकर और राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष बोइनपल्ली विनोद कुमार से मुलाकात की और 2023 में नुमाइश आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। यहां पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व सांसद बोइनपल्ली विनोद कुमार ने कहा कि मंत्री गंगुला कमलाकर ने पहले नामपल्ली प्रदर्शनी सोसायटी के सदस्यों से करीमनगर में नुमाइश का आयोजन करने का अनुरोध किया था, क्योंकि शहर पिछले कुछ वर्षों से सभी मोर्चों पर तेजी से विकास कर रहा है।

एग्जिबिशन सोसाइटी के सदस्य भी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि व्यापार की अपार संभावनाएं हैं और उन्होंने करीमनगर में नुमाइश आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की है। नुमाइश हैदराबाद में सबसे बड़ी उपभोक्ता प्रदर्शनी है। एक वार्षिक कार्यक्रम जो आमतौर पर नए साल की शुरुआत के साथ शुरू होता है, दुनिया में एकमात्र ऐसा कार्यक्रम है जो एक महीने से अधिक यानी 46 दिनों के लिए आयोजित किया जाता है। विनोद कुमार ने कहा कि नामपल्ली प्रदर्शनी के पूरा होने के बाद, राज्य सरकार की मदद से, 2023 में करीमनगर में नुमाइश का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी सोसायटी के इतिहास में यह पहली बार होगा जब नुमाइश को हैदराबाद के बाहर आयोजित करने की योजना बनाई जाएगी। इस अवसर पर नामपल्ली एग्जिबिशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष अश्विन मार्गम, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. प्रभा शंकर, सचिव साइनाद दयाकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## स्वयं सहायता समूहों की उद्यमी महिला सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करें बैंक : संदीप सुल्तानीया



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायतीराज व ग्रामीण विकास विभाग के सचिव तथा ग्रामीण गरीबी उन्मूलन संगठन के सीईओ संदीप कुमार सुल्तानिया ने बैंकों से व्यक्तिगत व्यवसाय विकास के लिए स्वयं सहायता समूहों की उद्यमी महिला सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने बुधवार को हैदराबाद के बेगमपेट में टूरिज्म प्लाजा में "एसईआरपी" के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय बैंकर्स कार्यशाला में बात की। उन्होंने बैंकों से सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया ताकि स्वयं सहायता महिला संघों ने अब तक समूहों के रूप में विकास हासिल किया है, ताकि महिलाएं अपने हित के व्यावसायिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने बैंकरों को सुझाव दिया कि 5,10 लाख से अधिक उम्मीदवारों को ऋण देने से महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से अधिक सशक्त होंगी और व्यापार क्षेत्र में स्थिर आय प्राप्त करने में सक्षम होंगी।

उन्होंने बैंकरों को समझाया कि महिला समूहों द्वारा बैंकों को समय पर लिए गए ऋण का भुगतान करते समय केवल 1.92 प्रतिशत महिला समूह एनपीए में थे।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 3,68,191 सोसायटियों को 18,069 करोड़ बैंक लिंकेज ऋण देने के लक्ष्य की तुलना में अब तक 1,30,372 सोसायटियों को 7,701 करोड़ का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बैंकरों को शेष बैंक लिंकेज लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने को कहा। बैठक में शामिल नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सुशीला चिंताला ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं और उन्होंने बैंकों से व्यवसाय विकास के लिए ऋण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने सरकार और बैंकरों से समन्वय से काम करने और महिला संघों के विकास का समर्थन करने का आग्रह किया।

## कंपनी की वेबसाइट पर साइबर हमले करने का मामला दर्ज

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने कंपनी की वेबसाइट पर कथित साइबर हमले और उसकी प्रतिष्ठा और धन को नुकसान पहुंचाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, तीन व्यक्तियों विजय कुमार आनंदसु, करण कुमार अनादासु और अश्वत कुमार ने कथित तौर पर एक वियतनामी कंपनी के साथ साजिश रची और जुलाई और नवंबर 2021 के बीच होगर कंट्रोल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर साइबर हमले किए। होगर कंट्रोल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक वीरभद्र रेड्डी ने अपनी शिकायत में कहा कि कंपनी के सिस्टम पर उसके ग्राहकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले कई हमले हुए और कंपनी को मुद्दों को ठीक करने के लिए बहुत सारा पैसा और संसाधन खर्च करना पड़ा। साइबराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

### महिला ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मैलारदेवपल्ली में मंगलवार रात एक गृहिणी ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। मैलारदेवपल्ली थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम के किंग्स कॉलोनी निवासी महिला फातिमा सुल्ताना ने कथित तौर पर खुद को ईंधन में डुबो लिया और परिवार के सदस्यों के दूर जाने पर आग लगा दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ओजीएच भेज दिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## कीसरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सीसीटीवी का उद्घाटन हुआ



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम और रोजगार मंत्री, सीएच मल्ला रेड्डी ने कीसरा पीएस की सीमा में नगर क्षेत्र में 166 सामुदायिक सीसीटीवी का उद्घाटन किया है।

इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा है कि रिहायशी इलाकों में सीसीटीवी लगाने से नागरिकों को चौबीसों घंटे सुरक्षा मिलेगी और उल्लेख किया कि राचकोंडा पुलिस आयुक्तालय की सीमा में लगभग 1 लाख सीसीटीवी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान और कंपनियां अपने परिसरों में सीसीटीवी लगाकर अपनी सुरक्षा कड़ी करें और कहा कि वह शांतिपूर्ण और अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए नागरिकों को पुलिस के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, सीपी महेश भागवत ने कहा है कि सीसीटीवी नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने में एक आसान और उन्नत सुविधा बन गए हैं और कहा कि एक सीसीटीवी कैमरा सौ पुलिसकर्मियों के बराबर काम करता है। सीपी ने उल्लेख किया है कि जिन क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाए गए हैं, वहां अपराध दर और बच्चे के अपहरण, चेन स्नैचिंग, हिट एंड रन के मामलों, घर में चोरी आदि में कमी आई है। सीपी ने कहा कि अहमदगुडा, रामपल्ली और नागाराम रोड पर लगे सभी सीसीटीवी कमांड कंट्रोल सेंटर से जुड़े हैं और उनकी 24 घंटे निगरानी की जाएगी। सीपी ने दोहराया कि सीसीटीवी ने कई निर्दोषों को झूठे आरोपों से बचाया है और अपराधियों को दंडित करने के लिए वैध सबूत प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा है कि सीसीटीवी पुलिस विभाग की मदद कर रहे हैं और समाज को शांतिपूर्ण रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उद्घाटन समारोह में डीसीपी रक्षिता के मूर्ति, नागाराम म्युनिशियल चेयरमैन के चंद्र रेड्डी, नगर आयुक्त वाणी रेड्डी, श्रीधर रेड्डी इंस्पेक्टर आईटी सेल, सीआई रघुवीर कीसारा पीएस और अन्य शामिल थे।

## जालसाजी के आरोप में कांस्टेबल निलंबित

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा के पुलिस आयुक्त महेश मुरलीधर भागवत ने बुधवार को मोटाकोंदूर पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल वी. प्रभाकर को एक चिकित्सा अधिकारी के हस्ताक्षर में कथित रूप से जाली लगाने के आरोप में निलंबित कर दिया। कांस्टेबल ड्यूटी से अनुपस्थित था और उसने छुट्टी के रूप में अपनी अनुपस्थिति अवधि को कवर करने के लिए चिकित्सा अधिकारी के जाली हस्ताक्षर किए। वह लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने और धोखा देने के नाम पर मोटी रकम भी वसूल कर रहा था।

## बसपा उम्मीदवार हाथी का चिन्ह लेकर काफिले के साथ नामांकन के लिए मुनुगोडु रवाना

मुनुगोडु, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बसपा उम्मीदवार अपनी कार पर हाथी का चिन्ह लेकर एक विशाल काफिले के साथ नामांकन के लिए रवाना हुए। इस संदर्भ में, मुनुगोडु उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार ए. शंकरचारी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पहले हैदराबाद आए शंकराचार्य ने शहीदों के स्तूप पर श्रद्धांजलि अर्पित की । वह मुनुगोडु में नामांकन करने के दौरान अपने साथ एक विशाल काफिला लेकर रवाना हुए। उनके इस काफिले के आगे बसपा के चिन्हों से सजी एक कार के ऊपर हाथी का चिन्ह लगा हुवा था। गौरतलब है कि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आरएस प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया है कि 75 फीसदी वोटर बीसी वोटर हैं, लेकिन सभी बड़ी पार्टियां सवर्णों




बुधवार को नगरद्वय में हुई भारी बारिश के कारण जलमग्न सड़कों से गुजरते हुए वाहन। गौरतलब है की शाम के समय से आधी रात तक लगातार बारिश के जारी रहने से राहगीरों तथा वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।

## बंजारा हिल्स में 2.4 करोड़ नकदी जब्त



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के बंजारा हिल्स में 2.4 करोड़ नकदी जब्त की गयी है। इस संदर्भ में, स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले उपचुनाव के दौरान राजधानी हैदराबाद में भारी नकदी होने का मामला सामने आया था। शहर के बंजारा हिल्स में अवैध रूप से हवाला के लाखों रुपये की नकदी को पुलिस ने जब्त कर लिया है.। इसके तहत बुधवार की सुबह टास्क फोर्स पुलिस बंजारा हिल्स रोड नंबर-12 पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी. तब एक कार में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2.4 करोड़ रुपये नकदी प्राप्त हुई जिसे पुलिस ने जब्त किया। इसके चलते कार में सवार लोगों को इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया क्योंकि उन्होंने इस भारी नकदी का ब्योरा नहीं दिया और दस्तावेज भी नहीं दिखाए।

इस मामले में लिप्त तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। पता चला कि वे एक कूरियर कंपनी की आड़ में गुजरात से राज्य की ओर जा रहे थे। इसके चलते पुलिस ने मामला आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है और बताया कि इसकी पूरी जांच की जा रही है। इस बीच यह उल्लेखनीय है कि पिछले दस दिनों में शहर में 10 करोड़ रुपये हवाला रुपयों की जब्ती की गई हैं।

## एसीबी के हत्थे चढे ग्रेटर वरंगल राजस्व निरीक्षक व बिल कलेक्टर

वरंगल, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर वरंगल नगर निगम (जीडब्ल्यूएमसी) सीमा के तहत काशीबुग्गा सर्कल के वार्ड -7 के एक राजस्व निरीक्षक (आरआई) और एक बिल कलेक्टर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को कथित तौर पर वारंगल के निजामपुरा कॉलोनी निवासी एस लवन कुमार से 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। एसीबी प्रेस नोट के अनुसार, शिकायतकर्ता के पुश्तैनी घर से संबंधित नए मकान नंबरों का आवंटन यानी 'विभाजन के काम को संसाधित करने के लिए रिश्वत लेते समय राजस्व निरीक्षक शैक रब्बानी और बिल कलेक्टर (आउटसोर्सिंग) मुप्पीदी रंजीत को यहां श्रुति अस्पताल के सामने पकड़ा गया। प्रेस नोट में कहा गया है कि गिरफ्तार अधिकारियों को एसपीई और एसीबी मामलों के पहले अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश, हैदराबाद के समक्ष पेश किया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री रोशय्या के चचेरे भाई के हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मुख्यमंत्री रोशय्या के चचेरे भाई के हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। इस बारे में मिली कानूनी जानकारी के मुताबिक, दस साल पहले बेंगलुरु में पूर्व मुख्यमंत्री के. रोशेय्या के चचेरे भाई की हत्या हुई थी तथा इस मामले में कोर्ट ने अंतिम फैसला सुनाया है, जिसमें कोर्ट ने तत्संबंधित हत्या के तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस संबंध में यह भी बताया गया कि, 6 फरवरी 2012 को, हैदराबाद के उद्योगपति मनोज ग्रांधी (44), जो रोशैय्या के रिश्तेदार हैं, विमान से हैदराबाद से बेंगलुरु पहुंचे। जिन्होने वहां एक कार किराए पर ली। इस कार को रविकुमार नामक व्यक्ति ने चलाई जा रही थी। पीडित मनोज गांधी की कार में रखे गये बैग में रविकुमार को करोड़ों रुपये के स्वर्णाभूषण होने की जानकारी मिली। इसके चलते आरोपी रविकुमार ने. उन्होंने अपने दो मित्रों जैसे कृष्ण गौड़ और शिवलिंगैया को फोन किया तथा बताया कि इस कार में रखे हुए बैग में करोडो रुपये के गहने हैं। यह जानकारी मिलते ही बेल्लारी रोड पर विंडर्स मायनर ब्रिज पर उक्त हमलावरों ने उपरोक्त कार को रोका तथा पीड़ित मनोज गांधी को चाकुओं से धमकाया, रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी एवं बाद में शव को ले जाकर मंगलौर मार्ग पर चारमाड़ी पहाड़ियों में फेंक दिया। मनोज द्वारा लाई गई किताबें और अन्य चीजें जला दी। इसके चलते पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी, आरोपी को गिरफ्तार कर रुपये बरामद कर लिया। जिसमें पुलिस ने उक्त आरोपियों के पास से दो करोड़ रुपये मूल्य के सोने के गहने जब्त किए।

## राजगोपाल रेड्डी ने मेरे कहने पर त्यागपत्र दिया : ईटेला राजेंदर

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा विधायक इटेला राजेंदर ने कहा कि, राजगोपाल रेड्डी ने मेरे कहने पर त्यागपत्र दिया। इस संदर्भ में, भाजपा विधायक इटेला राजेंदर ने नलगोंडा जिले के मुनुगोडु उपचुनाव प्रचार अभियान के तहत महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। भाजपा उम्मीदवार कोमटी रेड्डी ने मुनुगोडु के चौटुप्पल में राजगोपाल रेड्डी के साथ प्रचार में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने खुलासा किया कि राजगोपाल रेड्डी ने पूर्व विधायक पद से त्यागपत्र क्यों दिया।

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्वीट्टर @SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे की निविदा सूचनाओ की जानकारी हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

प्रपत्र 10-1 सार्वजनिक अधिसूचना

PUB/0894/22

**एत्दवारा निम्न खंड के पूर्ण खंड पर स्थित सभी रेलवे लाइंस तथा परिसरों के उपयोगकर्ताओं को यह सूचना दी जाती है –**

सेक्शनः **सिकंदराबाद डिवीजन, भद्राचलम रोड-सत्तुपल्ली सेक्शन,** सार्वजनिक यात्रियों की ढुलाई के लिए एससीसीएल/जेवीआर- ओसी, सत्तुपल्ली पर साइडिंग व्यवस्था। ओएचइ मास्ट लोकेशन से जेवीआर/1036(किमी/सीएच 01/36.70) से जेवीआर/1010 एंड 1011(किमी/सीएच. 03/242.70) संयंत्र या प्लांट के चारों लाइंस सहित, (आरकेएमः 2.506 किमी एंड टीकेएमः 11.806 किमी)।

**ट्रैक्शन मास्ट लोकेशन** से जेवीआर/1036(किमी/सीएच 01/36.70) से जेवीआर/1010 एंड 1011(किमी/सीएच. 03/242.70) दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद डिवीजन सत्तुपल्ली पर एससीसीएल/जेवीआर- ओसी साइडिंग भद्राचलम रोड -सत्तुपल्ली सेक्शन में **(आरकेएमः 2.506 किमी एंड टीकेएमः 11.806 किमी)** तत्संबंधित संयंत्र या प्लांट के चारों लाइंस सहित से जुडे उपरोक्त सेक्शन में दि.16.10.2022 से या इसके बाद 25 केवी, 50एचजेड,ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायरों को उर्जित या सक्रिय किया जायेगा। इसी तिथि को या तत्संबंधित तिथि पर उपरोक्त ओवरहेड ट्रैक्शन वायर्स को निरंतर लाइव या सक्रिय माना जायेगा एवं उपरोक्त ओवरहेड लाइन के परिसरों में कोई भी अनधिकृत व्यक्ति न जा सकेगा या कोई कार्य ही कर सकेगा।

A1202

**वरिष्ठ मंडलीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद**

# मुसलमानों से सामान न खरीदें हिंदू

## के बयान पर तेजस्वी ने बीजेपी एमपी से कहा- मुस्लिम देशों से तेल लेना भी बंद कर दो

पटना, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने दिल्ली से बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा के विवादित बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का एक सांसद हिंदुओं से मुसलमानों की दुकानों से सामान न खरीदने की अपील कर रहा है। क्या बीजेपी के लोग मुस्लिम देशों से पेट्रोल-डीजल खरीदना बंद कर सकते हैं। तेजस्वी ने बीजेपी की सोच पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसी वजह से देश की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई है। हाल ही में दिल्ली के तालकटोरा स्डेटियम में हुए आरजेडी के राष्ट्रीय अधिवेशन में तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा का नाम लिए बिना उनके एक विवादित बयान पर भी कटाक्ष किया। तेजस्वी ने कहा, भाजपा का एक सांसद है, वो ज्ञान बांटता था कि अल्पसंख्यक मुसलमान जितने हैं, जो रेहड़ी पर फल बेचते हैं, गुमटी में दुकान लगाते हैं, वहां से हिंदू लोग कोई खरीदी मत करो। कांग्रेस तेजस्वी की कहार, नीतीश आश्रम की तैयारी मेंः मोकामा-

**गोपालगंज आरजेडी के लड़ने पर बीजेपी का तंज**

डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि इन लोगों की क्या सोच है। बीजेपी वालों को बता दीजिए कि मुस्लिम देशों से जितना पेट्रोल-डीजल आता है, वहां से तेल लेना बंद कर देंगे क्या?



खाड़ी देशों में कितने ही भारतीयों की आबादी स्थानीय लोगों से भी ज्यादा है। बड़ी संख्या में लोग विदेश जाकर काम करते हैं। अगर ऐसा हुआ तो करोड़ों लोग रोड पर आ जाएंगे। बीजेपी की ऐसी सोच है, जिस वजह से हमारे देश की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है, चौपट हो रखी है।

# अमित शाह को राजनीति में 20 साल ही हुए

## ये जेपी के बारे में क्या जानते हैं: नीतीश कुमार का पलटवार

पटना, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण को लेकर बिहार में सियासत चरम पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार किया है। सीएम नीतीश ने कहा कि अमित शाह की राजनीति 20 साल की ही है, वो जेपी के बारे में जानते ही क्या हैं? बीजेपी के लोगों का जयप्रकाश नारायण से कोई रिश्ता नहीं रहा। इससे पहले शाह ने सिताब दियारा में नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा था कि कुछ लोग जेपी की बताई राह से भटक गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दिवंगत राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वे पटना में लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करने पहुंचे। उन्हें नमन करने के बाद नीतीश ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान पत्रकारों ने अमित शाह द्वारा एक दिन पहले जेपी जयंती पर नीतीश कुमार को लेकर दिए गए बयानों के बारे में सवाल किया।



**'बीजेपी का जेपी से कोई रिश्ता नहीं'**

सीएम नीतीश ने पत्रकारों को जवाब दिया कि जिन लोगों का आप नाम ले रहे हैं, उनको जेपी से कोई मतलब था क्या? इनकी राजनीति शुरू हुए 20 साल ही हुए हैं। इनका जेपी से क्या ही मतलब है। जेपी के बारे में इन लोगों को क्या आइडिया है। लोकनायक की इन्हें क्या जानकारी है। इन्हें मौका मिल गया है तो कुछ भी बोल रहे हैं। बीजेपी के लोगों का जयप्रकाश नारायण से कोई रिश्ता नहीं रहा। अब जो उन्हें बोलना है बोलते रहें।

अमित शाह मंगलवार को जेपी जयंती पर उनके पैतृक गांव सारण जिले के सिताब दियारा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार पर जमकर प्रहार किए। शाह ने कहा कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण के मार्ग से भटकने वालों को जनता सत्ता से बेदखल करे। कहा कि जेपी ने संपूर्ण क्रांति की बात कही पर जो आजीवन जेपी का नाम लेते रहे, वे सत्ता के लिए सिद्धांतविहीन हो गये हैं। यह जेपी का मार्ग नहीं है।

# मालिक ने थप्पड़ मारा तो हथौड़ी से कूच-कूच कर की हत्या

## पुलिस के हत्थे चढ़ा दिल्ली से फरार आरोपी

आरा, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीते दिनों दिल्ली की एक डेयरी में मालिक की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस ने बिहार के आरा से आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय राय हत्या के बाद अपने घर भाग आया था और बीते कई दिनों से यहीं पर रह रहा था। पुलिस ने घर पर छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस की टीम ने बताया कि दिल्ली में मंडावली क्षेत्र में डेयरी 26 वर्षीय आनंद कुमार की लाश मिली थी। छानबीन करने पर पता चला था कि संजय राय ने आनंद कुमार की हत्या कर दी थी। पुलिस बीते कई दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी लेकिन आरोपी दिल्ली से फरार होकर आरा भाग आया था।

# गोपालगंज में रोचक होगा उपचुनाव

## ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी मैदान में कूदी

गोपालगंज, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार की गोपालगंज सीट पर उपचुनाव रोचक होने वाला है। महागठबंधन (आरजेडी), बीजेपी और बसपा के प्रत्याशियों के ऐलान के बाद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने भी गोपालगंज से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। एआईएमआईएम के बिहार चीफ अख्तरुल ईमान ने कहा कि गोपालगंज सीट पर पार्टी के नेता बैठक कर रहे हैं। जल्द ही उम्मीदवार की घोषणा की जाएगी। हालांकि मोकामा विधानसभा सीट पर पार्टी ने उपचुनाव लड़ने के बारे में कुछ नहीं कहा है।

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की सीमांचल में अच्छी पकड़ है। पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी ने सीमांचल में 5 सीटें जीतकर सभी को चौंका दिया था। हालांकि उनमें से चार विधायक बाद में आरजेडी में शामिल हो गए। अब पार्टी पूर्वांचल में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है। पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता सुभाष सिंह के निधन के बाद खाली हुई गोपालगंज सदर विधानसभा सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने वाला है। बीजेपी ने जहां सुभाष सिंह की पत्नी को ही टिकट दिया है। वहीं, महागठबंधन ने आरजेडी नेता



मोहन प्रसाद गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। लालू यादव के साले साधु यादव की पत्नी इंदिरा देवी भी यहां से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही है। अब एआईएमआईएम ने भी प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर दी है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के गोपालगंज में उपचुनाव लड़ने से बीजेपी को फायदा हो सकता है। तय है कि एआईएमआईएम किसी मुस्लिम कैंडिडेट को यहां से टिकट देगी। ऐसे में ओवैसी का कैंडिडेट आरजेडी के वोटबैंक में सेंध लगाएगा, जिसका सीधा फायदा बीजेपी को होगा। हालांकि, एआईएमआईएम ने अभी तय नहीं किया है कि गोपालगंज से किसे प्रत्याशी बनाया जाए। जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। बता दें कि बिहार की गोपालगंज और मोकामा विधानसभा सीट पर 3 नवंबर को उपचुनाव के लिए वोटिंग होनी है। 6 नवंबर को इसकी मतगणना होगी और उसी दिन नतीजे जारी होंगे।

# लालू यादव ने शिवचंद्र राम पर लगाया बड़ा दांव

## पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की सौंपेगे कमान?

पटना, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। जगदानंद सिंह आरजेडी प्रदेशाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पेशकश कर चुके है। दिल्ली में आयोजित हुए पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल न होने वाले जगदानंद सिंह आरजेडी प्रमुख लालू यादव और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से नाराज बताए जा रहे हैं। उनका बेटा सुधाकर सिंह पहले ही नीतीश कुमार कैबिनेट से इस्तीफा दे चुके हैं।

जगदानंद आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने के साथ-साथ पार्टी को भी अलविदा कह सकते हैं। इन्हीं क्यास के बीच शिवचंद्र राम का नाम सामने आया है। शिवचंद्र राम को प्रदेश आरजेडी की कमान सौंपी जा सकती है। मंगलवार रात सिंगापुर रवाना होने से पहले शिवचंद्र राम ने दिल्ली में लालू यादव से मुलाकात की। सूत्रों ने दावा किया है कि उन्हें लालू ने दिल्ली में बुलाया और बेटी मीसा भारती के आवास पर मुलाकात की। लालू यादव ने उन्हें आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए कहा है। बताया जा रहा है कि लालू के सिंगापुर से लौटने के बाद शिवचंद्र राम के प्रदेशाध्यक्ष बनने की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।



**अब बढ़ी नाराजगी, कभी खुद के बेटे को हराने के लिए चलाया था कैंपेन**

जगदानंद को लालू यादव का करीबी माना जाता है। लेकिन इनदिनों उनके नाराज होने की खबरें सामने आ रही हैं। लालू प्रसाद की सरकार में मंत्री रह चुके जगदानंद सिंह अनुशासन के कड़े माने जाते है। उनका सख्त अंदाज हमेशा चर्चाओं में रहता है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के विश्वस्त रहे जगदानंद सिंह को पिछले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की कमान सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। उस दौरान खुद जगदानंद ने पार्टी को मजबूत करने के लिए भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ रहे खुद के बेटे सुधाकर सिंह के खिलाफ कैंपेन चलाया था। माना जाता है कि पिता की वजह से सुधाकर को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, बाद में आरजेडी में शामिल होकर सुधाकर सिंह ने 2020 का विधान सभा चुनाव जीता और रामगढ़ से चुनाव जीतने के बाद नई सरकार में कृषि मंत्री बने। लालू यादव पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए हमेशा जगदानंद सिंह के कायल रहे हैं। जगदानंद सिंह ने भी जनता दल टूटने से लेकर आरजेडी बनने तक लालू यादव का साथ दिया है। कभी उन्होंने लालू का दामन नहीं छोड़ा।

## किडनी का इलाज कराने सिंगापुर पहुंचे राजद अध्यक्ष लालू यादव

पटना, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव इन दिनों किडनी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके इलाज के लिए वे मंगलवार देर रात सिंगापुर पहुंचे, जहां बेटी रोहिणी आचार्या ने उनका स्वागत किया। लालू यादव के साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी, सांसद बेटी मीसा भारती के अलावा विधान पार्षद सुनील सिंह, सुभाष यादव भी सिंगापुर पहुंचे हैं।

लालू यादव के सिंगापुर पहुंचने का वीडियो बेटी रोहिणी आचार्य ने ट्वीट किया है। इसमें लालू व्हीलचेयर पर नजर आ रहे हैं। लालू के एयरपोर्ट पहुंचते ही रोहिणी आचार्य ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने ट्वीट में लिखा, जिनका हौसला आसमान से ऊंचा है। मेरे पापा के जैसा दुनिया में न कोई दूजा है।

**तेजस्वी ने दी स्वास्थ्य की जानकारी**

लालू यादव के बेटे व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने लालू यादव के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि लालू यादव को किडनी की समस्या है। दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है, लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें सिंगापुर ले जाया गया है। वहां के डॉक्टर जैसी सलाह देंगे, वैसा इलाज कराया जाएगा।

# भाजपा नेता के भतीजे की गुंडई

## रेस्टोरेंट में घुसाई कार, की तोड़फोड़, दी जान से मारने की धमकी



बरेली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बरेली शहर के एक बड़े भाजपा नेता के भतीजे ने रात को नशे में धुत होकर रेस्टोरेंट में कार को घुसा दिया। विरोध करने पर युवक और उसके साथियों ने सत्ता की हनन दिखाते हुए गोली मारने की धमकी दी। कर्मचारियों को पीटा और सामान फेंक दिया। जब रेस्टोरेंट के मालिक नरेश चंद्र पहुंचे तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। हालांकि आरोपी भाजपा नेता का भतीजा और उसके साथी वहां से भाग गए। जनकपुरी गुरुद्वारा के सामने सत्कार रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट के मालिक नरेश चंद्र का कहना है। वह करीब 11 बजे घर आ गए। दो चार लोग ही खाना खा रहे थे। आरोप है कि उसी समय शहर के एक बड़े भाजपा नेता का भतीजा कार से पहुंचा। वह नशे में धुत था। उसने काउंटर में कार की टक्कर मारी। खाना खा रहे लोग वहां से भागे। चीख पुकार मच गई। तमाम राहगीर जुट गए। कर्मचारियों ने विरोध किया तो नेता के भतीजे और उसके दो-तीन साथियों ने मारपीट और गाली गलौज शुरू कर दी। सूचना पर नरेश चंद्र पहुंचे तो भाजपा नेता का भतीजा उनसे भी भिड़ गया। नरेश ने तुरंत ही इसकी पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी गाड़ी लेकर भाग गए। पुलिस को वीडियो दे दिया गया है। नरेश रात में ही आरोपी के घर पहुंचकर शिकायत की। और उसके बाद भाजपा नेता के घर भी गए। भाजपा नेता के शहर से बाहर होने पर उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर (क्राइम) प्रेमनगर मेहर सिंह का कहना है कि सत्कार रेस्टोरेंट पर विवाद की सूचना आई थी।

मौके पर पुलिस को भेजा गया। लेकिन किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शाह ने जिस जगह किया जेपी की प्रतिमा का अनावरण, उससे 3 फीट दूर पहले से उनकी एक और मूर्ति, बीजेपी ने दी सफाई

पटना, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के छपरा जिले के सिताब दियारा में जयप्रकाश नारायण की 121वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। शाह और योगी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का लोकार्पण किया और श्रद्धांजलि दी। अमित शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री का नाम लिए बिना कहा कि जेपी का नाम लेकर सत्ता में पहुंचने वाले कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए। बता दें कि, भारत रत्न से सम्मानित जेपी को इंदिरा गांधी की सरकार को उखाड़ने के लिए जाना जाता है।

शाह ने कहा कि जेपी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। कभी उन्होंने सत्ता के बारे में नहीं सोचा था। लेकिन आज पांच-पांच बार सत्ता के लिए पाला बदल रहे है। कांग्रेस पर हल्ला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और सत्ता में नशे में धुत सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर जेपी ने आंदोलन किए थे। शाह ने कहा कि 1973 में गुजरात में कांग्रेस की सरकार थी, इस दौरान चिमन पटेल मुख्यमंत्री थे। शाह ने कहा कि इंदिरा ने सार्वजनिक रूप से सरकारों को पैसा इकट्ठा करने का काम दिया था जिसके बाद भ्रष्टाचार शुरू हुआ। जयप्रकाश ने भ्रष्टचार के खिलाफ आंदोलन किया और उस दौरान सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग जयप्रकाश व लोहिया के नाम पर राजनीति करते रहे हैं, उनकी पोल खुल चुकी है। भ्रष्टाचार की वजह से बिहार में प्रतिभाएं दम तोड़ रही हैं। सिताब दियारा गांव में जन्मे जयप्रकाश नारायण के घर को 5 करोड़ की लागत से नवनिर्मित भवन बनाया गया है। अमित शाह ने जेपी की जयंती के अवसर पर उनके घर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया। राष्ट्रीय स्मारक से महज 2 से 3 फीट की दूरी पर 2018 में एनडीए सरकार में भाजपा की याद में एक स्मरण भवन और पुस्तकालय का निर्माण किया गया था। इसपर जेपी के सिद्धांतों को लेकर केंद्र और बिहार सरकार के बीच तकरार देखने को मिली। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि भाजपा की याद में नीतीश कुमार ने स्मरण भवन और पुस्तकालय का निर्माण उस समय कराया जब वह बीजेपी के साथ सत्ता में थे।

20 दिनों में शाह का दूसरा दौरा जेपी नारायण की जंयती पर अमित शाह पिछले 20 दिनों में दूसरी बाहर बिहार पहुंचे। इससे पहले 23 और 24 सितंबर को अमित शाह सीमांचल के दौरे पर गए थे।

# गोरखपुर जेल में बंद महिलाएं प्रेमी की लंबी उम्र के लिए रखेंगी करवाचौथ का व्रत

गोरखपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। गोरखपुर जेल में बंद 12 महिलाएं इस बार करवाचौथ का व्रत रखतने की तैयारी कर रही हैं। इसमें से दो महिलाएं अपने प्रेमी की लंबी उम्र के लिए रखेंगी। दोनों महिलाएं पति की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। वहीं एक मुस्लिम महिला प्रेमी के साथ मिलकर भाई की हत्या करने के आरोप में जेल में बंद है। वह भी करवाचौथ का व्रत करने जा रही है। एक अन्य मुस्लिम महिला जेल में व्रत रखती थी लेकिन उसे महाराजगंज जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। महिला अपने पति और बच्चे की हत्या के आरोप में जेल में बंद है।

पति की हत्या के आरोप में 5 महीने से जेल में बंद महिला इस बार प्रेमी के लिए व्रत रखने जा रही है। 6 मई की रात गुलरिहा स्थित शराब भट्ठी के पास महिला ने रॉड से प्रहार कर अपने पति की हत्या कर दी। दी। उस वक्त महिला ने इसे दुर्घटना बताया था लेकिन जब उसका बेटा और देवर सामने आए तो कत्ल का खुलासा हुआ जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। एक महिला भी अपने प्रेमी के लिए व्रत करने वाली है। उसका प्रेमी भी जेल में बंद है। गगहा क्षेत्र में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर 35 साल के पति की हत्या कर पेड़ से लटका दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद गला दबाकर मारने की पुष्टि हुई थी। मृतक के भाई ने पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। इस बार एक मुस्लिम युवती भी अपने प्रेमी के लिए करवाचौथ का व्रत करने जा रही है। युवती का भाई उसके प्यार में बाधा बन रहा था। युवती और उसके प्रेमी ने मिलकर भाई को अपने रास्ते से हटा दिया।

# पश्चिम में कुहासा, पूर्वी यूपी में बाढ़ हुई विकराल

## 15 जिलों में बारिश का अलर्ट, 18 जिलों में 25 लाख आबादी बाढ़ की जद में

लखनऊ, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रदेश के अधिकतर जिलों में 6 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। अभी बारिश से राहत मिलने वाली नहीं है। बुधवार को भी मौसम विभाग ने 15 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। आगरा-गाजियाबाद में सुबह से धुंध छाई है। लखनऊ सहित अधिकांश शहरों में सुबह से धूप निकली है।

बाढ़ से 18 जिलों में 25 लाख आबादी प्रभावित है। वहीं आज सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इससे पहले सुबह सीएम ने बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की लखनऊ में समीक्षा की।

मंगलवार को हुई बारिश की बात करें तो 24 घंटे में 10.2 मिलीमीटर बारिश पूरे प्रदेशभर में रिकॉर्ड की गई। यह अनुमान से 1% होने से 978% ज्यादा है।

बाराबंकी के घाघरा उफान पर हैं। घाघरा के पानी से कई गांवों में बाढ़ जैसे हालत हो गए हैं। तिलवारी गांव में तो हालात इतने भयावह हो गए हैं कि महिलाएं अपने परिवार के साथ नाव पर ही जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। यहां तक कि बाढ़ पीड़ित महिलाएं नाव पर ही चूल्हा जलाकर गीली




बाढ़ पीड़ित महिलाएं नाव पर ही चूल्हा जलाकर गीली लकड़ियों से किसी तरह भोजन बना रही हैं।

लकड़ियों से किसी तरह भोजन बना रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि 3-4 दिनों से पानी ज्यादा बढ़ रहा है।

बलरामपुर में बाढ़ की चपेट में अब तक करीब 500 गांव आ चुके है। करीब 5 लाख की आबादी प्रभावित है। बाढ़ के पानी में अब तक 8 लोग बह चुके है। इसमें 4 लोगों का शव बरामद किया जा चुका है, जबकि 4 लोगों की तलाश जारी है। सड़कों पर बाढ़ का पानी आ जाने से बलरामपुर बढ़नी राष्ट्रीय मार्ग 730, बलरामपुर बहराइच और उतरौला मार्ग पर आवागमन बंद है। तुलसीपुर और उतरौला तहसील जिला मुख्यालय से कटे हुए हैं। अयोध्या में सरयू अपने बिकराल रूप में हैं। गांव से लेकर शहर तक अब बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। कई कॉलोनियों में बाढ़ का पानी घुस गया है। सरयू नगर में भी बाढ़ का पानी घुस गया है। सरयू खतरे के निशान से 108 सेमी. ऊपर बह रही है। हर घंटे एक सेंटीमीटर जलस्तर बढ़ रहा है। जिले की तीन तहसीलों के 26 गांव पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। एक ओर जहां लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है, वहीं रेस्क्यू टीमें गांव खाली कराने में लगी हैं।

# महिलाओं के बाल पकड़कर घसीटते हुए थाने लाई पुलिस



नालंदा, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। नालंदा में मंगलवार को चोरी के आरोप में भीड़ ने 2 महिलाओं को जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो भीड़ महिलाओं को पीट रही थी। पुलिस ने दोनों को वहां से निकाला। और बाल पकड़ते हुए सड़क पर घसीटकर उन्हें थाने लेकर आई। इस दौरान एक महिला सिपाही बाल खींचती दिखी तो एक सादी वर्दी में शख्स उन्हें घसीटते हुए दिखा। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस की करतूत का वीडियो भी बना लिया जो अब सामने आया है।

दोनों महिलाएं खुद को बेकसूर बताती रही, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उनकी एक न सुनी। पुलिस उन्हें घसीटते हुए जबरन थाने लेकर गई।

मामला अस्थावां प्रखंड क्षेत्र के बाजार इलाके में मंगलवार दोपहर का है। बुधवार को यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा तो पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग होने लगी।

# उफनती गंडक नदी में पलटी ओवरलोडेड नाव

## दाह संस्कार में जा रहे दो लोगों की डूबकर मौत

वैशाली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के वैशाली जिले में उफान पर चल रही गंडक में 2 युवकों की डूबने से मौत हो गई। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के जफराबाद घाट पर दोनों युवक अंतिम संस्कार के लिए गए हुए थे। जानकारी के मुताबिक तिरहुत तटबंध से 100 मीटर दूर गंडक में उभरे टीले पर पहले नाव से लाश को ले जाया गया था। उसके बाद अंतिम संस्कार के लिए आये परिजनों को किनारे से टापू पर पहुंचाया जा रहा था। छोटी नाव में एक बार में 13 लोगों को लेकर जा रहे थे। ओवरलोडेड नाव के पलटने से दोनों युवकों की डूबकर मौत हो गई। मृतकों में अंतिम



संस्कार में आये दूसरे प्रखंड का रिश्तेदार और परिजन शामिल हैं। एक युवक लालगंज तो दूसरा भगवानपुर का था, जो दाह संस्कार में शामिल होने पहुंचा था। एसडीआरएफ की टीम की मदद से दोनों युवकों की लाश को बाहर निकाला गया। स्थानीयों ने बताया कि नाव ओवरलोड होने के चलते पलट गई। नाव पर सवार अन्य लोग जो तैरना जानते थे बच गए लेकिन दोनों युवक उफान पर चल रही गंडक में समा गए।

एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची लालगंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने घटना की पुष्टि की। एसडीआरएफ की टीम ने गांव और क्षेत्र के लोगों को नदी किनारे जाने और नाव में सवार होने को लेकर सचेत किया है।

# डकैतों के डर से भागे पुलिसकर्मी सस्पेंड

## बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस पर की गई बमबारी डर के भागी थी थानाध्यक्ष समेत पूरी गस्ती टीम

सीतामढ़ी, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीतामढ़ी में डकैतों के डर से भागने वाले थानेदार समेत पूरे गस्ती टीम को सस्पेंड कर दिया। सीतामढ़ी एसपी ने इस मामले को लेकर वरीय अधिकारी के आदेश पर थानेदार और महिला कांस्टेबल सहित पूरे गस्ती टीम को सस्पेंड कर दिया। इसकी जानकारी सीतामढ़ी नोडल पदाधिकारी हेडक्वार्टर डीएसपी द्वारा दी गई। बता दें कि कन्हौली थाना के बगल में बीते दिन डकैती की वारदात हुई थी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम डकैतों को पकड़ने गई। हालांकि डकैतो ने पुलिस जीप के आगे बमबारी कर दिया। जिसके बाद पुलिस वाले डर के मारे फरार हो गए। बता दें कि मामले में लापरवाही को देखते हुए कन्हौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार समेत गश्ती टीम में शामिल पदाधिकारी एएसआई प्रमोद कुमार व महिला सिपाही रीता कुमारी, रजनी कुमारी और रंगोली कुमारी को निलंबित कर दिया। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित साप्ताहिक प्रेसवार्ता में नोडल पदाधिकारी सह डीएसपी मुख्यालय रामकृष्ण ने यह जानकारी दी।

# कांग्रेस के मेयर, नपाध्यक्षों, पार्षदों का सम्मेलन

## जयवर्धन सिंह बोले- 'ग्वालियर की पनौती' बीजेपी में चली गई, इसलिए वहां कांग्रेस का मेयर बना

भोपाल, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भोपाल में हो रहे कांग्रेस के सम्मेलन में दिग्विजय सिंह के बेटे और गुना की चाचौड़ा विधानसभा सीट से विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा, 'ग्वालियर की पनौती' भाजपा में चली गई, इसी वजह से ग्वालियर में 57 साल बाद कांग्रेस का मेयर बन पाया है। सज्जन वर्मा ने विवादित बयान देते हुए कहा, इंदिरा गांधी ने गोलियां खाईं, राजीव गांधी को बम से उड़ा दिया, नरेंद्र मोदी बताएं कि है उनके वंश में ऐसा कोई बलिदानी। मप्र के नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली कामयाबी से



कार्यकर्ता और नेता उत्साहित हैं। ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, मुरैना जैसे शहरों में महापौर बनाने में सफलता मिलने के बाद आज भोपाल में प्रदेशभर के नगरीय निकायों में चुनाव जीते जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन बुलाया गया है।

जबलपुर मेयर जगत बहादुर सिंह ने कहा, कमलनाथ की सरकार जिस दिन गिरी थी, उसी दिन उनके आंसुओं को देखकर कसम खाई थी कि जब तक कमलनाथ को दोबारा सीएम नहीं बना देता, चैन से नहीं बैठूंगा। रीवा महापौर बोले- इस बार रीवा से बनेगी कांग्रेस की सरकार, कमलनाथ को बनाएंगे सीएम। ग्वालियर मेयर ने कहा, कमलनाथ ने मुझपर भरोसा किया तो ग्वालियर की जनता ने 30 हजार वोट से जिताकर 57 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब हम विधानसभा चुनाव में रिकॉर्डतोड़ जीत दिलाएंगे।

छिंदवाड़ा मेयर विक्रम अहाके ने कहा, मैं सबसे कम उम्र का उम्मीदवार होने के साथ ही सबसे गरीब प्रत्याशी था। मेरी पूरी संपत्ति बीवी के जेवर मिलाकर साढ़े तीन लाख थी। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरा जैसा गरीब आदिवासी मेयर बन सकता है। कमलनाथ ने मेरा काम देखा। 18 साल बाद छिंदवाड़ा में कांग्रेस का महापौर बना।

**मेयर से लेकर पार्षद शामिल।**

राजधानी भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित नगरीय निकाय सम्मेलन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के साथ सीनियर लीडर्स जुटे हैं। सुबह 11 बजे सुरेश पचौरी, जयवर्धन सिंह, कांतिलाल भूरिया, सांसद राजमणि पटेल, सुधांशु त्रिपाठी, मप्र कांग्रेस प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल, सीपी मित्तल पहुंच चुके हैं। जीतू पटवारी और सज्जन सिंह वर्मा भी मौजूद हैं। इस सम्मेलन के जरिए कमलनाथ अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में शहरी वोटर्स को आकर्षित करने के लिए चर्चा कर रहे हैं।

# आईएनएक्स घोटाला

## पी. चिदंबरम के साथ आरोपी आईएएस अफसर प्रबोध सक्सेना को दागी अधिकरियों की सूची में नहीं डाला, हिमाचल एचसी ने मांगा जवाब



शिमला, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के सीनियर आइईस अधिकारी प्रबोध सक्सेना को दागी अधिकरियों की सूची में ना डालने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर 3 सप्ताह में जवाब तलाब किया है। प्रबोध सक्सेना आईएनएक्स मीडिया कथित घोटाले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी। चिदंबरम के साथ आरोपी हैं। उनके ख़िलाफ़ दिल्ली की सीबीआई अदालत में आरोप पत्र दायर हो चुका है। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एए सईद ओर न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल दुआ की खंडपीठ के समक्ष हुई। मामले पर सरकार ने कहा कि अभी सक्सेना के ख़िलाफ़ अभी आरोप तय नहीं हुए हैं, इसलिए उन्हें दागी अफ़सरों की सूची में नहीं डाला गया है। एडवोकेट जनरल अशोक शर्मा ने कहा कि यह मामला केवल एक अधिकारी का नहीं है। यह मामला पिछले कई वर्षों से हाईकोर्ट में चल रहा है। इसमें कोर्ट ने तीन सप्ताह के अंदर सरकार से जवाब माँग है। उन्होंने कहा कि जिस सीनियर अधिकारी का ज़िक्र हो रहा है, वह किसी भी तरह से ऑफ़िसर विध डाउटफ़ुल इंटिग्रिटी में नहीं आता है।

**क्या है पूरा घोटाला**

एफआईपीबी की 18 मई 2007 को हुई बोर्ड मीटिंग में आईएनएक्स मीडिया के आईएनएक्स न्यूज प्राइवेट लिमिटेड में निवेश को मंजूरी नहीं दी थी। आरोप है कि इसके बाद एफआईपीबी के अप्रूवल को मैन्यूपुलेट किया गया। आईएनएक्स मीडिया ने आईएनएक्स न्यूज प्राइवेट लिमिटेड में 305 करोड़ का निवेश किया, जबकि इसके लिए एफआईपीबी का अप्रूवल नहीं था। इसके महीनों बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट हरकत में आया। एफआईपीबी, जो वित्त मंत्रालय के अधीन है, से इस बारे में जवाब-तलब किया गया।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने निवेश के बारे में और एफडीआई को किस आधार पर मंजूरी दी गई, इस बारे में जानकारी मांगी थी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से दबाव बढ़ने पर एफपीआईबी ने आईएनएक्स मीडिया से इस बारे में जवाब-तलब किया, जिसके बाद आईएनएक्स मीडिया ने कार्ति चिदंबरम की सेवाएं लीं। सीबीआई का आरोप है कि मामले को सुलझाने के लिए कार्ति चिदंबरम ने तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम के साथ अपने रिश्तों का गलत इस्तेमाल किया। सीबीआई ने दावा किया था कि कार्ति चिदंबरम ने एफआईपीबी के कुछ ब्यूरोक्रैट्स की मदद ली थी। फिलहाल मामला अदालत में विचाराधीन है।

# मनचले से परेशान युवती ने की आत्महत्या

## आरोपी युवक के घर पर चला मामा का बुलडोजर

सीधी, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में सीधी में मनचले युवक से परेशान होकर एक युवती ने आत्महत्या कर ली थी। युवक द्वारा लगातार उसे प्रताड़ित किया जा रहा था उसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरिफ्तार कर लिया था उसकी गिरिफ्तारी के बाद ऐसे युवकों को सबक सिखाने आरोपी के 4 घरों में मामा का बुलडोजर चलाकर उसे अवैध हिस्से को जमीदोंज कर दिया गया। आरोपी है सलाखों के पीछे सीधी जिले में बीते 6 अक्टूबर को बहरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौआ अंतर्गत ग्राम अर्जुन नगर में एक मनचले युवक से परेशान होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया था और चक्काजाम कर आंदोलन शुरु कर दिया था।

जिसके बाद आरोपी युवक एवं उसके पिता को बहरी पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था। गांव का ही है आरोपी गांव के ही आरोपी बबलू साकेत द्वारा युवती को काफी समय से परेशान किया जा रहा था जिसकी शिकायत भी परिजनों ने पुलिस में की थी। इस तरह से युवतियों को परेशान करने वाले युवकों को सबक सिखाने को लेकर मंगलवार की शाम आरोपी के घर पर मामा के बुलडोजर को लेकर पुलिस पहुंच गई और उसके घर के अवैध हिस्से को जमींदोज कर दिया गया। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस प्रशासन एवं राजस्व का अमला मौके पर मौजूद रहा। एक के बाद एक 4 घरों पर चला बुलडोजर बहरी पुलिस अपने दल बल के साथ ग्राम पंचायत लौआ अर्जुन नगर में पहुंची और अपनी कार्यवाही करने लगी जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पहले आरोपी के निर्माणाधीन मकान को जमींदोज किया गया।

फिर उसके पीछे कच्चे मकान के कुछ हिस्से को गिराया गया उसके बाद आगे एक और मकान बना हुआ था प्रशासन द्वारा उसके इर्द-गिर्द अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। आरोपी के 4 घरों पर एक के बाद एक कार्यवाही की गई इस कार्यवाही के दौरान आरोपी के परिजनों ने इसका विरोध भी किया लेकिन प्रशासन के आगे उनकी एक न चली और आरोपी के घरों को बुलडोजर से गिरा दिया गया।


# हनीट्रैप मामले में घिरी बीजेपी सरकार

## सीबीआई और एसआईटी जांच की मांग

भुवनेश्वर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा में कथित हनीट्रैप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से भी एसआईटी जांच की मांग उठाई जा रही है। भाजपा ने आरोप लगाए हैं कि सत्तारूढ़ बीजू जनता दल यानी बीजेडी केस को दबाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि इसमें पार्टी के कई नेता और मंत्री शामिल हैं। हाल ही में पुलिस ने 28 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया था।

**क्या था मामला**

दरअसल, इस साजिश का खुलासा बीते महीने हुए था। उस दौरान एक महिला ने उड़िया फिल्म निर्माता अक्षय परीजा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। महिला ने आरोप लगाए थे कि परिजा ने फिल्म में रोल दिलाने के नाम पर उनका यौन उत्पीड़न किया है। इसके बाद फिल्म निर्माता की तरफ से



अर्चना नाग नाम की महिला और उसकी सहयोगी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने आरोप लगाए कि अश्लील तस्वीरों के नाम पर उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है और पैसों की मांग की जा रही है। अब इसके बाद एक महिला की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि अर्चना ने उसे ड्रिंक में नशीला मिलाकर दिया है, जिसके बाद अर्चना ने उसकी अश्लील तस्वीरें ली। महिला ने आरोप लगाए कि अर्चना उसे कारोबारियों और रजनेताओं समेत प्रभावशाली लोगों को ब्लैकमेल करने के लिए कहती है।

**सियासत तेज**

भाजपा महिला मोर्चा की ओडिशा अध्यक्ष स्मृति पटनायक ने कहा, 'पुलिस ने जल्दबाजी में अर्चना नाग को गिफ्तार किया है। कई बीजद नेता और मंत्री इस मामले में शामिल हैं।

इस रैकेट में राज्य सरकार सीधे तौर पर शामिल है। पुलिस की तरफ से बरामद किए गए गैजेट्स में से बीजद नेताओं, मंत्रियों, पुलिस और नौकरशाहों से जुड़ी जानकारियों को सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए। हम मामले में सीबीआई जांच चाहते हैं, क्योंकि पुलिस ने मामले में खास प्रगति करने में असफल रही है।'कांग्रेस नेताओं ने भी बीजद सरकार पर सवाल उठाए हैं कि आखिर पुलिस और प्रशासन की जानकारी के बगैर एक 28 साल की महिला ने कैसे इतने लोगों को ब्लैकमेल कर दिया। ओडिशा छात्र कांग्रेस के अध्यक्ष यासिर नवाज का कहना है, 'इससे पहले राज्य सरकार शराब का प्रचार कर रही थी और अब यह वेश्यावृत्ति को बढ़ावा दे रही है। राज्य में सरकार समर्थित वेश्यालय खोले जा रहे हैं। अर्चना नाग ने पुलिस और प्रशासन की जानकारी के बगैर कैसे अपना साम्राज्य चला लिया?'उन्होंने कहा, 'जब पत्रकारों को विधानसभा और राज्य सचिवालय में जाने से रोका जा रहा है। तब अर्चना को बगैर किसी पाबंदी के विधानसभा में जाने की अनुमति थी।'

**पुलिस का क्या कहना है**

भुवनेश्वर पुलिस उपायुक्त प्रतीक सिंह का कहना है कि महिला की तरफ से दर्ज एफआईआर के आधार पर नाग के खिलाफ आईपीसी की धारा 387, 420 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**कौन है अर्चना नाग?**


कालाहांडी की 28 वर्षीय अर्चना नाग को पुलिस ने बीते हफ्ते गिरफ्तार किया था। बाद में उसे एक महिला की शिकायत पर जेल भेज दिया गया। महिला ने आरोप लगाए थे कि अर्चना उसे वेश्यावृत्ति में धकेल रही थी और उसका इस्तेमाल प्रभावशाली लोगों को ब्लैकमेल करने में कर रही थी। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव और कंप्यूटर भी जब्त किया था।

**कैसे बनाती थी लोगों को अपना शिकार?**

डीसीपी ने कहा, 'उसका काम करने का तरीका पीड़ितों के साथ दोस्ती बढ़ना था। इसके बाद वह उन्हें अपने घर बुलाती और करीब होने की कोशिश करती थी। इस दौरान वह गुप्त कैमरा की मदद से उनकी निजी तस्वीरों खींच लेती और उन्हें ब्लैकमेल करती थी, जो प्रभावशाली थे। हम उसकी बैंक और लेनदेन की जानकारी हासिल कर रहे हैं और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से जरूरी जानकारियां मांगी गई हैं। सभी पीड़ितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।'

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतुशरद,दिशाशूल- दक्षिण -जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी - 03-08 राततक उपरान्त, पंचमी
मास - कार्तिक कृष्ण पक्ष ,गुरूवार, 13 Oct
नक्षत्र - कृत्तिका - 18 -40 - तक,उपरान्त रोहिणी
योग - सिद्ध - 13 - 53 - तक उप- व्यतिपात
करण- बव - 14 - 29 - तक,उप- बालव
विशेष:- करक चतुर्थी व्रत
व्रत -त्योहार -करवा चौथ व्रत

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कन्या | में | कन्या... | 04-25 बजे |
| चंद्र- | वृष | में | तुला- | 06-29 बजे |
| मंगल | वृष | में | वृश्चिक | 08-40 बजे |
| बुध- | कन्या | में | धनु--- | 10-53 बजे |
| गुरु- | मीन | में | मकर- | 12-59 बजे |
| शुक्र- | कन्या | में | कुंभ- | 15-49 बजे |
| शनि- | मकर | में | मीन... | 16-28 बजे |
| राहु- | मेष | में | मेष-- | 18-24 बजे |
| केतु- | तुला | में | वृष-- | 19-48 बजे |
| | | | मिथुन.. | 21-49 बजे |
| | | | कर्क... | 00-01 बजे |
| | | | सिंह... | 02-13 बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:30 से 14:58 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 06:08 - 07:38 | शुभ | अमृत | 17:55 - 19:27 | शुभ |
| रोग | 07:38 - 09:06 | अशुभ | चंचल | 19:27 - 20:59 | शुभ |
| उत्पात | 09:06 - 10:34 | अशुभ | रोग | 20:59 - 22:30 | अशुभ |
| चंचल | 10:34 - 12:02 | शुभ | काल | 22:30 - 00:02 | अशुभ |
| लाभ | 12:02 - 13:30 | शुभ | लाभ | 00:02 - 01:34 | शुभ |
| अमृत | 13:30 - 14:58 | शुभ | उत्पात | 01:34 - 03:06 | अशुभ |
| काल | 14:58 - 16:27 | अशुभ | शुभ | 03:06 - 04:38 | शुभ |
| शुभ | 16:27 - 17:52 | शुभ | अमृत. | 04:38 - 06:08 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) ।आपकी लोगों से मिलकर और बातचीत के जरिये किसी समझौते पर पहुचने की कोशिश से आप सबको बहुत अच्छे लगेंगे ।आप तुरंत किसी भी समस्या का समाधान निकाल लेंगे ।आप इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि किस तरह आपके आसपास और खुद को भी खूबसूरत बनाकर रखा जाए।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) आपके किसी करीबी के जीवन में कुछ समस्याएँ चल रही हैं और आज आपको उनकी बात सहानुभूति से सुननी पड़ेंगी। ऐसा हो सकता है की आप इस आदमी की बातों से निराश और बेचैन सा अनुभव करें ,लेकिन आपको बिना किसी आलोचना के इस आदमी की सहायता करनी चाहिए।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) आज आपको कई सारे मुद्दे सलझाने हैं और ये सभी काफी महत्व के मसले हैं। इन सबके चक्कर में आपको कम समय मिल पायेगा और आप इन सबमे फंसा हुआ सा अनुभव करेंगे ।इसके अलावा ,आज आपको कुछ ऐसी योजनाओं के बारे में भी पता चलेगा जो कुछ अलग सी दिखाई दे रही हैं।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) आज आपको अपनी आरामदायक स्थिति से बाहर आकर कुछ गंभीर प्रयास करने हैं ।सावधान रहें कि बिलकुल परम्पराओं के अनुसार चलने से आपको कुछ हासिल नही होगा।गंभीर होकर प्रयास करने से ही आपको बहाव के साथ बहते रहने के स्थान पर जीवन जीने की सही भावना आएगी।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) आत्मविश्वास से भरे हैं और यह बात आपकी भाव भंगिमा और नजरिये से साफ़ झलक रही है ।आज हर कहीं आप लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे और अपनी छाप छोड़ेंगे ।महत्वपूर्ण बिज़नेस बैठकों में आपके मुताबिक़ निर्णय होंगे। अगर स्थितियां आपके पक्ष में नही भी दिख रही तब भी आप उन्हें अपने पक्ष में कर लेंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आज पैसे को संभलकर खर्च करें ।सितारों के अनुसार आज आप बिना किसी बात के काफी खर्च कर सकते हैं ।अगर आप ध्यान नही देंगे तो काफी बड़ी रकम आज आपसे खर्च हो सकती है ।आज विवादो और टकराव से बचना ही बेहतर होगा ।स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी नही होगी और आप बाहर घुमने का आनंद ले सकते हैं।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) बिजनेस सम्बन्धी किसी मीटिंग में आपके मनमुताबिक मोड़ आने की सम्भावना है ।आप आज शांत किन्तु दृढ हैं ।आपने खूब सोच समझकर फैसले लिए हैं। कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव होंगें ।किसी पुराने दोस्त से मुलाकात संभव है ।घर पर शांत और संतुष्ट बने रहेंगे ।बोद्धिक उन्नति होगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्त रहेगा या तो आपके पास मेहमान आयेंगे या आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं ।इसी समय आप अपने घर का नवीकरण ,नया घर खरीदने या दूसरी जगह शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं। हालाँकि आप पूरा दिन बहुत व्यस्त रहेंगे,फिर भी आप दिन का हरेक पल आनंद लेंगे।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं ।आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे,उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं ।जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे ।आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) कोई करीबी दोस्त आपको अपना राज बताने वाला है ,आपको उसकी बातें बहुत ध्यान से सुनकर ही सलाह और सहानुभूति देनी है। अपने सभी कार्य रचनात्मक तरीके से करें। आप फिलहाल ताकतवर तरीके से कार्य कर रहे हैं और इसका प्रभाव आपके आसपास के सब लोगों पर पड़ेगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) दिन शांत रहेगा ।पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी ।आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं ,इसीलिए अधिक मेहनत करें ।कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे ।ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे। इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल ,दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# रेस्टोरेंट मालिक के कहने पर दी बलि

## यौवन बचाने के लिए खाया था मांस



तिरुवनंतपुरम, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल में मानव बलि के मामले में कई और चौंकाने वाली जानकारी निकल कर सामने आ रही हैं, जहां दो महिलाओं को काले जादू के नाम पर मौत के घाट उतार दिया गया। इस मामले में एक दंपति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान स्थानीय मसाज थेरेपिस्ट भगवल सिंह, उनकी पत्नी लैला और रेस्टोरेंट मालिक रशीद उर्फ मुहम्मद शफी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि वित्तीय मुद्दों को सुलझाने और उनके जीवन में समृद्धि लाने के लिए कथित तौर पर बलि दी गई थी।

**जवान बने रहने के लिए खाया मानव मांस**

पुलिस ने मृतकों के कटे हुए शरीर के अंगों को मंगलवार को पठानमथिट्टा गांव में दंपति के घर के परिसर से बरामद किया है। जांच के दौरान आरोपियों ने बताया कि दंपति को मुहम्मद शफी ने बताया कि पके हुए मानव शरीर के अंगों को खाने से उन्हें अपनी जवानी को बचाने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार आरोपी लैला ने हत्या के विवरण की गवाही दी है जिसमें काले जादू के हिस्से के रूप में मानव बलि के बाद पीड़ितों का मांस खाया गया था। इस दौरान एक पीड़िता रोजली की पसलियों का मांस काट दिया गया था। साथ ही पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मानव बलि का मास्टरमाइंड शफी था जिसके कहने पर दंपति ने इतने क्रूर कृत्य को अंजाम दिया था। शफी ने ही दंपति को सुझाव दिया था कि मानव शरीर के अंगों को खाने से उनका यौवन सुरक्षित रहेगा। खबर के मुताबिक कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त सीएच नागराजू ने कहा कि ये मृतक दोनों महिलाएं लॉटरी टिकट बेचती थीं। उनकी हत्या करने के बाद शवों को एक घर में दफना दिया गया।

# दिल्ली पुलिस अधिकारी के खिलाफ

## महिला कर्मचारियों ने लगाया सेक्सुअल ह्रासमेंट का आरोप, जांच शुरू



नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। महिलाओं के प्रति हिंसा दिन-ब-दिन सुनने में आती रहती है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए पुलिस आए दिन धरपकड़ करती रहती है। लेकिन जब पुलिस टीम में महिला पुलिसकर्मियों के साथ ऐसी घटनाएं हो तो लोग पुलिसिया कार्यशैली पर ही सवाल उठाते हैं। साथ लोग कहते हुए सुनाई देते है कि पुलिस खुद की सुरक्षा नहीं कर पा रही हमारी क्या ही करेगी। दरअसल, दिल्ली पुलिस में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने एक हेड कांस्टेबल के खिलाफ शिकायत दी है। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (सतर्कता) को दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन की महिला कर्मचारियों से ड्यूटी अधिकारी, हेड कांस्टेबल महावीर सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली है।

**मामले की जांच शुरू**

महिलाकर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि हेड कांस्टेबल रिश्वत लेने, दुर्व्यवहार करने, पुलिस थाने के कर्मचारियों का अपमान करने और यहां तक कि जबरन वसूली में भी शामिल था। दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, शिकायत के एक महीने बाद भी हेड कांस्टेबल के निलंबन या पुलिस लाइंस भेजे जाने के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी, जांच लंबित है।

**पसंद की ड्यूटी पोस्ट देने के एवज में करता है यौन उत्पीड़न**

शिकायत के अनुसार, थाने में ड्यूटी ऑफिसर के पद पर तैनात महावीर महिला पुलिसकर्मियों को उनकी पसंद की ड्यूटी पोस्ट देने के एवज में उनका यौन उत्पीड़न करता है। महिला पुलिसकर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस आयुक्त के स्थायी आदेश के अनुसार महावीर को 'चिट्टा मुंशी' (ड्यूटी ऑफिसर) का पद मिलना उचित नहीं है।

**ड्यूटी रिकॉर्ड में हेरफेर करने की कोशिश**

शिकायत में कहा गया है, महावीर सिंह कुछ अधिकारियों को छुट्टी देने के लिए नकद और मूल्यवान वस्तुओं में भी रिश्वत लेते हैं। वह पुलिस स्टेशन के ड्यूटी रिकॉर्ड में हेरफेर करने की भी कोशिश करते हैं और ड्यूटी पर अधिकारियों को कभी भी महिला कर्मचारी नहीं दिए जाते हैं, कहते हैं कि कर्मचारी की कमी है। यहां तक कि एचसी महावीर सिंह बीट स्टाफ से रिश्वत और जबरन वसूली के लिए कहते हैं।

**विभिन्न विभागों में अपने संपर्कों का करता है उपयोग**

महिलाकर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने एसएचओ से शिकायत की, तो उन्होंने जवाब दिया कि वह और महावीर सिंह दोनों पुरुष अधिकारी हैं और कोई भी उन महिलाओं के आरोप पर विश्वास नहीं करेगा। महिला पुलिसकर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि हेड कांस्टेबल अपने खिलाफ शिकायतों को रोकने के लिए विभिन्न विभागों में अपने संपर्कों का उपयोग करता है और इसलिए अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। महिलाओं ने कहा, जब भी कोई वरिष्ठ अधिकारी कुछ शिकायतों पर जवाब मांगता है, तो वह अपनी शक्ति का उपयोग करके उन पर दबाव बनाने के लिए 2-3 कर्मचारी अधिकारियों को शिकायत का जवाब देने के लिए मजबूर करता है।

# कुमार विश्वास और तेजिंदर बग्गा को बड़ी राहत, पंजाब- हरियाणा हाईकोर्ट ने रद्द की एफआईआर

चंडीगढ़, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। कवि कुमार विश्वास और बीजेपी नेता तेजिंदर बग्गा को बड़ी राहत मिली है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने दोनों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। इन दोनों नेताओं के खिलाफ पंजाब पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था। कुमार विश्वास और तेजिंदर बग्गा पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान के मामले में केस दर्ज हुआ था। इस मामले में पूछताछ के लिए कुमार विश्वास के गाजियाबाद स्थित घर पर पंजाब पुलिस की टीम पहुंची थी। वहीं बीजेपी नेता तेजिंदर बग्गा को दिल्ली स्थित उनके घर से उठा लिया गया था।

इससे पहले मई महीने में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ बयान देने के मामले में कुमार विश्वास की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। पंजाब की रूपनगर पुलिस ने शिकायतकर्ता द्वारा उसे और 'आप' समर्थकों को खालिस्तानी पुकारे जाने का आरोप लगाने के बाद कुमार विश्वास के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में दावा किया गया है कि यह घटना 12 अप्रैल को हुई थी, जब कुमार विश्वास ने केजरीवाल पर अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए टिप्पणी की थी। कुमार विश्वास ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था।

पंजाब पुलिस ने बग्गा के खिलाफ भड़काऊ बयान देने, दुश्मनी को बढ़ावा देने और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया था। मोहाली के रहने वाले आप नेता सन्नी अहलूवालिया की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। एक अप्रैल को दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक, 30 मार्च को बग्गा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर भाजपा के युवा मोर्चा के विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया था और कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 13 अक्टूबर, 2022

# जान लेते क्रूर शिक्षक

उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर के बंबावड़ गांव के एक निजी स्कूल में एक शिक्षक ने कुछ विद्यार्थियों को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा कि स्कूली परीक्षा में उनके अंक कम आए थे। इसी से खार खाए शिक्षक ने एक बच्चे को ऐसी गहरी चोट पहुंचाई कि उसकी जान ही चली गई। सवाल है कि क्या कम अंक आना ऐसी गलती थी, जिस पर एक शिक्षक को इस हद तक हिंसक हो जाना चाहिए था? अगर परीक्षा में किसी विद्यार्थी को कम अंक आएं, तो इसका समाधान जान की कीमत पर तो नहीं होना चाहिए। स्कूली शिक्षक बनने से पहले शिक्षा और शिक्षण पर तमाम अध्ययनों से मिले सुचिंतित सुझाव दिए जाते हैं, जो छात्रों के साथ व्यवहार के साथ ही शिक्षकों के लिए बहुत कारगर माने जाते हैं। लेकिन उक्त घटना को देख कर लगता है कि शिक्षण के पेशे में कुछ ऐसे लोग आ जाते हैं, जिन्हें इसके बुनियादी पाठ तक की भी जानकारी नहीं होती। यही नहीं कुछ शिक्षक तो अपने भीतर पारंपरिक जड़ताओं से उपजी कुंठा को लेकर ही स्कूल पहुंचते हैं, जहां उनका व्यवहार दिन भर इस कदर हिंसक हो जाता है कि किसी बच्चे की जान तक चली जाती है। शिक्षाशास्त्री ठीक ही कहते हैं कि यदि कोई विद्यार्थी पढ़ने में पिछड़ता है तो इसके लिए शिक्षक और शिक्षण पद्धति जिम्मेदार है। आम दिनों के सामाजिक बर्ताव में भी गलती या कमी का हल या उसमें सुधार के लिए सकारात्मक प्रयास ही मानवीय तरीका माना जाता है। लेकिन वर्तमान की गडबडाई शिक्षण व्यवस्था में संवेदनशील और जिम्मेदार पेशे को चुनने वाले लोग पता नहीं क्यों इस साधारण-सी बात को नहीं समझ पा रहे हैं। नतीजतन छोटे बच्चों की मामूली कमी पर समझाने की बजाय यातना देना जरूरी समझने लगे हैं। देश भर के लगभग सभी राज्यों से आए दिन इस तरह की खबरें आती रहती हैं कि किसी स्कूल में शिक्षक ने गृहकार्य न करने या पढ़ाई में कोई कमी होने पर छात्र को बर्बरतापूर्वक पीटा , जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। हालांकि ऐसी घटनाओं को गैरइरादतन हत्या की तरह देखा जाता है। लेकिन सवाल है कि जिस शिक्षक पर एक बच्चे के जीवन और भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी होती है, वही इस शक्ल में हिंसक क्यों हो जाता है? हो सकता है कि ऐसे बर्ताव के लिए संबंधित शिक्षक के भीतर छिपी सामंती और हिंसक कुंठा की अभिव्यक्ति भी हो सकती है। जबकि हकीकत यह है कि जो शिक्षक अयोग्य होता है वही डंडा लेकर छात्रों को डराता रहता है, ताकि बच्चे उससे किसी तरह की जानकारी न पूछ लें। ऐसे शित्रकों को न तो अपनी जिम्मेदारी का एहसास होता है और न ही कानूनी व्यवस्था की परवाह होती है। बता दें कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 17 के तहत किसी भी तरह के शारीरिक दंड, मानसिक प्रताड़ना और भेदभाव पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। इसके अलावा, किशोर न्याय अधिनियम के तहत भी न केवल ऐसा करने वाले के लिए जेल और जुर्माने का प्रावधान है, बल्कि बच्चे की देखभाल और उनकी सुरक्षा के लिए स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी तय की गई है। सवाल है कि शिक्षण की पद्धति, मनोविज्ञान, सामाजिक बर्ताव की कसौटियों से लेकर कानूनी व्यवस्था तक को ताक पर रख कर कोई शिक्षक प्रकारांतर से बच्चे की हत्या करने की हद तक पहुंच जाए तो आखिर उसे कैसे माफ किया जाए? आमतौर पर हर जगह फैल रहे निजी स्कूलों में एक शिक्षक के प्रशिक्षित होने और अन्य कसौटियों की जांच-परख के लिए सरकार क्या करती है? आए दिन अगर बच्चों को कुछ शिक्षकों के भीतर बैठी हिंसक कुंठा का शिकार होना पड़ रहा है तो इसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन पर भी डाली जानी चाहिए। आखिर उसने शिक्षक भर्ती के समय उसे किस शर्तों पर अपने यहां रखा है।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रतिष्ठा



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

भारतीय सभ्यता और संस्कृति दुनिया में सर्वाधिक प्राचीन है. इसको शास्वत माना गया.अनेक सभ्यताओं का प्रादुर्भाव हुआ.समय के साथ वह तिरोहित होती गई.जबकि आक्रांताओ के बेहिसाब हमलों के बाबजूद यह शास्वत संस्कृति गरिमा के साथ कायम है.मध्यकाल में अस्था के स्थलों सुनियोजित हमले हुए.किन्तु अस्था का अस्तित्व समाप्त नहीं हुआ.स्वतंत्रता के बाद प्रथम उप प्रधानमंत्री बल्लभ भाई पटेल के प्रयासों से सोमनाथ मन्दिर का भव्य निर्माण हुआ था.उनके बाद ऐसे सभी विषयों को साम्प्रदायिक घोषित कर दिया गया. प्रधानमंत्री बनने के बाद इस प्रचलित राजनीति में बदलाव हुआ.साँस्कृतिक विषयों को देश की अर्थव्यवस्था से जोड़ा गया.तीर्थाटन और पर्यटन अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में समाहित हुए.पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के विश्व स्तरीय विकास का संकल्प लिया गया.कार्य योजना बना कर इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ. विश्व के अन्य हिस्सों में जब मानव सभ्यता का विकास भी नहीं हुआ था, हमारे यहां राष्ट्र प्रादुर्भाव हो चुका था। ऋग्वेद में राष्ट्र का सुंदर उल्लेख है। राष्ट्र की भौगोलिक सीमाओं के साथ ही सांस्कृतिक व्यापकता को दर्शाने वाले वर्णन प्राचीन ग्रन्थों में है। भारत का भौगोलिक व सांस्कृतिक क्षेत्र पहले बहुत विस्तृत था। देश के मठ व मन्दिर

हमारे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक है। भारत ने जब तक अपनी इस महान विरासत पर गर्व किया, जब तक यहां के लोग राष्ट्रीय स्वाभिमान से प्रेरित रहे, तब तक भारत समर्थ रहा। वह विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठत रहा। आज फिर उसी राष्ट्रीय स्वाभिमान को जागृत करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिशा में कारगर प्रयास कर रहे है। उनके नेतृत्व व नीतियों से विश्व मे भारत की प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने संकल्प से सिद्धि के अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं.अयोध्या में जन्मभूमि पर भव्य श्री राम मन्दिर निर्माण का संकल्प पांच शताब्दी पुराना था. इस संवेदनशील विषय का दूर दूर तक समाधान दिखाई नहीं दे रहा था. क्योंकि देश के सेक्युलर राजनीति के दावेदार मन्दिर निर्माण रोकने के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तैयार थे. नरेन्द्र मोदी के संकल्प से यह कार्य सिद्ध हो रहा है.श्री काशी विश्वनाथ धाम संकरी गलियों में सिमट गया था.इसको भव्य बनाने की पहले कभी चर्चा नहीं होती थी. नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से यह कार्य भी सिद्ध हुआ. इसी प्रकार श्री विन्ध्यवासिनी धाम का भव्य निर्माण हो रहा है. साँस्कृतिक राष्ट्रवाद की यह यात्रा जारी है.उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध श्री महाकाल लोक का लोकार्पण नरेन्द्र मोदी ने किया.नरेन्द्र मोदी के संकल्पों में योगी आदित्यनाथ और शिवराज सिंह चौहान सहायक बनें.यदि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में अपने को सेक्यूलर कहने वाली सरकारें होती तो यह कार्य सहज नहीं होता।

# यूक्रेन में अंधाधुंध बमबारी के पीछे रूस का 'बेरहम' जनरल

कीव में जो हुआ उसे देखकर मैं हैरान नहीं हूं। सुरोविकिन एकदम निर्दयी हैं, उनके मन में इंसानी जीवन के लिए बहुत कम सम्मान है।''उनकी अगुआई में रूसी सेनाओं ने सीरिया के घरों, स्कूलों, अस्पतालों, और बाजारों समेत उन जगहों को निशाना बनाया, जहां लोग रहते, काम करते व पढ़ते हैं।'

'सीरिया में लड़ाकू मिशन पर काम करते हुए एक मिनट के लिए भी हम ये नहीं भूले कि हम रूस की रक्षा कर रहे हैं।'

ऊपर के पहले दो बयान यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना की कमान संभालने के लिए नियुक्त किए गए नए रूसी जनरल सर्गेई सुरोविकिन के बारे में हैं। तीसरा बयान खुद सुरोविकिन का है, जो दिखाता है कि रूस के मकसद को लेकर वो किस हद तक जुनूनी हैं।

सर्गेई सुरोविकिन के कमान संभालते के कुछ ही घंटों बाद रूसी सेनाओं ने यूक्रेन पर पिछले कुछ महीनों का सबसे बड़ा हमला बोलते हुए मिसाइलों की झड़ी लगा दी।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने 8 सितंबर को यूक्रेन में रूसी सेना के ओवरऑल कमांडर के रूप में 55 वर्षीय जनरल सर्गेई सुरोविकिन की नियुक्ति का ऐलान किया। हालांकि, ये नहीं बताया गया कि सुरोविकिन ने किसकी जगह ली है। 24 फरवरी को शुरू हुए यूक्रेन युद्ध में पहली बार पूरी रूसी सेना के लिए एक ही कमांडर की आधिकारिक तौर पर नियुक्ति की गई है। सुरोविकिन इससे पहले रूसी एयरफोर्स की कमान संभाल रहे थे।यूक्रेन युद्ध शुरू होने के करीब 2 महीने बाद अप्रैल में ब्रिटिश मिलिट्री इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान की कमान रूसी जनरल अलेक्जेंडर ड्वोर्निको को सौंपी गई है। ड्वोर्निको को 2015 में सीरिया में चलाए उनके क्रूर ऑपरेशन के लिए जाना जाता है। हालांकि, रूस ने कभी ये स्पष्ट नहीं किया कि यूक्रेन में उसके अभियान की कमान किसके हाथों में थी।

पुतिन ने नए जनरल की नियुक्ति ऐसे समय में की है, जब पिछले कुछ दिनों में यूक्रेनी सेनाओ ने जोरदार पलटवार किया है। यूक्रेन ने खासतौर पर उत्तर-पूर्व में खार्किव प्रांत में रूस के कब्जे से 6 हजार किलोमीटर से ज्यादा का इलाका आजाद करा लिया है। साथ ही यूक्रेन ने दक्षिण में खेरसॉन प्रांत के भी कुछ इलाकों और पूर्वी यूक्रेन में लाइमैन ट्रांसपोर्ट हब पर भी दोबारा कब्जा जमा लिया है।

सुरोविकिन रूस के सबसे चर्चित जनरल में से एक हैं और रूस में उनकी पहचान देश के कई प्रमुख सैन्य अभियानों में छाप छोड़ने वाले जनरल के रूप में रही है।

सुरोविकिन का जन्म साइबेरिया के नोवोसिबिर्स्क शहर में 11 अक्टूबर 1966 को हुआ था। सुरोविकिन उस दौर में पैदा हुए जब रूस सोवियत संघ हुआ करता था।

1987 में सुरोविकिन सोवियत सेना में शामिल हुए थे और उनकी पहली नियुक्ति सोवियत जमाने की रूसी सेना की यूनिट स्पेट्सनाज में हुई थी। वह अपने पहले बड़े मिशन के तहत 1980 के दशक में हुए सोवियत-अफगान युद्ध में शामिल हुए थे।

रूसी सेना के तहत आने वाली विशेष मिलिट्री पुलिस के गठन का श्रेय भी सुरोविकिन को ही जाता है। 2013 से 2017 के दौरान सुरोविकिन ईस्टर्न



मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट के कमांडर थे।

1980 के दशक में सोवियत-अफगान युद्ध का हिस्सा रहे सुरोविकिन 2004 में चेचेन्या में इस्लामिक अलगाववादियों के खिलाफ रूसी सैन्य कार्रवाई में भी शामिल थे।

2017 में सुरोविकिन सीरिया के तानाशाह बशर अल असद की मदद के लिए चलाए गए रूसी सैन्य अभियान की भी कमान संभाल चुके हैं। सीरिया में उनके नेतृत्व में रूसी सेना ने असद के विद्रोहियों को घुटनों पर ला दिया था।

सर्गेई सबसे ज्यादा विख्यात या कुख्यात सीरिया में चलाए अपने ऑपरेशन की वजह से ही हुए। सीरिया में सुरोविकिन की सेवाओं के लिए उन्हें दिसंबर 2017 में हीरो ऑफ द रशियन फेडरेन अवॉर्ड से नवाजा गया था।

सुरोविकिन की निर्दयता से जुड़ा पहला किस्सा 1991 का है। उस समय सोवियत संघ में बगावत की एक असफल कोशिश हुई थी। तब राइफल डिविजन के कमांडर रहे सुरोविकन ने लोकतंत्र समर्थकों पर सेना को गोलियां बरसाने का आदेश दे दिया था, इस घटना में 3 लोग मारे गए थे, जबकि कई व्यक्तियों को कुचल दिया गया था।

2004 में सुरोविकिन की क्रूरता से जुड़ा एक और किस्सा तब सामने आया जब रूसी मीडिया में उनके अंडर काम करने वाले एक कर्नल की आत्महत्या की खबर छपी। उस कर्नल को सुरोविकिन ने इतनी बुरी तरह फटकारा था कि उसने आत्महत्या कर ली थी।

इस घटना के बाद सुरोविकिन के सहकर्मियों ने उन्हें 'जनरल आर्मगेडन' निक नेम दे दिया। आर्मगेडन का मतलब होता है आखिरी या एकदम विनाशकारी लड़ाई। यानी महायुद्ध या विश्वयुद्ध। सुरोविकिन का सबसे क्रूर चेहरा 2017 में सीरिया में रूसी सेना के ऑपरेशन के दौरान नजर आया था। पुतिन ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद की मदद के लिए उनके विद्रोही गुटों के खिलाफ रूसी सेना को भेजा था।रूसी एयरफोर्स के प्रमुख के रूप में सुरोवोकिन ने सीरिया में न केवल विद्रोही गुटों के ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि आम लोगों को भी नहीं बख्शा। उन्होंने सीरिया के अलेप्पो शहर में इतनी भीषण बमबारी करवाई कि लगभग पूरा शहर खंडहर में तब्दील हो गया। सुरोविकिन के आदेश पर 2019 में सीरिया के इद्लिब प्रांत पर भी रूसी एयरफोर्स ने भीषण बमबारी की थी। इस बमबारी में सैकड़ों की संख्या में आम सीरियाई मारे गए थे।

सुरोविकिन पर आरोप है कि उन्होंने सीरिया में विद्रोही गुटों के खिलाफ केमिकल वेपन का इस्तेमाल किया था। सुरोविकिन की कुख्यात कार्रवाइयों के बाद ह्यूमन राइट्स वॉच नामक संस्था ने अक्टूबर 2020 में आई रिपोर्ट में कहा था कि सीरिया में हुए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए प्रमुख रूप से सुरोविकिन को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, सुरोविकिन के साथ काम कर चुके रूसी डिफेंस मिनिस्ट्री के एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि 10 अक्टूबर को यूक्रेन की राजधानी कीव में हुए मिसाइल स्ट्राइक से वह बिल्कुल हैरान नहीं हैं, क्योंकि सुरोविकिन के अंदर 'इंसानी जानों के लिए बहुत कम सम्मान' है। इस अधिकारी का कहना है, 'उन्हें डर है कि सुरोविकिन के हाथ पूरी तरह यूक्रेनी लोगों के खून से सन जाएंगे।'

बगावत को दबाए जाने के बाद सुरोविकिन को अरेस्ट कर जेल में डाल दिया गया। 7 महीने चली जांच के बाद उन्हें बोरिस येत्लिसिन के समर्थन से आरोपों से बरी करते हुए प्रमोट करते हुए मेजर बना दिया गया।

1995 में सुरोविकिन को अवैध रूप से हथियार बेचने के आरोपों में मॉस्को के एक मिलिट्री कोर्ट ने एक साल की जेल की सजा सुनाई थी। हालांकि, जांच के बाद उन्हें आरोपों से बरी करते हुए रिहा कर दिया गया था। सुरोविकिन के रूस के नए चीफ ऑफ वॉर बनने के दो दिन बाद ही रूसी सेनाओं ने यूक्रेन के 10 शहरों पर 80 से ज्यादा मिसाइलें दागते हुए पिछले कुछ महीनों का सबसे बड़ा हमला बोला। रूस के इस एक्शन को शनिवार को रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले कर्च ब्रिज पर हुए हमले का जवाब माना जा रहा है। अभी ये स्पष्ट नहीं है कि यूक्रेन पर हुई इन मिसाइल स्ट्राइक का आदेश किसने दिया था। यूक्रेन पर जिस अंदाज में मिसाइलों से हमले हुए उसके पीछे सुरोविकिन का ही दिमाग माना जा रहा है।

# आरएसएस की मुख्य अतिथि बनने वालीं संतोष यादव

दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट दो बार फतह करने वाली संतोष यादव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने दशहरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाया। संघ के गठन के इतिहास में यह पहली बार था, जब किसी महिला को मुख्य अतिथि बनाया गया।

मैं संघ के विजयादशमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का गौरव पाकर अभिभूत हूं। हालांकि, एवरेस्ट को 2 बार फतह कर गिनीज वर्ल्ड बुक में नाम दर्ज कराए तो 28 साल बीत गए पर अब संघ ने जो सम्मान दिया है, उसे शब्दों में बयां नहीं नहीं कर सकती। मुझे कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने से पहले लोग मेरे हाव-भाव देखकर पूछते थे कि तुम संघी हो क्या? तो मैं चुप नहीं रहती थी। उल्टा मैं उनसे सवाल कर बैठती थी- ये क्या होता है?

इस संगठन को लेकर लोगों में भ्रांतियां ज्यादा हैं। जो लोग नजदीक से इस संगठन के बारे में नहीं जानते हैं उनके लिए ऐसा कहना बहुत आसान है। असल में, संघ में 'मां भारती' की पूजा होती है और मैं समझती हूं कि जहां पूजा ही स्त्री रूप में प्रकृति की होती है तो वह महिलाओं के प्रति दोयम दर्जे या पक्षपात की बात कैसे सोच सकता है।

मेरा मानना है कि मां बनना इस जगत में सबसे बड़ा पूण्य का काम है। हालांकि, महिला और पुरुष दोनों की अपनी-अपनी बड़ी जिम्मेदारियां हैं। इसके बावजूद महिला संतान को जन्म देती है और उन्हें समाज, देश और दुनिया के लिए एक बेहतरीन इंसान बनाती है तो उससे बढ़कर उपलब्धि मैं समझती हूं कि कुछ नहीं है।

हालांकि, मेरी तमाम उपलब्धियां रही हैं लेकिन मैं अपने दोनों बच्चों-एक बेटा और एक बेटी को पाल-पोसकर एक बेहतरीन नागरिक बनाने में योगदान दे रही हूं।

अब मैं 55 साल की हूं। जिंदगी के शुरुआती दौर में पढ़ाई की बात करूं तो बचपन में ग्रामीण परिवेश में रहते हुए पढ़ाई करना थोड़ा बहुत कठिन जरूर था, लेकिन मैंने स्कूली शिक्षा कुछ समय के लिए दिल्ली और बाकी अपने गृह क्षेत्र रेवाड़ी से ही ली। हालांकि, ग्रेजुएशन के लिए मैंने महारानी कॉलेज, जयपुर को चुना, जहां से मैंने 1967 में इकोनॉमिक्स ऑनर्स किया।

चूंकि, मैं हरियाणा के भौगोलिक क्षेत्र में पली और बड़ी हुई तो मेरी कद-काठी अच्छी थी। इस वजह से मुझे एनसीसी कोर्स करने का भी मौका मिला, और मैंने 'सी' सर्टिफिकेट प्राप्त करने में सफलता पाई।

मैं जयपुर में जब कॉलेज हॉस्टल में रहा करती थी तो मेरे कमरे की खिड़की अरावली पर्वत श्रेणियों की तरफ खुलती थी। अक्सर जब खिड़की के दरवाजे खोलती तो अरावली की पहाड़ियों का सुंदर नजारा देखकर सुकून



महसूस होता था। पहाड़ियां मुझे कई बार अपनी ओर खींच लाती थीं। एक बार मुझसे रुका नहीं गया। एक दिन सुबह मैं हॉस्टल से झालाना डंगरी पहाड़ी की ओर निकल पड़ी। वहां कुछ स्थानीय लोग काम कर रहे थे।

मुझे उन स्थानीय लोगों से मिलना, बात करना और उनके बारे में जानना काफी अच्छा लगा। मैं उन लोगों का स्केच बनाने लगी। मुझे बचपन से ही पेंटिंग का शौक था। दूसरे दिन जब मैं वहां गई तो वहां कोई नहीं था। इसके बाद मुझे उन पहाड़ियों के प्रति ऐसा लगाव हुआ कि उन पर चढ़ना-घूमना हर रोज की बात होने लगी।

एक दिन चढ़ते-चढ़ते चोटी पर पहुंच गई और वहां से नीचे का सुंदर दृश्य देखकर मन भाव-विभोर हो उठा। सूर्योदय हो रहा था और ऊंचाई पर यूं लग रहा था कि मानो पहाड़ियों में से सूरज निकल रहा हो। लेकिन कुछ ही देर में मुझे वहां डर सा लगने लगा और मैं नीचे उतरने लगी। उतरते वक्त मुझे कुछ लड़कों की एक ऐसी टीम मिली जो कि रॉक क्लाइम्बिंग कर रही थी। यह मेरे लिए एक अलग अनुभव था। उन्हें यह सब करता देख अच्छा तो लगा ही और ऐसा ही कुछ करने की इच्छा भी मन में होने लगी। मन की इच्छा को बाहर लाते हुए आखिरकार मैंने उस टीम के सदस्यों से पूछ ही लिया, 'क्या मैं भी यह कर सकती हूं?' टीम लीडर ने उत्साह से उत्तर दिया 'हां, बिल्कुल', तब मुझे पता लगा कि यह माउंटेनियरिंग है और यहां से ट्रेनिंग लेकर मैं भी पर्वतारोहण कर सकती हूं। तभी से मेरे अंदर माउंटेनियरिंग का इरादा पक्का होता चला गया।

ग्रेजुएशन करते वक्त मुझे माउंटेनियरिंग की ऐसी राह मिली कि उसने मुझे नई ऊंचाइयों पर लाकर खड़ा कर दिया। इसी दौरान मैंने बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स करने का मन बनाया और वर्ष 1986 में नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग, उत्तरकाशी से 'ए' ग्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त करने में सक्सेज पाई। इसके बाद एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स में भी मुझे 'ए' ग्रेडिंग मिली माउंटेनियरिंग का कोर्स करते वक्त मैंने पहली बार बर्फ देखी। पहाड़ों पर बर्फ देखने और उन पर कदम रखने का वह अहसास मेरे लिए जिंदगी भर न भूलने वाला अहसास था। उसी के बाद से पहाड़ों से ऐसी दोस्ती हुई कि दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ एवरेस्ट पर दो बार देश का झंडा फहराने की ताकत आ गई।

मैं अपने परिवार में 5 भाइयों की इकलौती बहन रही हूं। हैरानी की बात यह थी कि जब समाज में बेटियों के जन्म पर मातम जैसी स्थिति हो जाया करती थी, तब मेरे माता-पिता और दादी को एक बेटी की चाहत थी।

पिता रामसिंह सूबेदार कहलाते थे तो मां चमेली देवी होममेकर थीं। घर में बिजनेस होता था। एक बार हमारे घर कोई साधू आए तो उन्होंने मां को पुत्रवती होने का आशीर्वाद दे दिया। तभी पास में बैठी हुईं मेरी दादी ने कहा- महाराज बहू को बेटा नहीं बेटी का आशीर्वाद दीजिए। आखिरकार, परिवार में मेरा जन्म हुआ ।मैं जब 16 साल की थी तभी से मेरी शादी के लिए परिवार में चर्चा होने लगी थी, लेकिन मैंने किसी की नहीं सुनी और पढ़ाई के लिए परिवार पर किसी भी तरह की शादी की बात पर चर्चा न करने के लिए दबाव बनाती रही। मेरे परिवार वालों को भी मुझ पर पूरा भरोसा था और उन्होंने मुझे आगे बढ़ने के लिए कभी भी नहीं रोका। 25 साल की उम्र में मेरी शादी हुई। मैं हरियाणा में पली बढ़ी और अब ससुराल बिहार से है।

हालांकि, अब हमारा परिवार उत्तराखंड में रहता है। पति उत्तम कुमार लाल एक बिजनेसमैन हैं। हमारे 2 बच्चे हैं-एक बेटा सूर्य प्रताप और एक बेटी- महिमा नंदनी। बच्चों की परवरिश को लेकर मैं शुरुआत से ही बहुत सचेत रही हूं। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही मुझे मंजूर नहीं थी। यही वजह थी कि 5 साल पुलिस की नौकरी करने के बाद मैंने अपने पद से रिजाइन दे दिया। मेरा मानना है कि एक मां का सबसे बड़ा दायित्व बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनाना है।

# कागज के नोटों को बाय-बाय करने का टाइम

भारतीय समाज में नोट को धन के पर्यायवाची के रूप में देखा जाता है। हिंदी फिल्मों के बहुत सारे गाने इस पर आधारित हैं। जैसे 'अपना सपना मनी-मनी', 'पैसा-पैसा करती है, तू पैसे पर क्यूं मरती है', 'सबसे बड़ा रुपैया', 'एक पैसा दे दो बाबू', 'पैसे की कहानी', 'छन-छन बाजे रुपैया', 'पैसा फेंक तमाशा देख'। काले धन पर भी आधारित बहुत खबरें छपती रहती हैं। भारत में बैंक नोट का चलन लगभग 150 वर्ष पहले शुरू हुआ। ब्रिटिश सरकार ने 1861 में 'पेपर करंसी एक्ट लागू किया और उसके बाद किसी प्राइवेट बैंक की करंसी जारी करने का चलन समाप्त हो गया। केवल सरकारी करेंसी, जो बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा छापी जाती थी, प्रचलित रह गई। इन पर इंग्लैंड की महारानी की फोटो रहती थी। भारत में नोट छापने की पहली प्रेस 1928 में नासिक में स्थापित की गई। 1935 में रिजर्व बैंक की स्थापना हुई, जिसे यह पूरी जिम्मेदारी दी गई। 1938 में आरबीआई ने सर्वप्रथम नोट छापे, जिसमें इंग्लैंड के किंग जॉर्ज पंचम की फोटो थी।

1947 में देश के स्वतंत्र होने के बाद 1949 में भारत में पहला एक रुपये का नोट छपा, जिसमें अशोक की लाट का चित्र था। 1969 में महात्मा गांधी के चित्र के साथ पहली बार नोट छापे गए।

काले धन पर अंकुश लगाने के लिए नवंबर 2016 में नोटबंदी की घोषणा हुई, जिसके कारण पुराने बड़े नोट बंद हो गए और नए डिजाइन, आकार और रंगों के नए नोट बाजार में आ गए। इनका एक मकसद देश में नकली नोटों की समस्या से निपटना भी था, जिनका इस्तेमाल आतंकवाद और असामाजिक गतिविधियों के लिए होता था। साथ ही आधुनिक डिजिटल तरीके से लेन-देन को बढ़ावा देना था। इससे बैंकों में भी डिजिटल तकनीक और लेन-देन का अधिक प्रयोग प्रारंभ हो गया। आगे जाकर इसका लाभ विशेष रूप से कोरोना महामारी के दिनों में हुआ, जब देश-विदेश में व्यापार के लिए भारत में भी व्यापक रूप से डिजिटल देन-लेन का प्रचलन चालू हो गया।

# मैं और मेरा मोटापा



डॉ. सुरेश कुमार

मैं गंडीपेट (हैदराबाद का सबसे बड़ा जलाशय) का अवतार नहीं हूँ। फिर भी बहुत मोटा हूँ। माँ का प्यार कहिए या उनके घी का कमाल कि बचपन में मच्छर सा दिखने वाला मैं अब बाहुबली फिल्म का सांड लग रहा हूँ। मुझे बचपन से इतना घी खिलाया गया कि मुझे पानी पीते समय भी उसमें घी दिखाई देने लगा। मेरे लिए सावन का हरा वाला मुहावरा घी की चमक से चौंधियाई आँखों को हर चमकती चीज़ घी दिखाई देने लगी। कभी-कभी तो मुझे लगता है कि मेरे बदन में खून नहीं घी की नदियाँ बह रही हैं। बचपन में मुझे घरवाले छोटू कहकर पुकारते थे। अब इतना भोदू हो गया हूँ कि वह विशेषण मेरे बदन के सभी अंगों को चिढ़ाते हैं। घरवालों को केंचुआ सा दिखाई देने वाला मैं कब लोगों की नजर में भारी-भरकम अजगर बन गया पता ही नहीं चला। वैसे भी पौधा खाद-पानी पाकर हमेशा के लिए पौघा थोड़े न रहता है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो भारी-भरकर वृक्ष बन ही जाता है।

छठी कक्षा पढ़ते समय मुझे बेंच पर खड़ा होने का दंड दिया गया था। शिक्षिका मेरे शोर से इतनी परेशान थी कि उन्होंने मेरी तुलना लोटे से कर दी। तब से मेरा नाम लोटा पड़ गया। जब मैं बड़ा हुआ तो हम सभी स्कूली दोस्तों ने एक वाट्सप समूह बनाया। सबने हाय हैलो करना शुरु किया। मैंने अपना नाम सुरेश बताया। सभी ने प्रश्नचिह्न जैसा मुँह वाला इमोजी लगाया। मैंने अपना फोटो भी पोस्ट किया। लेकिन किसी ने मुझे पहचाना नहीं। जैसे ही मैंने अपना नाम लोटा बताया सबके सब टूट पड़े। ऐसे टूटे जैसे बिस्कुट का टुकड़ा देखते ही कुत्तों का झुंड टूट पड़ता है। एक अपराधी अपने अपराधों की सजा काटकर नए जीवन की शुरुआत करना चाहता है तो उसे उसके पुराने कारनामों के नाम पर लज्जित करने जैसी हालत मेरी थी। मैंने पुराने नाम से पिंड छुड़ाने के लिए बाकायदा पेपर में विज्ञापन भी दिया। चिढ़ाने वालों को अपना चुल शांत करने से मतलब होता है।

दीपावली पर कपड़े खरीदने के लिए एक बड़े शॉपिंग मॉल में गया। वहाँ जाकर देखा कि स्माल, मीडियम, लार्ज कुछ कपड़ों में, जो मेरी पसंद के नहीं थे, उनमें एक्स्ट्रा लार्ज की साइजें भी उपलब्ध थीं। मेरा आकार इनमें फिट होने वाला नहीं था। मुझे एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा लार्ज की जरूरत थी। साफगोई से कहना हो तो ट्रिपल एक्सेल मेरा मुँह मांगा इनाम है। मेरा आकार देखकर वहाँ काम करने वाला एक बंदा आगे आया। सोचा शायद मेरी साइज के कपड़े ला रहा है। लेकिन उसने मुझे नंगा किए बिना नंगा कर दिया। उसने कहा कि आपकी साइज के कपड़े यहाँ तो क्या किसी भी शो रूम में नहीं मिलेंगे। आपकी साइज के कपड़े तो दर्जी ही सी सकता है। मैं अपमान का घूँट पीकर रह गया। शोरूम से बाहर निकला ही था कि एक सेल्समैन गले पड़ गया। वह गारंटी के साथ दुबला होने का दावा करते हुए हर्बल प्रॉडक्ट बेचने के प्रयास में मेरे मोटापे पर न दिखाई देने वाली सुइयाँ चुभोने लगा। इससे पहले की मैं उसे लताड़ता वह अपने रास्ते हो लिया। तभी उसका मैनेजर दार्शनिक की तरह बातें करते हुए घुमा फिराकर हर्बल प्रॉडक्ट पर आ गया। मेरा खून उबल रहा था। मेरे हाथों उसका खून न हो जाए इस डर से उसके हाथ जोड़े और मैं अपने रास्ते हो लिया।

मैं जहाँ कहीं भी जाता, मेरा मोटापा पहले पहुँचता और मैं बाद में। इसका मुझे इतना दुख नहीं हुआ जितना कि मेरी गर्लफ्रेंड ने मुझे टेड्डी बेअर कहा। मुझ जैसे मोटे अक्सर खूबसूरत लड़कियों और कभी-कभी औसतों को टेड्डी बेअर क्यों लगते हैं, यह मेरी समझ के परे था। यह राष्ट्रीय स्तर पर शोध का विषय बन सकता है। एक दिन हम लड़की देखने गए। लड़की की आँखों पर बड़े नंबर का चश्मा चढ़ा हुआ था। मैं सोचने लगा मुझे तो बहुत दिनों से ऐसी ही लड़की की तलाश थी। जिनको दिखाई देता था वे मुझे अपने सामने टिकने नहीं देते थे। घर आने पर बहुत देर तक लड़की वालों के स्वीकृति-तिरस्कृति संबंधी संदेश की प्रतीक्षा करता रहा। झकमारकर मैंने ही पिता जी से फोन लगवाया। सामने वालों ने जवाब दिया कि लड़की को इतने दिनों तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, लेकिन आपके लड़के का मोटापा साफ-साफ दिखाई दे पा रही थी। लड़की ने रिश्ता ठुकरा दिया है। हम माफी चाहते हैं। उस दिन मुझे पहली बार लगा कि मेरा मोटापा चमत्कार भी कर सकता है। मेरा मोटापा मोटापा न हुआ दूसरों को हँसाने का अड्डा हो गया। मैं और मेरा मोटापा अक्सर ये बातें करते हैं कि यह न होता तो कैसा होता और मैं ही न होता तो कैसा होता...

# कौन हैं करवा माता, कैसे इस त्योहार का नाम पड़ा करवा चौथ




अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखती हैं। इस बार यह शुभ तिथि 13 अक्टूबर दिन गुरुवार को है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं और सोलह श्रृंगार करके शिव, पार्वती, करवा माता, गणेश और चंद्रमा की पूजा करती हैं। इस दिन महिलाएं व्रत के सभी नियमों का पालन करती हैं और करवा माता से पति और परिवार की तरक्की का कामना करती हैं। लेकिन कभी आपने सोचा है कि आखिर करवा माता कौन हैं और इस त्योहार का नाम करवा चौथ कैसा पड़ा। आइए जानते हैं करवा माता के बारे में....

पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में करवा नाम की एक पतिव्रता स्त्री रहती थी और उनका पति काफी उम्रदराज था। एक दिन जब उनका पति स्नान के लिए नदी में गए तो वहां नहाते समय मगरमच्छ ने पैर पकड़ लिया और गहरे पानी की तरफ खींचने लगा। करवा के पति करवा को बुलाने लगे और सहायता करने को कहा। पतिव्रता स्त्री होने के कारण करवा में सतीत्व का काफी बल था। करवा भागकर आई और सूती साड़ी से धागा निकालकर अपने तपोबल के माध्यम से मगरमच्छ को बांध दिया। सूत के धागे से बांधकर करवा मगरमच्छ को लेकर यमराज के पास पहुंची। यमराज ने कहा कि हे देवी, आप यहां क्या कर रही हैं और क्या चाहती हैं।

करवा ने कहा कि इस मगरमच्छ ने मेरे पति के पैर पकड़ लिया था इसलिए आप इसको मृत्युदंड दें और नरक में ले जाएं। यमराज ने कहा कि अभी मगर की आयु शेष है इसलिए समय से पहले मृत्यु नहीं दे सकते। करवा ने कहा कि अगर आप मगरमच्छ को मृत्युदंड देकर मेरे पति को चिरायु का वरदान नहीं देंगे तो मैं अपने तपोबल के माध्यम से आपको नष्ट कर दूंगी। करवा की बात सुनकर यमराज और चित्रगुप्त चौंक गए और सोच में पड़ गए कि आखिर क्या किया जाए। तब यमराज ने मगर को यमलोक भेज दिया और करवा के पति को चिरायु का आशीर्वाद दिया।

चित्रगुप्त ने भी करवा को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया और कहा कि तुमने अपने पति के प्राणों की रक्षा की है, उससे मैं बेहद प्रसन्न हूं। मैं वरदान देता हूं कि आज की तिथि के दिन जो महिला आस्था और विश्वास के साथ तुम्हारा व्रत करेगी, उसके सौभाग्य की रक्षा मैं स्वयं करूंगा। उस दिन कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि थी। जिससे करवा और चौथ के मिलने से इस व्रत का नाम करवा चौथ पड़ा। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने इस व्रत को किया था, जिसका उल्लेख वराह पुराण में मिलता है।

### करवा चौथ की कथा

एक साहूकार के सात लड़के और एक लड़की थी। सातों भाई अपनी बहन से बहुत प्रेम करते थे और एक साथ बैठकर खाना खाते थे। बहन की शादी के बाद पहली बार करवा चौथ आया और उस वक्त अपने मायके थी। रात के समय जब साहूकार के सभी लड़के भोजन करने बैठे तो उन्होंने अपनी बहन से भी भोजन करने को कहा। बहन ने कहा कि आज करवा चौथ का व्रत है, चांद को अर्घ्य देकर ही भोजन करूंगी। बहन को भूख से व्याकुल देख भाइयों ने नगर के बाहर एक पेड़ पर चढ़कर अग्नि जला दी और छलनी में से चांद दिखा दिया। भाइयों ने कहा कि देखो चांद निकल आया है, अब तुम अर्घ्य देकर खाना खालो।

साहूकार की बेटी ने अपनी भाभियों से कहा देखो चांद निकल आया है, तुम लोग भी अर्घ्य देकर भोजन कर लो। ननद की बात सुनकर भाभियों ने कहा कि अभी चांद नहीं निकला है, तुम्हारे भाइयों ने अग्नि जलाकर उसके प्रकाश को चांद के रूप में तुमको दिखा रहे हैं। साहुकार की बेटी ने भाभियों की बात नहीं सुनी और अर्घ्य देकर भोजन करना शुरू कर दिया। पहला टुकड़ा तोड़ा तो उसमें बाल निकल आया, दूसरे पर छींक आ गई और तीसरा टुकड़ा जैसे ही तोड़ा तो ससुराल से पति की मृत्यु की खबर प्राप्त होती है।

पति की मृत्यु खबर सुनकर वह रोने लगी और फिर भाभियों ने पूरी घटना के बारे में बताया और कहा कि ऐसा करने से करवा माता और चंद्र देवता नाराज हो गए हैं। इस बात को सुनकर साहूकार की बेटी प्रण लिया कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं करने देगी और अपने पति के प्राण वापस लाकर रहेगी। एक साल बाद करवा चौथ आता है और वह फिर भाभियों के साथ व्रत का संकल्प लेती है और पूरे विधि विधान के साथ भगवान गणेश और करवा माता की पूजा करती है। इसके बाद उसका श्रीगणेश करते हुए जीवित हो उठता है।

# करवा चौथ पर बेहद शुभ योग



### भूलकर भी व्रत के दौरान ना करें ये काम

करवा चौथ 2022: 13 अक्टूबर दिन गुरुवार को करवा चौथ का व्रत किया जाएगा। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस वर्ष करवा चौथ पर बेहद शुभ योग का निर्माण भी हो रहा है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ सिद्धि योग बन रहा है, इसके साथ ही शुक्र व बुध दोनों कन्या राशि में रहेंगे, जिससे लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। पूरे दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर चांद की पूजा करती हैं और फिर पति का चेहरा देखकर व्रत खोलती हैं। करवा चौथ के व्रत को बेहद पवित्र माना जाता है इसलिए इस दिन महिलाओं को व्रत में कुछ सावधानी बरतनी होती हैं अन्यथा इसका अशुभ प्रभाव पड़ सकता है। आइए जानते हैं करवा चौथ के दिन महिलाओं को किन मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए...

### इन रंगों के कपड़ों से बचें

करवा चौथ के दिन महिलाओं को भूलकर भी काले, नीले, सफेद और भूरे रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इन रंगों के कपड़े पहनना अशुभ माना गया है, ये रंग तेज को कम करते हैं। इस दिन महिलाओं को शुभ रंग जैसे लाल, पीले, हरे आदि रंगों के कपड़े पहनने चाहिए। वहीं नवविवाहित महिलाओं को इस दिन अपनी शादी का जोड़ा पहनना चाहिए।

### इन चीजों का ना करें प्रयोग

करवा चौथ के दिन सुबह के समय माता



पार्वती की पूजा की जाती है और उनको हलवा पूरी का भोग लगाया जाता है। माता पार्वती को लगाया गया भोग सबसे पहले सास को ही दें और इसके साथ ही कुछ भेंट स्वरूप चीज उनको दें। इस दिन महिलाओं को भूल से भी नुकीली चीजें जैसे सुई-धागा, कैंची, सेफ्टी पिन आदि का उपयोग करने से बचना चाहिए।

### ना करें इनका अपमान

करवा चौथ के दिन महिलाएं अपने मन को शांत और पवित्र रखना चाहिए। भूलकर भी किसी बड़े-बुजुर्ग का अपमान नहीं करना चाहिए। मान्यता है कि मन में क्रोध और वाणी पर अपशब्द रखने वाली महिलाओं को व्रत का फल नहीं मिलता है। भले ही आप थाली सजाकर भगवान और चंद्रमा की पूजा करें लेकिन भूलवश किसी का अपमान या किसी का दिल दुखया है तो पूजा अधूरी मानी जाती है।

### इन चीजों से रहें दूर

करवा चौथ के दिन किसी भी सुहागिन महिलाओं को सफेद वस्तु ना दें और लें, ऐसा करना अशुभ माना गया है। चंद्रमा की पूजा से पहले सफेद रंग की चीजें जैसे - दूध, दही, सफेद कपड़ा, चावल आदि चीजों को हाथ नहीं लगाना चाहिए और ना ही किसी को दें। ऐसा करने से चंद्र दोष लग सकता है। साथ ही इस दिन सुहाग की सामग्री जैसे - चूड़ी, सिंदूर, बिंदी आदि चीजों को बिल्कुल ना फेंके।

### ऐसे कार्य करने से बचें

करवा चौथ के दिन महिलाएं भूलकर भी किसी सोते हुए इंसान को नींद से ना जगाएं और बुराई व चुगली करने से बचें। वहीं आज के दौर में कुछ महिलाएं ताश के पत्ते से खेलना पसंद करती हैं, ये गलत है। कहा जाता है करवा चौथ के व्रत के समय ऐसे काम करना शुभ नहीं माना जाता।

### इन नियमों का रखें ध्यान

बहुत सी कुंवारी लड़कियां भी करवा चौथ का व्रत रखती हैं लेकिन उनके लिए नियम अलग हैं। कुंवारी लड़कियों को निर्जला व्रत नहीं रखना चाहिए और सुहागिन महिलाओं की तरह श्रृंगार नहीं करना चाहिए। कुंवारी लड़कियों को चंद्रमा को देखकर नहीं बल्कि सितारों को देखकर अर्घ्य देना चाहिए।

# कुंवारी लड़कियों के लिए अलग हैं करवा चौथ के नियम



करवा चौथ का व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा रखा जाता है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं और चंद्रमा की पूजा करके अपने पति का चेहरा देखकर व्रत का समापन करती हैं। कुंवारी लड़कियां भी मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रख सकती हैं। वहीं जिन जिन लड़कियों की शादी जल्दी होने वाली है, उनके द्वारा भी करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। लेकिन कुंवारी लड़कियों के लिए करवा चौथ व्रत के नियम सुहागिन महिलाओं से अलग होते हैं और उनको इन्हीं नियमों के तहत पूजा-अर्चना करनी चाहिए। आइए जानते हैं कुंवारी लड़कियां या जिनकी जल्द ही शादी होने वाली हो, वे करवा चौथ का व्रत किस तरह रखें और उनको कौन से नियमों का पालन करना चाहिए...

### निर्जला व्रत रखने की बाध्यता नहीं

करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं और पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का समापन करती हैं लेकिन कुंवारी लड़कियों को निर्जला व्रत नहीं रखना चाहिए। कुंवारी लड़कियां को निराहार व्रत रखकर करवा चौथ का व्रत करना चाहिए। कुंवारी लड़कियों के लिए सरगी और बायना का नियम नहीं है इसलिए निर्जला व्रत नहीं कर सकते।

### इनसे लगवाएं हाथों में मेहंदी

करवा चौथ के व्रत में सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं लेकिन कुंवारी लड़कियों को सुहागिन महिलाओं की तरह श्रृंगार नहीं करना चाहिए। कुंवारी लड़कियां सुहाग के रंग जैसे लाल, पीला, हरा आदि रंग के नए वस्त्र पहन सकती हैं और सादगी के साथ इस व्रत को पूर्ण करना चाहिए। साथ ही विवाहित महिलाओं के हाथों से मेहंदी लगवानी चाहिए।

### इस तरह करें पूजा

कुंवारी लड़कियां या जिनकी शादी जल्द होने वाली हो, उनको सुबह के समय भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करनी चाहिए और शाम के समय सुहागिन महिलाओं के साथ करवा चौथ की कथा हाथ में चावल लेकर सुननी चाहिए। साथ ही करवा पूजन में सुहागिन महिलाओं के साथ बैठ सकते हैं लेकिन पूजन में शामिल नहीं हो सकते।

### चंद्रमा की ना करें पूजा

कुंवारी लड़कियां या जिनकी शादी जल्द होने वाली हो, उनके लिए चंद्रमा को अर्घ्य देने का नियम नहीं है। चंद्रमा का अर्घ्य केवल सुहागिन महिलाएं ही दे सकती हैं। इसलिए कुंवारी लड़कियां चंद्रमा को देखकर नहीं बल्कि तारों को देखकर अर्घ्य देना चाहिए और छलनी का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

### करवा माता से मांगे ये आशीर्वाद

कुंवारी लड़कियों को सरगी नहीं मिलती और ना ही बायना निकाला जाता है इसलिए इनको सुहाग की चीजें नहीं देनी चाहिए। कुंवारी लड़कियां करवा माता से सुयोग्य वर की कामना करनी चाहिए और जिनकी शादी जल्द होने वाली हो, वे होने वाले पति के लिए आरोग्य का आशीर्वाद मांगना चाहिए।

### इन चीजों का लगाएं भोग

कुंवारी लड़कियां और जिनकी शादी जल्द होने वाली हो, वे करवा चौथ पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करें और उनको मीठे पकवान का भोग लगाएं। इन्हीं पकवान से करवा चौथ के व्रत का पारण करना चाहिए।

# दिवाली पर इन राशियों के लिए सोना-चांदी खरीदना होगा फायदेमंद



दिवाली पर सोना चांदी खरीदना अच्छा शगुन माना जाता है। लेकिन इस साल दिवाली धनतेरस के आस-पास सूर्य ग्रहण भी लगने जा रहा है और शनि की चाल बदलने जा रही है। ऐसे में सोना चांदी खरीदना कितना शुभ होगा और सोना चांदी की कीमत पर सूर्य ग्रहण में ग्रहों की स्थिति पर क्या प्रभाव होगा। आइए जानते हैं अबकी बार दिवाली धनतेरस पर किन राशियों के लिए सोना चांदी खरीदना होगा लाभप्रद।

इस साल गोवर्धन पूजा के दिन 25 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। इस समय सूर्य तुला राशि में होंगे। सूर्य के साथ यहां शुक्र भी होंगे। ऐसे में चांदी की तुलना में सोने की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव रहेगा। चांदी की कीमत अक्टूबर-दिसंबर के बीच स्थिर रहेगी और पौष एवं कार्तिक माह के बीच 15 दिनों के लिए इसमें तेजी देखी जाएगी।

जबकि सोने में 15 नवंबर तक कीमतों में तेजी का रुझान देख सकते हैं। 15 नवंबर से 31 दिसंबर तक कीमतों में उतार-चढ़ाव रहेगा। इस समयावधि में तेजी की उम्मीद नहीं है। जो लोग सोने और चांदी का व्यापार करते हैं, उन्हें दिसंबर 2022 तक ज्यादा नुकसान नहीं होगा। जो गुरुवार को सोना खरीदेंगे उन्हें अन्य दिनों की तुलना में अधिक लाभ होगा। वैसे इस मामले में अन्य तकनीकी मापदंडों को भी आंका जाना चाहिए।

आइए देखें कि सोने-चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव का सभी राशियों पर क्या असर रहेगा। इस वर्ष सूर्य ग्रहण तुला राशि और स्वाति नक्षत्र में लगेगा। सूर्य, चंद्र, बुध, शुक्र सभी तुला राशि में रहेंगे। एक अन्य महत्वपूर्ण विचार यह है कि तुला राशि शनि के लिए उच्च राशि और सूर्य के लिए नीच राशि है। 23 अक्टूबर से शनि मार्गी चलेंगे। शनि की दसवीं दृष्टि इस राशि पर होगी। तो इस राशि पर अत्यधिक प्रभाव पड़ेगा।

**तुला, कर्क, मेष, मकर** राशि के जातकों के लिए इंट्राडे आधार पर सोने का व्यापार करना शुभ परिणाम नहीं देगा। पौष माह जो लगभग 18 जनवरी 2023 को समाप्त हो रहा है, इसके बाद ही सोने की खरीद बिक्री में आपको लाभ मिलता दिख रहा है।

स्थिर राशि वृषभ, सिंह, वृश्चिक, कुंभ राशि के लिए सूर्य ग्रहण सकारात्मक परिणाम लाएगा। सूर्य से संबंधित कोई भी दान जैसे गेहूं, सूर्य मंत्र का जप सकारात्मक परिणाम देगा। इस राशि के लोगों को सोने चांदी की खरीदारी में सोच समझकर धन लगाना चाहिए। लाभ आंशिक रहेगा।

द्विस्वभाव राशि मिथुन, कन्या, धनु, के लिए सूर्य ग्रहण सबसे सकारात्मक परिणाम लाएगा। व्यापार में बैंकों, लेनदारों के साथ कोई समझौता लाभकारी होगा। शांतिपूर्ण समाधान निकल कर आएगा। इस राशि के लोग सोने चांदी में चाहें तो निवेश कर सकते हैं।

### दिवाली पर सोना खरीदने का यह है शुभ मुहूर्त

जो कोई भी अक्टूबर में दिवाली के लिए सोना या चांदी खरीदना चाहता है, उसे शुभ मुहूर्त पर खरीदारी करनी चाहिए। 23 अक्टूबर 2023 को सूर्यास्त से पहले धनतेरस के दिन धातु खरीदने के लिए अच्छा मुहूर्त है। वैसे 22 अक्टूबर 2022 से 27 अक्टूबर 2023 के बीच आप अपने उपयोग के लिए सोना खरीद रहे हैं तो उपयोग करने से पहले धातु की पूजा कर लें। इससे धातु दोष से बचाव होगा।

## करवा चौथ पर चांद न दिखे तो इस तरह खोलें करवा चौथ का व्रत

करवा चौथ पर चांद को देखकर व्रत खोलने की परंपरा है। इस साल 13 अक्टूबर को करवा चौथ है और इस दिन कई राज्यों और शहरों में आसमान में बादल लगे रहने की आशंका जतायी जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर करवा चौथ की रात चांद दिखाई न दे तो कैसे करवा चौथ का व्रत खोलेंगे। क्या चांद के इंतजार में आपको पूरी रात व्रत रखना होगा या चतुर्थी तिथि समाप्त होने तक व्रत रखना होगा। आइए जानते हैं कि चांद न दिखने पर करवा चौथ का व्रत कैसा खोल सकते हैं।

करवाचौथ पर चांद बादलों में छुपकर आपको देख रहा है तो परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आप भले चांद को न देख पाएं लेकिन चांद तो आपको देख रहा है तो इस बात से आपको खुश होना चाहिए क्योंकि चांद भले ही बादल में छुपकर बैठकर रहे लेकिन चांद को तो अपने समय पर निकलना ही है तो बस आप जिस जगह पर रह रहे हैं वहां पर जो चंद्रोदय का समय है उस समय को मानकर चंद्रमा की पूजा करें।

एक सफेद कागज पर चांद की आकृति बना लें और उसे अपने पति के हाथों में दे दें। फिर छलनी में दीप रखकर उस चांद को देख लें। मन में चांद की छवि का ध्यान करें जैसे कि भगवान की फोटो या मूर्ति को सामने रखकर आप उनकी पूजा करते हैं और मन में भगवान का ध्यान करते हैं।

इस तरह से आपका व्रत धार्मिक विधि विधान के साथ पूरा हो जाएगा और आपको चंद्र देवता के दर्शन पूजन का पुण्य भी मिल जाएगा।

आपको बता दें कि बादलों में चांद के छिपे होने पर करवा चौथ का व्रत कैसे खोलना चाहिए इस विषय में शास्त्र मौन है। इसलिए धर्मिक और ज्योतिष विषयों के जानकर सद्गुरु नाम से प्रसिद्ध डा. स्वामी आनंदजी कहते हैं कि हिंदू धर्म में मूर्ति और तस्वीर को सामने रखकर पूजा करने का विधान है इसमें व्यक्ति की आस्था और मन में ईश्वर का ध्यान होना ही मूर्ति और तस्वीरों में प्राण फूंक देता है और मूर्ति एवं तस्वीर में देवी-देवताओं का वास हो जाता है।

इसी नियम के अनुसार ही चांद की तस्वीर सामने रखकर भी व्रत को पूरा किया जा सकता है। लेकिन चांद की तस्वीर देखकर व्रत तभी खोलें जब बादलों से चांद चंद्रोदय का समय बीत जाने पर भी न दिखाई दे। चंद्रोदय का समय हो जाने पर ही इस विधि से व्रत खोल सकते हैं।

# 'दिल, दोस्ती, डांस' से मिली घर-घर में पहचान, आज इंडस्ट्री की शान हैं शक्ति मोहन

**12 अक्टूबर को शक्ति मोहन 37वां बर्थडे मना चुकी हैं. उनके जन्मदिन के अवसर पर जानते हैं इस डांसर के जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें-**



शक्ति मोहन का जन्म 12 अक्टूबर 1985 को हुआ था. शक्ति मोहन एक डांसर और कोरियोग्राफर हैं. वह जी टीवी के डांस रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' की विजेता रह चुकी हैं. उन्होंने डांस पर आधारित शो 'दिल, दोस्ती और डांस' में मुख्य किरदार निभाया था. शक्ति मोहन ने 2014 में कलर्स के डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' में हिस्सा लिया था. उन्होंने फिल्म 'पद्मावत' के गाने 'नैनोवाले' से बतौर कोरियोग्राफर अपने करियर की शुरुआत की थी. शक्ति मोहन, बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन की छोटी बहन हैं और वह डांसर मुक्ति मोहन की बड़ी बहन हैं. उनका अपना 'नृत्य शक्ति' नामक डांस स्टूडियो भी है. शक्ति मोहन, ने रणबीर कपूर की फिल्म 'शमशेरा' का एक गाना कोरियोग्राफ किया है।

# बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग सोनाक्षी सिन्हा को देख फैंस बोले- बेमिसाल जोड़ी

बॉलीवुड के रूमर्ड कपल सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल को बीती रात एक साथ टाइम स्पेंड करते हुए देखा गया. बता दें कि काफी लंबे समय से इनके अफेयर की अटकलें लगाई जा रही हैं. हालांकि इन अटकलों को सोनाक्षी ने कभी कुछ नहीं कहा और जहिर को हमेशा बेस्ट फ्रेंड बता कर इन अटकलों को नजरअंदाज किया है. सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'डबल एक्सएल' को लेकर चर्चा में हैं. यह फिल्म 4 नवम्बर को सिनेमाघरों में देखी जाएगी. फिल्म रिलीज से पहले सोनाक्षी इसका जमकर प्रमोशन कर रही हैं. वह इसे बॉक्स ऑफिस पर हिट बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं. अब फिल्म प्रमोशन के बीच बीती रात को सोनाक्षी को उनके रूमर्ड लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एक्टर जहीर इकबाल के साथ देखा गया. हालांकि इस बार मजेदार बात ये रही कि दोनों ने पैपराजी को इग्नोर नहीं किया और एकसाथ पैपराजी को पोज दिया. इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें रूमर्ड कपल को एकसाथ देख कर उनके चाहने वाले इस जोड़ी को बेस्ट जोड़ी बता रहे हैं.

दरअसल, बीती रात को सोनाक्षी सिन्हा को मुबंई के बांद्रा में स्पॉट किया गया. इस दौरान उनके साथ जहीर इकबाल भी थे. इंस्टाग्राम पर विरल भयानी द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि सोनाक्षी अपने लुक में कितनी हंसीन लग रही हैं. ह्वाइट-रेड मैचिंग लॉन्ग स्कर्ट और क्रॉप टॉप में वह एकदम किलर लग रही हैं. जबकि जहीर ब्लैक टी-शर्ट और जींस में कैजुअल दिखाई दिए. वीडियो में दोनों एक साथ मुस्कुराते हुए एकदूजे के संग पैपराजी के लिए फोटो क्लिक करा कर फैंस और पैपराजी का दिल जीत लिया.



### फैंस को पसंद आई जोड़ी

सोनाक्षी-जहीर की इस वीडियो को देखने के बाद फैंस बेहद खुश हैं. विरल भयानी के पोस्ट पर फैंस हार्ट,फ्लावर और फायर इमोजी शेयर कर दोनों की जोड़ी को बेमिसाल बता रहे हैं. फैंस का कहना है वीडियो में दोनों कपल गोल्स देते हुए शानदार दिख रहे हैं.

# जाह्नवी कपूर ने बहन खुशी के बॉलीवुड डेब्यू पर किया रिएक्ट

**जाह्नवी कपूर** को हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'गुड लक जैरी' में देखा गया. उनकी यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई. अब इस फिल्म के बाद जाह्नवी जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव के साथ सिल्वर स्क्रीन पर दिखने वाली हैं. बता दें कि जाह्नवी के लिए आने वाला दिन बेहद खास होने वाला है क्योंकि उनकी बहन खुशी कपूर और उनके पिता बोनी कपूर भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं. अब अपनी बहन और पिता के बॉलीवुड डेब्यू पर जाह्नवी ने अपना रिएक्शन दिया और बताया उन्हें कैसा लग रहा है.




आपको बता दें कि खुशी जहां जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज अपना डेब्यू करेंगी तो वहीं, बोनी कपूर लव रंजन की आने वाली फिल्म से डेब्यू करेंगे. हालांकि बोनी की आने वाली फिल्म का टाइटल भी कन्फर्म नहीं हुआ है, लेकिन इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है. इस फिल्म में बोनी के साथ रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं. जाह्नवी कपूर से जब उनके पिता और बहन के डेब्यू को लेकर सवाल किया गया तो अपनी खुशी जताई.

जाह्नवी ने खुशी के डेब्यू पर बात करते हुए कहा,'क्या ख़ुशी स्क्रीन पर लाइटअप नहीं करती है? ईमानदारी से, अगर आप मेरी बहन को खुले दिमाग और दिल से निष्पक्ष रूप से देखते हैं, तो वह इतनी शुद्ध है कि आप इसे उसके चेहरे पर देख सकते हैं. यह उसकी सबसे ज्यादा खास बात है'.

बता दें कि 'द आर्चीज' से खुशी का लुक सामने आ चुका है जो लोगों को काफी पसंद आया. बता दें कि खुशी के साथ इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और मिहिर आहूजा, युवराज मेंडा और वेदांग रैना के भी डेब्यू करने वाला है. यह फिल्म 2023 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी.

# सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अगले साल करेंगे शादी, जल्द करेंगे तारीख का ऐलान





**फिल्म 'शेरशाह'** से सुर्खियां बटोरने वाली सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की जोड़ी रील लाइफ में साथ आने के बाद जल्द ही रीयल लाइफ में भी एक दूसरे की होने जा रही है. अपनी एक्टिंग और पर्सनालिटी से लोगों को अपना कायल बनाने वाले सिद्धार्थ और खूबसूरत कियारा जल्द ही शादी करने जा रहे हैं. इसे लेकर वे काफी ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे है. कॉफी विद करण के 7वें सीजन के हालिया एपिसोड में फिल्म 'कबीर सिंह' स्टारर शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी की जोड़ी पहुंची. इसमें कियारा ने खुलासा करते हुए कहा कि, उनका सिद्धार्थ के साथ रिश्ता दोस्ती से बढ़कर है. इसके तुरंत बाद शाहिद बोल पड़े कि साल के अंत तक एक बड़ी घोषणा हो सकती है जो फिल्म से जुड़ी नहीं होगी. इस पर करण जौहर ने इस पर मजाकिया अंदाज में शाहिद से सिद्धार्थ और कियारा की शादी में 'डोला रे डोला' गाने पर नाचने के लिए कहा. मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो यह खूबसूरत जोड़ी अगले साल अप्रैल 2023 तक शादी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है. बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक, एक दूसरे के प्यार में डूबी यह जोड़ी शादी करने को बेकरार है. साथ ही इस खबर के बाद से ही उनके फैंस भी शादी को लेकर काफी उत्साहित हैं. सिद्धार्थ और कियारा के रिश्ते की बात करें तो दोनों के बीच नजदीकियां फिल्म शेरशाह के सेट पर आने से पहले ही बढ़ चुकी थी.

यही बात कियारा ने कॉफी विद करण शो में कही. उन्होंने कहा कि पार्टी में मुलाकात के बाद दोनों के बीच रिश्ता और गहरा हो गया है. इसके बाद दोनों एक दूसरे को डेट करने लगे.

इस जोड़ी को एक साथ प्रोड्यूसर अश्विनी यार्डी की बर्थडे पार्टी में देखा गया था. आपको बता दें कि सिद्धार्थ और कियारा का शादी समारोह दिल्ली में हो सकता है. शादी की सभी रश्में सिद्धार्थ के दिल्ली स्थित घर पर होंगी. साथ ही पहले कॉकटेल पार्टी और फिर रिसेप्शन के साथ दोनों शादी करेंगे.

## हिजाब के विरोध में उतरीं एलनाज नोरौजी, बिकिनी में फोटो शेयर कर लिखा- 'माय बॉडी माय चॉइस'



**महिलाओं के** हिजाब को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। एक तरफ ईरान में पुलिस हिजाब न पहनने पर लड़कियों को हिरासत में ले रही है। वहीं, दूसरी तरफ, भारत में इसके खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। हाल ही में नेटफ्लिक्स की हिट वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' फेम अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने भी इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। हिजाब विवाद में कूदी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर ईरान में महिलाओं के प्रदर्शन का समर्थन किया है। एलनाज ने हिजाब का विरोध करते हुए अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। एलनाज ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हर महिला को, चाहे वह दुनिया में कहीं भी, चाहे वह कहीं से भी आई हो, उसे यह अधिकार होना चाहिए कि वह जो चाहे पहन वह सके है। जब या जहां चाहे वहां पहन सके। किसी भी पुरुष या किसी अन्य महिला को यह अधिकार नहीं है कि वह उसे जज करे या उसे अन्यथा कपड़े पहनने के लिए कहे। एलनाज आगे लिखती हैं, हर किसी के अलग-अलग विचार और विश्वास होते हैं और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। लोकतंत्र का अर्थ है निर्णय लेने की शक्ति... प्रत्येक महिला को अपने शरीर पर निर्णय लेने की शक्ति होनी चाहिए! मैं नग्नता को बढ़ावा नहीं दे रही हूं, मैं 'पसंद की स्वतंत्रता' को बढ़ावा दे रही हूं!

## यूएसएस में दिखा चिरंजीवी की 'गॉडफादर' का जलवा, 7 ही दिन में 9 करोड़ की कमाई की



**चिरंजीवी और सलमान** खानस्टारर फिल्म 'गॉडफादर'को लेकर कहा जा रहा है कि वो अब फ्लॉप होने की कगार पर पहुंचती नजर आ रही है. इस मूवी से 'भाईजान' ने साउथ में डेब्यू किया था. अब फिल्म के कलेक्शन के आंकड़ों के अनुसार उनका डेब्यू फीका पड़ता नजर आ रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मूवी हिंदी में कमाल नहीं कर पाई है. इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 100 करोड़ के पार पहुंच गया है. वहीं, अब फिल्म ने यूएसए में भी शानदार परफॉर्म किया है. इसने 1.1 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है. चिरंजीवी की ये तीसरी फिल्म है, जिसने यूएसए में एक मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया है.

मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म 'गॉडफादर' के यूएसएस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर बताया जा रहा है कि इसने 1.1 मिलियन डॉलर का कलेक्शन पार कर लिया है. इसे 5 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था. इसका ये आंकड़ा महज सात दिनों के भीतर का है. मूवी ने ओपनिंग डे पर ही अच्छा खासा कलेक्शन किया था. इसके बाद पहले वीक तक में मूवी ने अच्छा खासा कलेक्शन किया है. इसके बाद कलेक्शन में थोड़ी गिरावट देखी गई. मगर मूवी को यूएसए में अच्छा रिस्पांस मिला है. अगर 1.1 मिलियन डॉलर (11 लाख डॉलर) को रुपए में देखा जाए तो ये करीब 9 करोड़ रुपए होंगे.

# पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी को डेट कर रहे रैपर बादशाह, 1 साल बाद हुआ खुलासा





## पहली पत्नी से अलगाव के बाद रिलेशनशिप में आए बादशाह

सिंगर और रैपर बादशाह पहली शादी के टूटने के बाद से ही सिंगल का टैग लगाए हुए थे. अब बादशाह सिंगल नहीं हैं. बल्कि एक खूबसूरत पंजाबी एक्ट्रेस को डेट कर रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बादशाह इन दिनों पंजाब की खूबसूरत अभिनेत्री ईशा रिखी के साथ रिलेशनशिप हैं. रिपोर्ट के मुताबिक बादशाह ईशा रिखी के साथ रिलेशनशिप में हैं.

### रिलेशनशिप को रखते हैं लो प्रोफाइल

बता दें कि बादशाह हाल ही में वेब सीरीज में नजर आए थे. बादशाह ने हाल ही में करण जौहर से बात करते हुए खुद को सिंगल बताया था. इसके बाद अब मीडिया में खबर है कि बादशाह ईशा रिखी को डेट कर रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों एक कॉमन फ्रेंड की पार्टी में मिले थे. इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई और इन दिनों दोनों रिलेशनशिप में हैं. हालांकि बादशाह अपनी निजी जिंदगी को लो प्रोफाइल रखना पसंद करते हैं. बताया जा रहा है कि दोनों करीब 1 साल से रिलेशनशिप में हैं.

### दोनों ने घर पर बताई बात

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बादशाह और ईशा रिखी ने अपने रिलेशनशिप के बारे में घरवालों को भी बता दिया है. दोनों की मुलाकात एक पार्टी में हुई थी. इसके बाद दोनों के विचारों में काफी समानता दिखी. दोनों एक दूसरे को काफी पसंद करते हैं. हालांकि रिलेशनशिप को लेकर दोनों ज्यादा जल्दी नहीं चाहते हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने एक दूसरे बारे में अपने परिवारजनों को भी बता दिया है.

बता दें कि बादशाह की पहले ही शादी हो चुकी है. हालांकि उनकी पत्नी के साथ ही विवाद के बाद दोनों अलग हैं. बादशाह की पत्नी जैसमीन अब अलग रहती हैं. साल 2019 में दोनों के बीच विवाद की खबरें सामने आईं थीं. दोनों की एक बेटी भी है. हालांकि विवाद के बाद दोनों ने अलग रहने का फैसला लिया है. जैसमीन बेटी के साथ लंदन में रहती हैं. वहीं बादशाह दिल्ली, मुंबई और चंडीगढ़ में रहते हैं।

# अर्थराइटिस के दर्द से हैं परेशान, तो डाइट में शामिल करें इन फूड्स को

**अक्सर लोग** बढ़ती उम्र में गठिया यानी अर्थराइटिस की समस्या से ग्रस्त हो जाते हैं. अर्थराइटिस होने पर हड्डियों और ज्वाइंट्स में सूजन, दर्द और स्टिफनेस आ जाती है. कई बार दर्द इतना बढ़ जाता है कि चलना-फिरना भी दूभर हो जाता है. आजकल ये समस्या इतनी कॉमन हो गई है कि कम उम्र के लोगों में भी देखने को मिल रही है. इसकी वजह है खानपान में उन चीज़ों को शामिल नहीं करना, जो हड्डियों को मजबूती देते हैं. अर्थराइटिस, ऑस्टियोअर्थराइटिस, रूमेटाइड अर्थराइटिस जैसी बीमारियों से बचाते हैं. ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं, जो अर्थराइटिस के सूजन और जोड़ों में होने वाले दर्द को कम कर सकते हैं. जानें, अर्थराइटिस होने पर किन फूड्स का सेवन आपको करने से आराम मिल सकता है.



**अर्थराइटिस में क्या खाएं**

*** मछली**

यदि आपको अर्थराइटिस की समस्या से ग्रस्त है तो आप अपने खानपान में फैटी फिश को शामिल करें. सैल्मन, सार्डिन्स जैसी मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स भरपूर होते हैं. इनके सेवन से एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव होता है. इससे सूजन, दर्द काफी हद तक कम हो सकता है. ओमेगा-3 फैटी एसिड सप्लीमेंट्स ज्वाइंट पेन की तीव्रता को भी कम करते हैं. साथ ही मछली में विटामिन डी भी होता है, जो इसकी कमी को दूर करता है और हड्डियों की समस्याओं से बचाता है. कुछ स्टडी के अनुसार, विटामिन डी की कमी होने से रूमेटाइड अर्थराइटिस की समस्या बढ़ सकती है.

*** लहसुन**

लहसुन के कई सेहत लाभ होते हैं. उन्हीं में से एक है अर्थराइटिस की समस्या से बचाव करना. साथ ही लहसुन में कैंसर से लड़ने वाली प्रॉपर्टीज भी होती हैं. इसमें मौजूद कुछ कम्पाउंड हार्ट डिजीज और डिमेंशिया के होने के रिस्क को कम करते हैं. इसके अलाव, लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव भी होता है, जो गठिया के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है. आप लहसुन की दो से तीन कली कच्चा खाएं, साथ ही सब्जियों में इसका भरपूर इस्तेमाल करें.

*** ब्रोकली**

यदि आपको अर्थराइटिस की समस्या है या इस रोग से बचे रहना चाहते हैं तो ब्रोकली का भी सेवन जरूर करें. ब्रोकली इंफ्लेमेशन को कम करती है. ब्रोकली में मौजूद सल्फोराफेन कम्पाउंड अर्थराइटिस के लक्षणों को कम करने में कारगर होते हैं. ये कम्पाउंड कुछ खास किस्म के इंफ्लेमेटरी मार्कर्स के प्रोडक्शन को कम करते हैं, जो रूमटाइड अर्थराइटिस का कारण बनते हैं.



**बेरीज**

बेरीज कई तरह की होती हैं और सभी में एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और मिनरल्स भरपूर होते हैं. ये सभी इंफ्लेमेशन या सूजन को कम करने में कारगर होते हैं. बेरीज विटामिन सी से भी भरपूर होते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं. आप बेरीज के सेवन से कई तरह की बीमारियों से बचे रह सकते हैं.

***एवोकाडो**

एवोकाडो का सेवन लोग कम करते हैं, लेकिन आपको अर्थराइटिस, ऑस्टियोअर्थराइटिस है तो इस फल को डाइट में शामिल करें. एवोकाडो में विटामिन सी, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं, जो दर्द और सूजन की परेशानी को दूर करते हैं. नियमित रूप से एवोकाडो खाएंगे तो अर्थराइटिस होने की संभावना काफी हद तक कम हो सकती है।

# आधी उम्र के बाद बीमारियों की वजह आपकी दिनचर्या

## गलत लाइफस्टाइल से जोखिम 20 गुना अधिक

यह आम धारणा है कि जो बीमारियां आपके माता-पिता को होती हैं, आनुवंशिक (जेनेटिक) रूप से आपको भी हो सकती हैं। लेकिन यह धारणा अब गलत साबित हो सकती है। दरअसल, बीमारियों पर जीन का असर सिर्फ एक निर्धारित उम्र तक ही पड़ता है। उम्र बढ़ने के साथ आपके जीन से ज्यादा आपके रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या का असर बीमारी होने के जोखिम को बढ़ाता है।



**बीमारियां वातावरण पर निर्भर करती हैं**

दरअसल, हाल ही में जीव विज्ञान के सहायक प्रो यूसी बर्कली और सेंटर फॉर कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के सदस्य पीटर सुदमंत के शोध में खुलासा हुआ है कि बीमारियां जीन (आनुवंशिक) के आधार पर निर्धारित नहीं होती हैं। 50 साल की उम्र के बाद आप किस बीमारी से पीड़ित होंगे यह आपके वातावरण पर निर्भर करता है। आप किस हवा में सांस ले रहे हैं और कैसा पानी पी रहे है यह ज्यादा मायने रखता है। ऐसा इसलिए क्योंकि निर्धारित उम्र बढ़ने के बाद जीन का प्रभाव नहीं पड़ता है।

इसके लिए शोधकर्ताओं ने 1,000 लोगों से इकट्ठा किए गए 27 अलग-अलग मानव ऊतकों पर आनुवंशिकी और उम्र बढ़ने के प्रभाव का आकलन किया। उन्होंने पाया कि बीमारी होने के लिए उम्र बढ़ने का प्रभाव आनुवंशिकी की अपेक्षा 20 गुना ज्यादा होता है। जैसे-जैसे लोग बड़े होते हैं, वैसे-वैसे वे जीन कैंसर के उत्परिवर्तन के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते जाते हैं। बर्कली के रिसर्चर्स का कहना है कि आपको विरासत में मिले जीन कम मायने रखते हैं।

**बढ़ती उम्र से अल्जाइमर, डायबिटीज का खतरा**

सभी लोगों में उम्र बढ़ने के साथ ही अल्जाइमर, कैंसर, हार्ट अटैक, डायबिटीज होने का जोखिम होता है। वास्तव में जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है जीन के हाव-भाव कम होते जाते हैं। हालांकि हमें बढ़ती उम्र के साथ ही इन बीमारियों के कारणों की पहचान करते रहना चाहिए।

# अक्टूबर में अधिक होती हैं किडनी से संबंधित समस्याएं !

**किडनी शरीर** से विषाक्तता को कम करने के साथ खून को साफ करने और शरीर से अतिरिक्त तरल पदार्थों को बाहर करने में मदद करती है। डॉक्टर्स कहते हैं, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी से लेकर आहार से संबंधित विकारों के कारण किडनी की समस्याएं काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। हाई डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों के शिकार लोगों में किडनी की समस्या विकसित होने का खतरा और भी अधिक देखा गया है। यही कारण है कि सभी लोगों को किडनी को स्वस्थ रखने वाले उपाय करते रहने की सलाह दी जाती है। किडनी में होने वाली बीमारियां कुछ स्थितियों में बेहद गंभीर रूप ले सकती हैं, इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है।

वैसे तो किडनी की बीमारी किसी को भी, कभी भी हो सकती है, पर क्या आप जानते हैं कि अक्तूबर के महीने में किडनी से संबंधित बीमारियों का जोखिम अधिक देखा जाता है। यह सुनने में जरूर अचरज वाला लग सकता है पर विशेषज्ञ कहते हैं, इस मौसम की कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां किडनी की सेहत पर असर डाल सकती हैं, जिसके कारण लोगों में इससे संबंधित विकारों का खतरा अधिक हो सकता है।



**किडनी की बीमारियों से करें बचाव**

विशेषज्ञों के अनुसार, वैसे तो इसका कोई ठोस वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है पर इस मौसम की कुछ परिस्थितियां किडनी की सेहत को जरूर गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण स्वाभाविक तौर पर अक्तूबर में लोग पानी पीना कम कर देते हैं, इसके कारण किडनी की सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है। अक्तूबर की आर्द्र परिस्थितियों का भी शरीर के इस अंग पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा गया है। इसके अलावा मौसम बदलने के साथ कई प्रकार के वायरस भी सक्रिय हो जाते हैं जो यूटीआई जैसे संक्रमण का कारण बन सकते हैं, जिनपर समय रहते ध्यान न देना या इलाज न होना किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

**ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता**

डॉक्टर्स कहते हैं जिन लोगों को डायबिटिज या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है उन्हें किडनी की सेहत को लेकर लगातार विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए। मधुमेह वाले लोगों में उच्च रक्त शर्करा की स्थिति किडनी फेलियर जैसी गंभीर समस्याओं का भी कारण बन सकती है। इसी तरह से हाइपरटेंशन यानी कि हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति का भी किडनी पर नकारात्मक असर देखा गया है। इन दोनों ही बीमारियों को कंट्रोल में रखना किडनी को सेहतमंद बनाए रखने के लिए अति आवश्यक माना जाता है। इसके अलावा किडनी की बीमारियों से बचाव के लिए कुछ बातों का और भी ध्यान रखना चाहिए।

**किडनी को स्वस्थ रखने के उपाय**

डॉक्टर्स कहते हैं, सभी उम्र के लोगों के लिए निरंतर किडनी की सेहत पर ध्यान देते रहना आवश्यक है। इसके लिए आहार को स्वस्थ और पौष्टिक रखें।


अधिक सोडियम, प्रोसेस्ड मीट जैसी चीजें किडनी के लिए हानिकारक होती हैं। ताजे फल और सब्जियों का सेवन करते रहना किडनी की सेहत को बेहतर रखने के लिए आवश्यक है।

किडनी की बीमारियों को कम करने के लिए दिनभर में 3-4 लीटर तक पानी पीते रहें। पानी, आपकी किडनी से सोडियम और विषाक्त पदार्थों को साफ बाहर करने में मदद करती है। धूम्रपान की आदत किडनी के लिए हानिकारक है, अध्ययनों में पाया गया है कि धूम्रपान करने वालों में अन्य लोगों की तुलना में समय के साथ किडनी विकारों के विकसित होने का खतरा अधिक होता है।

# स्मार्टफोन हमें बीमार बना रहे

## इनके इस्तेमाल से आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही

**स्मार्टफोन** कब जरूरत से आदत बन गया, हमें पता भी नहीं चला। हम जहां कहीं भी हों, अकेले या भीड़ में, स्मार्टफोन से घिरे हुए हैं। ये हमें बीमार बना रहे हैं। मानसिक भी और शारीरिक तौर पर भी। स्मार्टफोन का ज्यादा इस्तेमाल हमें थका रहा है। डिप्रेशन और चिंता की वजह बन रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि हमें हमारे ही स्मार्टफोन से दूर रखने के लिए कंपनियां खुल गई हैं। ऐसे डिवाइस बन रहे हैं, जो हमें फोन से दूर रखने में मदद करते हैं।



**छोटे बदलाव जो स्मार्टफोन की लत से बचा सकते हैं...**

सबसे पहले अपने मोबाइल के सारे नोटिफिकेशन बंद कर दें।

सोते या फिर काम करते वक्त जब संभव हो मोबाइल दूर रखें।

सोशल मीडिया ऐप्स का इस्तेमाल मोबाइल की बजाय लैपटॉप में करें।

फेस अनलॉक या फिंगर लॉक के बजाय लंबा पासवर्ड डालें।

स्मार्टफोन पर जो काम करने हैं उनकी लिस्ट बना लें, काम खत्म करने के बाद फोन को रख दें।

फोन की स्क्रीन को ग्रे स्केल में सेट कर देंगे तो हम सूचनाओं को लेकर बहुत ज्यादा आकर्षित नहीं हो पाएंगे।

स्मार्टफोन लॉन्च होते ही खरीदने की रेस में न पड़ें। पुराने फोन में ज्यादा ऐप नहीं आ पाते, इससे भी रुचि घटती है।

ऐसी ही एक कंपनी योंडर है। यह ऐसा मोबाइल बैग बनाती है, जिसमें मोबाइल रखकर निश्चित समय के लिए लॉक किया जा सकता है। किसी कॉन्फ्रेंस या कॉन्सर्ट, स्कूल-कॉलेज, मीटिंग या फिर परिवार और दोस्तों के साथ समय गुजारने के लिए इसका इस्तेमाल हो रहा है। क्रिएटिव काम करने वाले लोगों, जैसे लेखक, संगीतकार, शिक्षक आदि के लिए मोबाइल से दूरी बनाना और ज्यादा जरूरी है। वे भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।

**स्मार्टफोन फोकस और नींद का दुश्मन**

दरअसल, योंडर जैसी कंपनियों का खुलना ही अपने आप में यह बताता है कि हम मोबाइल के नशे की गिरफ्त में आ गए हैं। एनवाईयू स्टर्न स्कूल के प्रोफेसर अदम अल्टर कहते हैं- हमारा स्मार्टफोन हमें कहीं ध्यान केंद्रित नहीं करने देता। सड़कों पर चलने या गाड़ी चलाने के दौरान हमें खतरनाक तौर पर लापरवाह बनाता है। मैकगिल यूनिवर्सिटी के जे ऑल्सन कहते हैं- स्मार्टफोन एकाग्रता का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह अनिद्रा के साथ-साथ हमें कम सामाजिक बनाता है। इससे बच्चों और किशोरों में मोटापा बढ़ता है क्योंकि वे बिना भूख के भी खाते हैं। नए अध्ययनों से पता चला है कि मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ा रहा है।

# पैरेंट्स और बच्चे के बीच जेनरेशन गैप को कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**समझदारी** की कमी, कम सहनशीलता और खुले विचारों का अभाव ही इस गैप को बढ़ाते हैं. इसलिए यह बहुत जरूरी है कि पैरेंट्स समय के साथ अपने आप को बदलें और नया सीखने का प्रयास करें. अगर पैरेंट्स के अंदर इच्छाशक्ति हो तो इस जनरेशन गैप को आसानी से दूर किया जा सकता है.



**दिमाग को रखें हमेशा खुला**

हमेशा बच्चे को हर चीज के लिए जज नहीं किया जाना चाहिए. ओनली माई हेल्थ के मुताबिक ओपन-माइंडेड और जीने के नए मानक सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए. पैरेंट्स को जीवन जीने का तरीका बच्चों को बताना चाहिए लेकिन बच्चों से ऐसा करने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए और न ही नियमों को थोपना चाहिए. बच्चे जो कहते हैं उसे पहले सुनें, समझें और उसके बाद प्रतिक्रिया दें. पैरेंट्स ने जीवन कैसे व्यतीत किया है इसे बार-बार सुनकर बच्चे चिढ़ जाते हैं. इसलिए पैरेंट्स को पहले से कोई सोच बनाए बगैर खुले दिमाग से बच्चे की बात सुनना और समझना चाहिए.

**बच्चों से बात करें**

कुछ बातें ऐसी होती हैं जिन्हें बच्चा पैरेंट्स के साथ शेयर करने में कम्फर्टेबल नहीं होता है. पैरेंट्स के दिमाग में कुछ बातें पहले से होती हैं, इसलिए बच्चे बात करने में डरते हैं. ये पढ़ाई, डेटिंग, लव मैरिज या ऐसी ही कोई बात हो सकती है. ऐसे में बच्चा मदद के लिए किसी और के पास जाएगा, जो शायद सही सलाह दे या न दे, इसकी कोई गारंटी नहीं है. इसलिए पैरेंट्स को बच्चे के साथ एक भरोसेमंद रिश्ता बनाने की जरूरत होती है, ताकि वे किसी भी तरह की मदद के लिए सीधे पैरेंट्स के पास बिना किसी डर के आ सकें. ऐसा बच्चों के साथ बार-बार बात करके ही किया जा सकता है. बच्चों के साथ हर तरह की चर्चा के लिए पैरेंट्स को तैयार और खुला रहना चाहिए. इससे पैरेंट्स और बच्चों के बीच मतभेदों को दूर करने में भी मदद मिलेगी.

**एक अच्छा सुनने वाला बनें**

अगर बच्चा गलती करता है या एग्जाम में फेल हो जाता है, तो उसे डांटे नहीं. इसके बजाय बच्चे से बात करें कि ऐसा क्यों हुआ. बच्चे को बात रखने का मौका दें और उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें. कभी-कभी सिर्फ सुनना और कुछ न बोलना भी रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी होता है.

**समझने की कोशिश करें**


किसी भी रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए आपसी समझ बहुत जरूरी होती है. अगर पैरेंट्स को समझ नहीं आ रहा है कि बच्चा क्या चाहता है या वह क्या कर रहा है, तब ये कहा जा सकता है कि वह एक अच्छे पैरेंट्स नहीं हैं. हमेशा खुद का उदाहरण देने के बजाय बच्चों को जीवन में कुछ अच्छा कर उदाहरण बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# करवा चौथ के व्रत से एक दिन पहले क्या खाएं और क्या नहीं

**13 अक्तूबर** को करवा चौथ मनाया जा रहा है। करवा चौथ के मौके पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को पूजा करती हैं। चांद निकलने के बाद अर्घ्य देकर अपना व्रत पूरा करती हैं। पति की आरती उतारकर उपवास खोलती है। करवा चौथ के व्रत में सुबह चार बजे सरगी की जाती है। उसके बाद से महिलाएं न तो कुछ खाती हैं और न पानी पीती हैं। करवा चौथ के निर्जला व्रत के कारण कई महिलाओं की तबीयत खराब हो जाती है। करवा चौथ के दिन भूख प्यास के कारण महिलाएं कमजोर महसूस करने लगती हैं। ऊर्जा की कमी के कारण महिलाओं को चक्कर आने, सिर दर्द होने जैसी समस्याएं महसूस होती है। ऐसे में करवा चौथ के दिन महिलाओं को कोई शारीरिक समस्या न हो, भूखे रहने से ऊर्जा पर असर न पड़े और करवा चौथ में महिलाएं एनर्जी से भरपूर रहें, इसके लिए व्रत से पहले कुछ खास चीजों का सेवन करें। चलिए जानते हैं करवा चौथ के व्रत से एक दिन पहले क्या खाएं और क्या नहीं।

**करवा चौथ व्रत से पहले खान पान का ध्यान**

करवा चौथ से पहले महिलाएं सरगी करती हैं। सरगी में वह सास द्वारा दी भोज्य सामग्री खाती हैं और उसके बाद पूरा दिन उपवास करती हैं। ऐसे में करवा चौथ के उपवास से पहले पौष्टिक खाद्य सामग्रियों के सेवन की सलाह दी जाती है। करवा चौथ में वीकनेस और चक्कर की समस्या से बचाव के लिए सेहतमंद चीजों को खाकर व्रत रखें। व्रत से एक दिन पहले कुछ खास चीजों का सेवन करें।





**व्रत से पहले क्या न खाएं महिलाएं**

आहार और स्वास्थ्य विशेषज्ञ के मुताबिक, व्रत से एक दिन पहले महिलाओं को ऑयली और ज्यादा मसाले वाली भोजन नहीं करना चाहिए। इससे एसिडिटी की समस्या होती है और प्यास ज्यादा लगती है।

व्रत से पहले महिलाओं को केला खाने से बचना चाहिए।

**करवा चौथ व्रत से एक दिन पहले क्या खाएं महिलाएं**

व्रत से एक दिन पहले महिलाएं आसानी से पचने वाले भोजन का सेवन करें। दाल, रोटी, सब्जी, खिचड़ी, खीर, छाछ, दही और दूध का सेवन कर सकते हैं।

उपवास से पहले पानी की कमी को पूरा करने के लिए फलों का सेवन कर सकते हैं।


महिलाओं को उपवास के पहले नारियल पानी का सेवन करना चाहिए, इससे करवा चौथ व्रत के दिन महिलाएं हाइड्रेटेड रहेंगी।

**उपवास के बाद क्या खाएं**

जब करवा चौथ का उपवास घोलें तो ज्यादा भारी भोजन न करें। बल्कि तरल पदार्थ से शुरुआत करें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नारियल पानी, जूस, छाछ आदि पी सकते हैं।

दलिया, खिचड़ी जैसा आसानी से पचने वाला भोजन करें।

तैलीय और अधिक मसाले वाला भोजन न खाएं।



# तेजी में बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 478 अंक बढ़कर 57,625 पर बंद, निफ्टी 147 अंक चढ़ा; पावर ग्रिड और कोल इंडिया टॉप गेनर

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार (12 अक्टूबर) को यानी तीसरे कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 478 अंकों की तेजी के साथ 57,625 पर बंद हुआ। निफ्टी 147 अंक बढ़कर 17,130 पर पहुंच गया है। सेंसेक्स के 30 में से 24 शेयरों में तेजी रही। वहीं सिर्फ 6 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।




**पावर ग्रिड और कोल इंडिया टॉप गेनर**

पावर ग्रिड, कोल इंडिया, एक्सिस बैंक, बजाज ऑटो, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, ग्रासिम समेत 42 शेयर्स निफ्टी-50 के गेनर्स रहे। वहीं एशियन पेंट्स, अडाणी एंटरप्राइजेज, डॉ रेड्डी, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन समेत 7 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स रहे।

**रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी**

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में तेजी रही। रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.62% की तेजी देखने को मिली। इसके अलावा प्राइवेट बैंक, बैंक, ऑटो, मेटल, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टर में भी तेजी रही। सिर्फ मीडिया सेक्टर में गिरावट दिखी।

**मंगलवार को गिरावट में बंद हुआ था बाजार**

ग्लोबल मार्केट से मिले कमजोर संकेतों से हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को भी बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 843 अंक गिरकर 57,147 पर बंद हुआ था। निफ्टी 257 अंको की गिरावट के साथ 16,983 पर बंद हुआ था।

# 'परफ्यूम सेलसमैन' बने एलन मस्क

## टेस्ला के सीईओ ने लॉन्च किया 'बर्न्ट हेयर' परफ्यूम; अब तक 10 हजार से ज्यादा बोतलें बिकीं

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे अमीर आदमी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपने एक नए बिजनेस वेंचर की अनाउंसमेंट की है। दरअसल, एलन मस्क ने एक नया परफ्यूम लॉन्च किया है। इस बात की जानकारी एलन मस्क ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी। पोस्ट में मस्क ने यह बताया कि उन्होंने अपने वेंचर 'द बोरिंग कंपनी' के जरिए 'बर्न्ट हेयर' परफ्यूम को लॉन्च किया है।

**मस्क ने ट्विटर बायो में लिखा- 'परफ्यूम सेल्समैन'**

इस प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के साथ ही मस्क ने अपने ट्विटर बायो को चेंज कर 'परफ्यूम सेल्समैन' कर दिया है। मस्क ने एक पोस्ट में 'बर्न्ट हेयर' परफ्यूम की बोतल की एक फोटो शेयर कर लिखा, 'द फाइनेस्ट फ्रेग्नेंस ऑन अर्थ।' फोटो में देखा जा सकता है कि रेड कलर की परफ्यूम की बोतल पर 'बर्न्ट हेयर' लिखा हुआ है।

**'बर्न्ट हेयर' परफ्यूम की कीमत 8,400 रुपए**

इस पोस्ट में मस्क ने अपनी कंपनी की वेबसाइट का लिंक भी शेयर किया है। इस वेबसाइट पर जाकर आप मस्क का यह परफ्यूम खरीद सकते हैं। 'बर्न्ट हेयर' परफ्यूम की वेबसाइट पर कीमत 100 डॉलर है।वहीं इंडियन कस्टमर के लिए इसकी कीमत 8,400 रुपए रखी गई है, इस पर इंटरनेशनल शिपिंग चार्जेस (3000 रुपए) अलग से लगाया जाएगा। मतलब इस परफ्यूम की एक बोतल आपको 11,400 रुपए में मिलेगी।

**परफ्यूम की अब तक 10 हजार से ज्यादा बोतलें बिकीं**

एलन मस्क ने एक दूसरा पोस्ट शेयर कर यह भी बताया है कि अब तक 'बर्न्ट हेयर' परफ्यूम की 10 हजार से ज्यादा बोतलें बिक चुकी हैं। हालांकि, इन बोतलों की शिपिंग 2023 के फर्स्ट क्वार्टर ) से शुरू की जाएगी। लोग इस परफ्यूम के लिए डीओजीई ,रिप्टोकरेंसी से भी पेमेंट कर सकते हैं।

**मेरे जैसे नाम के साथ, परफ्यूम बिजनेस में आना तय था**

टेस्ला के सीईओ ने एक अन्य पोस्ट शेयर कर लिखा, 'मेरे जैसे नाम के साथ, परफ्यूम बिजनेस में आना तय था, 'मैंने आखिर इसे इतने लंबे समय तक टाला ही क्यों?' इससे पहले मस्क ने सितंबर में एक ट्वीट कर लिखा था कि बोरिंग कंपनी पुरुषों के लिए एक परफ्यूम लॉन्च करेगा, जो उन्हें भीड़ में बाहर खड़े होने में मदद करेगा।

**मजाक-मजाक में बिजनेस लॉन्च कर देते हैं मस्क**

स्पेसएक्स के चीफ एलन मस्क लगातार सुर्खियों में बने रहते हैं, कभी अपने ट्वीट्स को लेकर तो कभी दूसरों को ट्रोल करने को लेकर। उनके यूनीक बिजनेस आइडियाज भी काफी अलग होते हैं। वे मजाक-मजाक में आइडियाज लॉन्च कर देते हैं और इस उनका फैनबेस इतना बड़ा है कि वो बिजनेस पॉपुलर भी हो जाता है। मस्क ने सितंबर में जब परफ्यूम मार्केट में उतरने का एलान किया, तो लोगों को लगा था कि वो मजाक कर रहे हैं। हालांकि अब उन्होंने यह लॉन्च कर दिया है। वैसे मस्क पहले भी ऐसे प्रोडक्ट मार्केट में लॉन्च कर चुके हैं, जो किसी मीम या जोक पर बेस्ड होते हैं।

# आईएमएफ ने भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ का अनुमान घटाया

## 2023 में 6.8% रह सकती है देश की जीडीपी, ग्लोबल ग्रोथ का अनुमान भी घटा

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने 2023 में ग्लोबल इकोनॉमी ग्रोथ का अनुमान जारी किया है। इसमें भारत के लिए इकोनॉमिक ग्रोथ के अनुमान को एक बार फिर घटा दिया गया है।

आईएमएफ ने मौजूदा अनुमान में 0.60% की कटौती करते हुए फाइनेंशियल ईयर 2023 के लिए देश की जीपीडी ग्रोथ 6.8% रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, फाइनेंशियल ईयर 2024 के लिए भारत के जीपीडी ग्रोथ के अनुमान में बदलाव न करते हुए इसे 6.1% ही रखा गया है। इससे पहले आईएमएफ ने जुलाई में फाइनेंशियल ईयर 2023 और 2014 के लिए भारत के जीपीडी ग्रोथ अनुमान में 0.80% की कटौती की थी। आईएमएफ ने 2023 के लिए ग्लोबल इकोनॉमी की ग्रोथ का अनुमान भी घटाया है।

एजेंसी ने ग्लोबल इकोनॉमी की कम ग्रोथ के लिए रूस- यूक्रेन जंग, आर्थिक मंदी, कोरोना महामारी का असर, बढ़ती ब्याज दरों को इसकी वजह बताया है। आईएमएफ के मुताबिक, अगले साल ग्लोबल इकोनॉमी की ग्रोथ रेट 2.7% रहने की संभावना है।

# इन दो देशों में रुपे को मिली मंजूरी, एफएम ने दी जानकारी, कहा कई अन्य देशों के साथ बात जारी




नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री के मुताबिक यूपीआई, भीम एप और एनसीपीआई को लेकर भी इस तरह की योजना बनाई जा रही है जिससे वो दूसरे देशों के सिस्टम के साथ मिलकर काम कर सकें

इन दो देशों में रुपे को मिली मंजूरी, एफएम ने दी जानकारी, कहा कई अन्य देशों के साथ बात जारीदो देशों ने स्वीकारा रुपे .

आने वाले समय दुनिया भर के कई देश रूपे पेमेंट सिस्टम को अपने यहां स्वीकृति दे सकते हैं. अमेरिका दौरे पर पहुंची वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इसे लेकर दुनिया भर के कई देशों के साथ भारत सरकार की बात चल रही है और सिंगापुर एवं संयुक्त अरब अमीरात अपने देश में रूपे को स्वीकृति दे चुके हैं. वहीं वित्त मंत्री की माने तो सिर्फ रुपे ही नही भारत में विकसित हुए कई पेमेंट सिस्टम का फायदा दुनिया भर के कई अन्य देश उठा सकेंगे.

**क्या कहा वित्त मंत्री ने**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत विभिन्न देशों से रुपे को उनके यहां स्वीकार्य बनाने के लिए बात कर रहा है. सीतारमण ने यहां ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूट में कहा, इसके अलावा यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस), भीम ऐप और एनसीपीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) पर इस तरह से काम किया जा रहा है ताकि उनके देशों में उनकी जो प्रणालियां हैं वे हमारी प्रणालियों के साथ मिलकर काम कर सकें और इनके मिलकर काम करने से उन देशों में भारतीय विशेषज्ञता को बल मिलेगा.

अमेरिका में यूपीआई शुरू करने संबंधी एक छात्र के सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, हम कई देशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं. छात्र ने कहा था कि उसे भारत की यूपीआई प्रणाली पर गर्व है और पूछा था कि इसे दुनिया के साथ साझा करने की योजनाएं क्या हैं. सीतारमण ने कहा, हमारी कई देशों से बातचीत चल रही है। सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात रुपे को अपने देश में स्वीकार्य बनाने के लिए आगे आ चुके हैं.

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट जारी

## आज कहां पहुंचे भाव

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में बीते 3 दिन में 1000 रुपये से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है. वहीं चांदी 3 दिनों में 3600 रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई है.

सोने और चांदी की कीमतों में आज भी गिरावट देखने को मिली है. हालांकि आज की गिरावट सीमित रही है. फिलहाल सोना 51 हजार के स्तर के पार ही कारोबार कर रहा है. वहीं चांदी 58 हजार के स्तर के ऊपर कारोबार कर रही है. डॉलर में मजबूती की वजह से फिलहाल कुछ दिनों से सोने में कमजोरी देखने को मिल रही है. बीते 3 दिनों से सोने में नरमी का ही रुख बना हुआ है. वहीं इंडस्ट्रियल डिमांड सुस्त पड़ने की आशंका से चांदी में दबाव है.

**कहां पहुंचे सोना और चांदी**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक दिल्ली में सोने के भाव आज 20 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 51,155 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गए.पिछले कारोबारी सत्र में कीमतें 51,175 के स्तर पर बंद हुई थीं.

# अडाणी ग्रुप को अब मिला टेलिकॉम लाइसेंस

## पहली बार दो दिग्गजों में होगी सीधी टक्कर

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी की खरीद की बात करें तो मुकेश अंबानी ने इसमें सबसे ज्यादा 88,078 करोड़ रुपए खर्च किए हैं. वहीं सुनील भारती मित्तल की कंपनी एयरटेल ने इसके लिए 43,084 करोड़ खर्च किया है.

अडाणी ग्रुप को अब मिला टेलिकॉम लाइसेंस, पहली बार दो दिग्गजों मे होगी सीधी टक्करगौतम अडाणी की कंपनी अडाणी डाटा नेटवर्क लिमिटेड को दूरसंचार सेवाओं के लिए एकीकृत लाइसेंस मिल गया है.

कारोबार विस्तार के तहत अडाणी ग्रुप लगातार अपना दायरा बढ़ाती जा रही है कोयला, ग्रीन एनर्जी, बिजली वितरण और एविएशन सेक्टर के बाद अब गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी डाटा नेटवर्क लिमिटेड को दूरसंचार सेवाओं के लिए एकीकृत लाइसेंस मिल गया है. टेलिकॉम में एंट्री के बाद ऐसा पहली बार देखने को मिलेगा जब मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी की एक ही बिजनेस में सीधी टक्कर होगी.



**इन्हें मिलेगी कड़ी टक्कर**

गौतम अडाणी की कंपनी ने टेलिकॉम सेक्टर में एंट्री होने से रिलायंस जियो, एयरटेल , वोडाफोन-आइडिया की कड़ी टक्कर मिलने वाली है. अडानी ग्रुप ने टेलिकॉम सेक्टर में एंट्री लेते हुए कहा था कि वह अपने डाटा सेंटरों के साथ सुपर ऐप के लिए एयरवेव का उपयोग करने की योजना बना रही है.

**212 करोड़ में खरीदा स्पेक्ट्रम**

अडाणी ग्रुप ने 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी के दौरान करीब 20 वर्षो के लिए 212 करोड़ रुपए खर्च किए है. इसी खरीदारी के साथ गौतम अडाणी की कंपनी भी अब 5 जी के रेस में शामिल हो गई है. 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी की खरीद की बात करें तो मुकेश अंबानी ने इसमें सबसे ज्यादा 88,078 करोड़ रुपए खर्च किए हैं. वहीं सुनील भारती मित्तल की कंपनी एयरटेल ने इसके लिए 43,084 करोड़ खर्च किया है. देश की एक और बड़ी टेलिकॉम कंपनी वोडा-आइडिया ने 5 जी स्पेक्ट्रम के लिए 18,799 करोड़ रुपए का खर्च किया है.

**क्या मुकेश अंबानी से होगा मुकाबला?**

देश के दो सबसे बड़े कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी पर सबकी नजरें बनी रहती है. अब चूकि अडाणी भी टेलिकॉम सेक्टर में एंट्री कर चुके हैं.

ऐसे में लाजिमी है सवाल है कि क्या इससे मुकेश अंबानी की कंपनी को टक्कर मिलेगी, हालांकि मुकेश अंबानी का ग्रुप तेल, रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल, रिटेल और टेलिकॉम में काम करती है. वहीं अडाणी ग्रुप पोर्ट, कोयला, ग्रीन एनर्जी, बिजली वितरण और एविएशन सेक्टर में है.

लेकिन टेलिकॉम सेक्टर में एंट्री करने के बाद ये दोनों ग्रुप पहली बार किसी एक ही बिजनेस में आमने-सामने होंगे.

# ऑटो वाले शुरू करेंगे नम्मा यात्री कैब

## 1 नवंबर से शुरू होगा ऐप, आज से ओला-उबर और रैपिडो पर रोक

बेंगलुरु, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में ओला, उबर और रैपिडो पर बैन लगने के बाद बेंगलुरु के ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स अपना ऐप शुरू करने जा रहे हैं। ऑटो ड्राइवर ने नम्मा यात्री नाम से कैब सर्विस ऐप शुरू का फैसला किया है। यह ऐप कन्नड़ राज्योत्सव दिवस पर 1 नवंबर से काम करना शुरू होगा। बेकन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इसे लॉन्च किया जाएगा, जिसे इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणी का सपोर्ट है।

बेंगलुरु में ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स यूनियन के अध्यक्ष रुद्रमूर्ति का कहना है कि ओला, उबर जैसी कंपनियां ड्राइवरों का शोषण करती आई हैं। यात्रियों से भी मनमानी वसूली करती रही हैं।

# एयरटेल 5G प्लस 8 शहरों में हुआ लॉन्च

## क्या है नेक्स्ट जनरेशन कनेक्टिविटी की खासियत

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। एयरटेल ने 5जी सेवाओं का इंतजार कर रहे ग्राहकों को बड़ी सौगात दी है। एयरटेल ने दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, सिलीगुड़ी, नागपुर और वाराणसी में अपनी एयरटेल 5जी प्लस सर्विस शुरू की है। यह सेवा जल्द ही चरणबद्ध तरीके से देश के सभी प्रमुख शहरों में शुरू होगी। आपके शहर में यह सेवा उपलब्ध है या नहीं, यह जानने के लिए आप एयरटेल थैंक्स ऐप देख सकते हैं। यहां आप यह भी पता लगा सकते हैं कि आपका स्मार्टफोन 5जी रेडी है या नहीं! इस सेवा के शुरू होने से यूजर्स को अब पहले के मुकाबले 20-30 गुना अधिक तेज नेटवर्क की सुविधा मिलेगी, साथ ही शानदार साउंड एक्सपीरिएंस और दमदार कॉल कनेक्टिविटी भी मिलेगी। इसके साथ साथ फ़ाइलों को डाउनलोड करना और भारी एप्लिकेशन लॉन्च करना ग्राहकों के लिए बहुत आसान होगा।




यही नहीं, क्लाउड स्ट्रीमिंग, हाई क्वालिटी वीडियो, क्लाउड गेमिंग आदि भी 5जी नेटवर्क पर और बेहतर हो जाएंगे। और सबसे बड़ी बात यह की एयरटेल के ग्राहकों को 5जी सेवाएं पाने के लिए सिम को बदलना नहीं होगा। यह किसी भी 5जी हैंड सेट और एयरटेल के मौजूदा 4जी सिम पर काम करेगा। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के पास 5जी फोन है, वे अपने मौजूदा डेटा प्लान पर हाई-स्पीड एयरटेल 5जी प्लस का लाभ तब तक उठा सकते हैं, जब तक इसे और अधिक बड़े पैमाने पर रोल आउट नहीं कर दिया जाता। एयरटेल 5जी प्लस के लॉन्च के मौके पर भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और सीईओ गोपाल विट्टल ने कहा एयरटेल पिछले 27 सालों से भारत की दूरसंचार क्रांति में सबसे आगे रहा है। आज हमारी यात्रा में यह एक और कदम है। हम अपने ग्राहकों के लिए सबसे अच्छा अनुभव देने के लिए बेहतरीन नेटवर्क का निर्माण करते हैं। हमारे लिए, हमारे ग्राहक हमारे हर काम के मूल में हैं। इसलिए हमारा समाधान किसी भी 5जी हैंडसेट और मौजूदा सिम पर काम करेगा जो ग्राहकों के पास है। एयरटेल 5जी प्लस आने वाले सालों में लोगों के संवाद करने, रहने, काम करने, जुड़ने और खेलने के तरीके को फिर से परिभाषित करेगा। पिछले एक साल में एयरटेल ने कई दमदार प्रयोगों के साथ 5G की ताकत का प्रदर्शन किया है। एयरटेल ने दिखाया है कि 5जी किस तरह से हमारे जीवन जीने और व्यापार करने के तरीके को बदलने वाला है। कंपनी ने हैदराबाद में भारत का पहला 5जी नेटवर्क लाइव किया।

# डिजिटल पेमेंट का असर

## यूपीआई से खत्म हुई छुट्टे की समस्या, पर इससे टॉफी-कैंडी की बिक्री में आई कमी

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपीआई के जरिए छोटे-बड़े डिजिटल पेमेंट का चलन बढ़ना कुछ कंपनियों पर भारी पड़ा है। मोंडेलेज, नेस्ले, पारले, आईटीसी और मार्स जैसी नामी-गिरामी कंपनियों की कैंडी और टॉफी की बिक्री घट गई है। दरअसल किराना दुकानों पर छुट्टे न होने पर दुकानदार ग्राहकों को 1-9 रुपए तक के कैंडी या टॉफी दे देते थे। यूपीआई ने छुट्टे की समस्या ही खत्म कर दी।

**यूपीआई का चलन टॉफी की बिक्री के लिए खतरा**

क्रेड, डुंजो के ग्रोथ लीडर और ग्रोथएक्स के फाउंडर अभिषेक पाटील कहते हैं, 'यूपीआई का चलन जैसे-जैसे बढ़ा यह छुट्टे न होने के नाम पर टॉफी की बिक्री के लिए खतरा बनता गया।'




**टॉफी बिक्री में भारी गिरावट**

पाटिल ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि 2010 में मोंडेलेज, नेस्ले, पारले, आईटीसी, मार्स सहित सभी बड़ी कैंडी कंपनियों ने चौंका देने वाला मुनाफा कमाया था, लेकिन 2020 तक ज्यादातर ब्रांड्स की टॉफी बिक्री में भारी गिरावट देखी गई।

अमेरिकी कंपनी हर्शेस ने यहां तक कहा कि भारत कोविड से सबसे ज्यादा प्रभावित बाजारों शुमार है। पाटील ने कहा, 'हो सकता है कि किसी डेवलपमेंट की आपके बिजनेस से सीधी प्रतिस्पर्धा न हो, फिर भी वह बिक्री घटा सकता है।'

**टॉफी-कैंडी का कारोबार ऐसे प्रभावित हुआ..**

यूपीआई आने से पहले दुकानदार खुल्ले पैसे नहीं होने पर ग्राहकों को टॉफी दे दिया करते थे, लेकिन यूपीआई आने से जितनी राशि का बिल बना, ठीक उतनी ही राशि का भुगतान होने लगा।

2. महामारी के दौरान ग्राहक भी संपर्क रहित भुगतान करना चाहते थे। इसने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया। इसने छुट्टे के बदले टॉफी के चलन की तस्वीर बदल दी।

# पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं तो पेट्रोल नहीं

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। विभाग ने वाहन मालिकों से कहा है कि वे असुविधा और कानून के तहत कार्रवाई से बचने के लिए 25 अक्टूबर से पहले वैलिड पीयूसीसी हासिल कर लें. नोटिस में कहा गया है. पीयूसीसी के बिना वाहन चलाने पर 10,000 रुपये के जुर्माने और तीन साल की कैद या दोनों सजाएं दी जा सकती हैं. दिल्ली सरकार ने बुधवार को सभी पेट्रोल पंप को निर्देश दिया कि वे केवल उन वाहन मालिकों को ईंधन मुहैया कराएं, जिनके पास अपने वाहनों के लिए वैध 'प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र'(पीयूसीसी) है. परिवहन विभाग ने एक नोटिस जारी कर उन सभी वाहन मालिकों को पीयूसीसी के लिए अपने वाहनों की जांच कराने का निर्देश दिया है, जिनके वाहन (इलेक्ट्रिक या बैटरी से चलने वाले वाहनों को छोड़कर) पंजीकरण की तारीख से एक वर्ष से अधिक पुराने हैं. विभाग ने वाहन मालिकों से कहा है कि वे असुविधा और कानून के तहत कार्रवाई से बचने के लिए 25 अक्टूबर से पहले वैलिड पीयूसीसी हासिल कर लें. नोटिस में कहा गया है, 'वैलिड पीयूसीसी के बिना वाहन चलाने पर 10,000 रुपये के जुर्माने और तीन साल की कैद या दोनों सजाएं दी जा सकती हैं.' दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को देखते हुए सरकार ने यह कठोर फैसला लिया है.

पर्यावरण विभाग पेट्रोल, डीजल और सीएनजी पंप के सभी डीलर के लिए यह अनिवार्य बनाने की अधिसूचना जारी करने पर विचार कर रहा है कि 25 अक्टूबर से वैलिड पीयूसीसी दिखाने पर ही वाहनों को ईंधन बेचा जाए. दिल्ली में अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक गंभीर वायु प्रदूषण की समस्या देखी जाती है. आसपास के प्रदेशों में पराली जलाने की वजह से दिल्ली में धुंध भर जाती है और लोगों को सांस लेना मुश्किल हो जाता है.

# दिवाली से पहले महंगाई से राहत: घटने लगी है रोजाना इस्तेमाल होने वाले सामानों की कीमतें, शुरुआत साबुन से हुई

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में महंगाई से थोड़ी राहत मिलती नजर आ रही है। रोजाना इस्तेमाल होने वाले सामान की कीमतें कम होने लगी हैं। शुरुआत साबुन से हुई है। हिंदुस्तान यूनिलीवर और गोदरेज कंज्यूमर ने कई ब्रांड्स के दाम 15% तक घटा दिए हैं। दरअसल बीते कुछ महीनों से पाम ऑयल और कच्चे माल की लागत घटने का असर कई एफएमसीजी प्रोडक्ट्स पर होने लगा है।




एचयूएल ने अपने लाइफबॉय और लक्स ब्रांड की कीमतों में 5% से 11% कटौती की है। इसके साथ ही गोदरेज कंज्यूमर के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर समीर शाह ने बताया कि उनकी कंपनी ने साबुन के दाम 13-15% घटाए हैं। गोदरेज नं. 1 का 100 ग्राम के 5 साबुन का बंडल पैक जो पहले 140 रुपए का आता था, अब 120 रुपए में आ रहा है। शाह के मुताबिक आने वाले समय में कच्चे माल के दामों में कमी आने पर अन्य प्रोडक्ट्स की कीमतें भी घटाई जाएंगी।

दरअसल बीते कुछ महीनों से रोजाना उपयोग का सामान (साबुन,तेल इत्यादि) बनाने वाली कंपनियों की बिक्री में गिरावट दर्ज की जा रही थी।

# आंग सान सू की दो और मामलों में दोषी करार

# सजा बढ़कर हुई 26 साल

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सैन्य शासित म्यांमार की एक अदालत ने बुधवार को अपदस्थ नेता आंग सान सू की को भ्रष्टाचार के दो मामलों में दोषी पाया है। इसके साथ ही उनकी सजा की अवधि बढ़ाकर 26 साल कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने अदालत ने आंग सान सू की को एक अन्य आपराधिक मामले में दोषी ठहराते हुए तीन साल कैद की सड़ी सजा सुनाई थी। सू की को फरवरी 2021 में तख्तापलट के बाद से हिरासत में लिया गया था और उन्हें पहले ही भ्रष्टाचार और उकसावे सहित कई अपराधों के लिए दोषी ठहराया जा चुका है।

### म्यांमार में 2023 को होना है चुनाव


म्यांमार की अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के बाद सू की की नेशनल लीग डेमोक्रेसी पार्टी के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। सरकार ने नए चुनाव से पहले इसे भंग करने की बात कही थी। सेना ने 2023 में चुनाव कराने का वादा किया है। सू की की पार्टी ने 2020 के आम चुनाव में भारी जीत हासिल की, लेकिन म्यांमार की सेना ने 1 फरवरी, 2021 को सू की की चुनी हुई सरकार से सत्ता हथिया ली, यह कहते हुए कि उसने कथित तौर पर चुनाव में धोखाधड़ी की है। इसके साथ ही सू की की पूर्व सरकार के दो वरिष्ठ सदस्यों को भी सजा सुनाई गई।

### सेना ने किया था तख्तापलट

म्यांमार में 1 फरवरी 2021 की रात सेना ने तख्तापलट करते हुए सू की हाउस अरेस्ट कर लिया गया था। मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग हलिंग तब से देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। हालांकि जनरल मिन आंग हलिंग ने कहा था कि 2023 में आपातकालीन खत्म कर दिया जाएगा।

साथ ही आम चुनाव भी कराए जाएंगे।

बता दें कि तख्तापलट के बाद लोकतात्रिंक विचारधारा के लोगों और सेना के बीच हुई हिंसा में तकरीबन 940 लोग मारे गए थे।



# आर्मी डॉग 'जूम' के लिए अगले 48 घंटे अहम


### गोली लगने के बाद भी आतंकियों से किया था मुकाबला



जम्मू, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)।आर्मी डॉग 'जूम' के लिए अगले 24 से 48 घंटे अहम बताए जा रहे हैं। सर्जरी के बाद जूम की हालत स्थिर है। उसके टूटे हुए पिछले पैर में प्लास्टर कर दिया गया है और चेहरे की चोटों का इलाज किया गया है। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में सेना के पशु चिकित्सा अस्पताल में चिकित्सा दल की निगरानी में है। आर्मी डॉग 'जूम' रविवार को अनंतनाग में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया था। इसमें मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। ऑपरेशन के दौरान सेना के खोजी कुत्ते जूम को उस मकान के अंदर भेजा गया था, जहां आतंकियों को घेरा था। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि मकान के अंदर दाखिल होते ही जूम ने आतंकियों को पहचान कर उस पर हमला किया तभी छिपे आतंकियों ने फायरिंग कर दी। दो गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी जूम ने हार नहीं मानी और जूझता रहा, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकी मारे गए।

# ताकत का नहीं था अंदाजा और यूक्रेन में कूद पड़े व्लादिमीर पुतिन

# अब फंस गए हैं; जो बाइडेन ने कसा तंज



वॉशिंगटन, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस के व्लादिमीर पुतिन पर तंज कसते हुए कहा है कि वह शायद अपनी ताकत का अंदाजा लगाने में चूक गए। बाइडेन ने कहा कि व्लादिमीर पुतिन आमतौर पर सोच-समझकर ही फैसले लेते हैं, लेकिन यूक्रेन को लेकर वह बड़ी गलत कर बैठे। वह यूक्रेन पर कब्जा करने की सोच रहे थे, लेकिन ताकत का अंदाजा नहीं लगा पाए। एक टीवी इंटरव्यू में जो बाइडेन ने कहा कि व्लादिमीर पुतिन को अब यूक्रेन से अपनी सेना को वापस बुलाने पर विचार करना चाहिए। सीएनएन से बातचीत में बाइडेन ने कहा कि मैं मानता हूं कि जो व्लादिमीर पुतिन एक तार्किक फैसले लेने वाले शख्स हैं, लेकिन यूक्रेन पर बड़ी गलती कर बैठे। इससे पहले बीते सप्ताह जो बाइडेन ने महायुद्ध की चेतावनी भी दी थी। व्लादिमीर पुतिन की ओर से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने के बाद बाइडेन का यह रिएक्शन आया था। उन्होंने कहा था कि बार-बार न्यूक्लियर हथियारों की बात करके व्लादिमीर पुतिन ब्लैकमेल कर रहे हैं। रूस ने इसी साल फरवरी में यूक्रेन पर अटैक किया था और तब से अब तक कई बार रूस को भी झटके झेलने पड़े हैं। कीव, खारकीव समेत कई शहरों में यूक्रेनी सेना ने रूसी सैनिकों को खदेड़ा है। इसके जवाब में रूस ने भी अभियान तेज किया है। बीते दिनों ही रूस ने एक साथ 75 मिसाइलें यूक्रेन पर दागी थीं।


### पुतिन ने सोचा होगा स्वागत होगा, लेकिन झटका लग गया

यूक्रेन युद्ध के बाद से ही व्लादिमीर पुतिन को लेकर संदेह जताया जा रहा है। बाइडेन ने कहा कि मुझे लगता है कि व्लादिमीर पुतिन ने सोचा होगा कि उनका खुली बाहों के साथ यूक्रेन में स्वागत होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यही व्लादिमीर पुतिन की गलती थी और वह हालात का सही आकलन नहीं कर सके। इस बीच बाइडेन ने व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत की संभावनाओं से भी इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि मेरा पुतिन से मुलाकात का कोई इरादा नहीं है। लेकिन नवंबर में जी-20 मीटिंग होने वाली है। इस दौरान यदि वह मुलाकात करना चाहेंगे तो जरूर बात करूंगा।

### जेलेंस्की का दावा, वापस ली 2500 वर्ग किमी जमीन

बता दें कि बीते कुछ सप्ताह में यूक्रेन की सेना ने अपने देश के कई इलाकों पर वापस कब्जा जमाया है और रूसी सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनके सैनिकों ने 2,500 वर्ग किलोमीटर का इलाका रूस से वापस ले लिया है।


### क्या यूक्रेन की तरफ से अमेरिका, यूरोप के सैनिक लड़ रहे हैं रूस के विदेशमंत्री का बड़ा आरोप



कीव, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूक्रेन युद्ध पर रूसी विदेश मंत्री सरगेई लावरोज का बड़ा बयान सामने आया है. रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और यूरोप के सैनिक यूक्रेन में मौजूद हैं और यूक्रेन के सैनिकों की मदद कर रहे हैं. यहीं नही ये सैनिक यूक्रेन के सैनिकों को जंग की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं. सरगेई लावरोज ने अमेरिका और यूरोप पर पर जंग की साजिश का आरोप लगाया आगे कहा कि यूक्रेन ने अमेरिका और ब्रिटेन के कहने पर रूस से बातचीत बंद किया है.

# हिजाब विरोधी प्रदर्शन के समर्थन में ईरानी अभिनेत्री ने उतारे कपड़े





तेहरान, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरान में हिजाब के खिलाफ विरोध चरम पर है। ईरानी महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों के हस्तियों का समर्थन मिल रहा है। इस बीच ईरानी अभिनेत्री एल्नाज नोरोजी भी समर्थन में खुलकर सामने आई है। हिजाब के विरोध में उन्होंने अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह अपने कपड़े परत दर परत उतारती नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि महिलाओं को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि आखिर वह क्या पहनना चाहती हैं।

उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि उन्हें भी ईरान की नैतिकता पुलिस के द्वारा ऐसी कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इस समय ईरान के हालात बहुत खराब हैं। सड़कों पर बहुत अराजकता है। लोग शासन का विरोध कर रहे हैं। महिलाओं के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है। 40 से अधिक वर्षों से महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है। मैं तेहरान में पैदा हुई थी और मैंने इसे देखा है। मुझे शुरू से ही हिजाब पहनना पड़ा है। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में नोरोजी ने कहा, "दुनिया में हर हिस्से में महिलाओं को अपने मन के मुताबिक कपड़े पहनने का अधिकार होना चाहिए।

किसी भी पुरुष या किसी अन्य महिला को यह अधिकार नहीं है कि वह उसे जज करे या उसे दूसरे के हिसाब से कपड़े पहनने के लिए कहे।" उन्होंने आगे कहा, "हर किसी के अलग-अलग विचार और विश्वास होते हैं और उनका सम्मान किया जाना चाहिए।" नोरोजी आगे कहती हैं, "लोकतंत्र का अर्थ है निर्णय लेने की शक्ति। प्रत्येक महिला को अपने शरीर पर निर्णय लेने की शक्ति होनी चाहिए! मैं नग्नता को बढ़ावा नहीं दे रही हूं, मैं पसंद की स्वतंत्रता को बढ़ावा दे रही हूं!"

# पाक ने अमेरिकी राहत फंड को भी नहीं बख्शा

## जमकर मचाई लूट-खसोट, आगबबूला हुए बाइडन के अधिकारी



इस्लामाबाद, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान द्वारा भ्रष्टाचार की एक ऐसी करतूत सामने आई है जिसे सुनने के बाद अमेरिका आगबबूला हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान में आए भीषण बाढ़ से बचाव के लिए अमेरिका ने राहत फंड भेजी थी लेकिन पाकिस्तानी नेताओं और अधिकारियों ने इसमें भी लूट-खसोट मचा दी। जांच में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का पता चला है। वहीं इसकी जानकारी जब अमेरिका को लगी तो अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने पाकिस्तान की क्लास लगा दी। प्राइस ने कहा कि इस तरह की हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में ही नहीं बल्कि दुनिया के किसी भी देश में हम भ्रष्टाचार तो स्वीकार नहीं करेंगे। प्राइस ने कहा कि हम दुनिया में त्रासदी झेल रहे देशों की मदद करते हैं, हम उनकी सुरक्षा के लिए वित्तीय सहायता भेजते हैं लेकिन इस तरह से भ्रष्टाचार करना बहुत गंभीर मामला है। हम इसका आंकलन करेंगे और आगे कार्रवाई पर विचार करेंगे।

### हमने अपने कार्यक्रमों की निगरानी के लिए टीम बनाई है: नेड प्राइस

भ्रष्टाचार को गंभीर मानते हुए नेड प्राइस ने कहा कि हमने पर्याप्त ट्रैकिंग तंत्र की निगरानी स्थापित किया है। प्राइस ने कहा कि टीम के सदस्य क्षेत्र में हमारे कार्यक्रमों की निगरानी के लिए नियमित यात्राएं करते हैं। हमारे पास एक आपदा सहायता प्रतिक्रिया टीम भी है जिसे डार्ट कहा जाता है और उनके सदस्य सिंध प्रांत के बलूचिस्तान में 10 से अधिक बाढ़ प्रभावित जिलों की यात्रा कर रहे हैं।

### अमेरिका ने बाढ़ राहत के नाम पर दिए थे 460 करोड़ रुपए

बता दें कि अमेरिका ने पाकिस्तान को बाढ़ राहत प्रदान करते हुए 460 करोड़ रुपये की खाद्य सुरक्षा सहायता के अतिरिक्त 75 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। साथ ही अमेरिका ने विनाशकारी बाढ़ के कारण पूरे पाकिस्तान में हुई तबाही और जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया था। लेकिन इस तरह से पाकिस्तान में भ्रष्टाचार ने अमेरिका को बड़ा झटका दिया है।

# तानाशाह किम जोंग उन ने उत्तर कोरियाई झील से दागी परमाणु मिसाइल



शियोल, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अपने मिसाइल परीक्षणों से दुनियाभर को टेंशन में डाल रहे हैं। उनके इन परीक्षणों से सबसे ज्यादा टेंशन अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को हो रही है। हालही में किम जोंग की सेना ने एक मिसाइल को झील के अंदर से दागा है। अमेरिका की प्रतिष्ठित रक्षा वेबसाइट द ड्राइव की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर कोरिया ने 25 सितंबर से 9 अक्टूबर के बीच कई मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिसमें एक मिसाइल जापानी क्षेत्र के ऊपर से भी गुजरी। बता दें कि उत्तर कोरिया लगातार अपनी शक्ति का परीक्षण करता रहता है, जिससे बाकी देश उसकी शक्ति को जान लें। हालही में उसने ट्रेन से मिसाइल दागने की तकनीक का प्रदर्शन किया था। वहीं झील के अंदर से दागी गई मिसाइल भी इसी बात का नमूना है कि उत्तर कोरिया कितना ताकतवर होता जा रहा है। हालही में उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी केसीएनए ने इस मिसाइल परीक्षण की तस्वीरों को जारी किया था और बताया था कि इस मिसाइल का परीक्षण 25 सितंबर को एक झील से किया गया।

साल 2021 में भी उत्तर कोरिया इस तरह की मिसाइल का परीक्षण कर चुका है। हालांकि जानकारों का कहना है कि उत्तर कोरिया की नई मिसाइल छोटे परमाणु बम को ले जाने की ताकत रखती है। इसके अलावा खबर ये भी है कि जिस झील में ये परीक्षण किया गया है, उसे इस तरह से तैयार किया गया है कि वहां से परमाणु हथियार दागे जा सकते हैं।

# जम्मू मतदाता पंजीकरण पर सियासत गरमाई

## महबूबा बोलीं- डोगरा संस्कृति को पहला झटका



जम्मू, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू जिला उपायुक्त की ओर से जारी नए आदेश के अनुसार जम्मू में एक साल से रह रहे लोग मतदान कर सकेंगे। इसे लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इस आदेश को डोगरा संस्कृति को पहला झटका बताया है। वहीं, नेशनल कांफ्रेंस का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में 25 लाख गैर-स्थानीय मतदाताओं को जोड़ने की योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए जारी नए आदेश से यह स्पष्ट है कि जम्मू में भारत सरकार की औपनिवेशिक बसाने वाली परियोजना शुरू हो गई है। उन्होंने डोगरा संस्कृति, पहचान, रोजगार और व्यवसाय को पहला झटका दिया है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के बीच धार्मिक और क्षेत्रीय विभाजन पैदा करने के भाजपा के प्रयासों को विफल किया जाना चाहिए। क्योंकि चाहे वह कश्मीरी हो या डोगरा, हमारी पहचान और अधिकारों की रक्षा तभी संभव होगी जब हम सामूहिक लड़ाई लड़ेंगे।' वहीं, नेशनल कांफ्रेंस ने कहा कि भाजपा चुनावों से 'डरती' है और जानती है कि वह बुरी तरह हारेगी। नेकां का कहना है कि सरकार जम्मू-कश्मीर में 25 लाख गैर-स्थानीय मतदाताओं को जोड़ने की अपनी योजना के साथ आगे बढ़ रही है। इस कदम का विरोध करते हैं। जम्मू-कश्मीर के लोगों को इन साजिशों को मतदान में पराजित करना होगा।

### आदेश में क्या लिखा है

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को जम्मू जिला प्रशासन की ओर से आदेश जारी किया गया है कि जम्मू में रहने वाले किसी नागरिक के पास अपनी रिहाइश साबित करने के लिए अगर कोई निर्धारित दस्तावेज नहीं है, तब भी वह मतदाता बनकर अपने वोट का इस्तेमाल कर सकता है। आदेश में तहसीलदारों को आवास प्रमाण पत्र जारी करने के अधिकार दिए गए हैं, जो मौके पर जाकर उनकी रियाइशी की जांच करेंगे और इसके आधार पर व्यक्ति मतदाता बन सकेगा। आदेश में कहा गया है कि प्रमाण पत्र जारी करने का लक्ष्य उन लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जो रजिस्ट्रेशन में परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

# जन्म के बाद बच्चे की गर्दन हुई धड़ से अलग डॉक्टरों पर लगे लापरवाही के आरोप

उमरिया, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। उमरिया में एक महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया है। उसकी गर्दन धड़ से अलग थी। यह देखते ही महिला के परिजनों ने हंगामा किया। उनका कहना था कि ऐसा लग रहा है कि प्रसव के दौरान जोर-आजमाइश की गई। इससे ही उसके अंग-भंग हुए हैं। हंगामा बढ़ा तो पुलिस के साथ तहसीलदार अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वीडियोग्राफी करवाई। पोस्टमॉर्टम कराया गया और जांच कमेटी बिठाई गई है। मामला उमरिया के जिला अस्पताल का है। मृत बेटे के पिता सत्यनारायण गुप्ता का कहना है कि दो दिन पहले मेरी पत्नी को ब्लीडिंग होने लगी।

मैं डॉ। रश्मि धनंजय के पास गया तो बताया गया कि वह यहां नहीं है। बाहर गई है। ज्योति मैडम को दिखाओ। उन्होंने दो इंजेक्शन लगवाए। एक घंटे बाद भी पत्नी को दर्द हो रहा था। उसके बाद दवा दी गई तो भी दर्द कम नहीं हुआ। एक दिन पहले भर्ती किया। एक इंजेक्शन लगाने के बाद कुछ नहीं किया गया। पत्नी वैसी ही पड़ी रही। दवाई तक नहीं दिया। ब्लीडिंग बढ़ गई। डॉक्टर ने जांच की तो बोले कि बच्चा नहीं रहा। अब बच्चा दिया तो उसकी गर्दन शरीर से अलग है। यह कैसे हो सकता है। अस्पताल में मशीनें तक नहीं हैं। हंगामे को देखते हुए अपर कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस के साथ बांधवगढ़ के तहसीलदार एआर चिरावन मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित पक्ष को सुना। उन्हें आश्वस्त किया कि मामले की जांच की जाएगी। बच्चे की लाश की वीडियोग्राफी करवाई गई।

पोस्टमार्टम करवाया गया। जल्द ही सच सामने आएगा। सिविल सर्जन केसी सोनी ने बताया कि मैंने खुद गायनेकोलॉजिस्ट से बात की है। बच्चा 48 घंटे पहले ही खत्म हो गया था। उसके बाद ही ब्लीडिंग शुरू हुई थी। अंदर ही उसका शरीर सड़ने लगा था। अगर गर्दन धड़ से अलग दिख रही है तो उसकी वजह लाश का अंदर ही सड़ना है। महिला को बचाने के लिए हमें जल्द से जल्द उसे बाहर निकालना पड़ा। अब इस मामले में लापरवाही की गई है या नहीं, इसका पता तो जांच के बाद ही चल सकेगा।

# नेपाल में बारिश का कोहराम

## लैंडस्लाइड और बाढ़ से कम से कम 33 लोगों की मौत



**खत्म होने को है मानसून**

**नेपाल में इस समय मानसून खत्म होने की कगार पर है. आमतौर पर यहां मानसून जून से शुरू होकर अक्टूबर के अंत तक चलता है. इस साल बारिश के चलते फैलने वाली बीमारियों की वजह से अब तक 110 लोगों की मौत हो चुकी है.**

काठमांडू, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेपाल में बारिश ने विकराल रूप ले लिया है. मूसलाधार बारिश के चलते पड़ोसी देश में बाढ़ की स्थिति बन गई है. कई जगह पहाड़ खिसक गए हैं और लैंडस्लाइड हो रही है. बीते एक हफ्ते में कम से कम 33 लोगों की मौत हो चुकी है. करनाली प्रांत में बारिश ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया है. अधिकारियों के मुताबिक हजारों लोगों को यहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है. सैकड़ों घर बर्बाद हो चुके हैं. स्थानीय मीडिया के मुताबिक कम से कम 22 लोग इसी प्रांत से लापता हैं और हजारों लोगों को चोट आई है. लगातार हो रही बारिश की वजह से मुश्किल पहाड़ी रास्तों में राहत कार्य चलाना मुश्किल हो गया है. कई प्रांतों में हेलीकॉप्टर के जरिए लोगों को रेस्क्यू करने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है. अधिकारियों का कहना है कि दुर्भाग्य से मौसम सही नहीं हो रहा है और इस वजह से बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है.

### 39 फीट तक बढ़ा नदी का जलस्तर

कालीकोट जिले से बहुत से लोगों के लापता होने की शिकायतें आई हैं. बीते एक हफ्ते में बारिश की चेतावनी के चलते हजारों लोगों को अपने घर से सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया है. नेपाल के आपातकालीन प्रशासन के मुताबिक प्रांत के कई इलाकों में करनाली नदी का जलस्तर 39 फीट तक बढ़ गया है. नदी के ऊपर बने कई पुल बह गए हैं. हेलीकॉप्टर के जरिए सरकार राहत सामग्री लोगों तक पहुंचाने की कोशिश कर रही है.

# 'अगर आप भी झिझकते हैं।' : छात्रा ने मुंबई पुलिस को बोला थैंक्स



मुंबई, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई की एक कॉलेज की छात्रा ने उसके द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के एक केस को सुलझाने पर मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर धन्यवाद बोला है। छात्रा ने बताया है कि पांच महीने पहले वह अपने घर के पास सार्वजनिक स्थान पर टहल रही थी। वहीं एक व्यक्ति ने उसका यौन उत्पीड़न किया। चिल्लाने पर आरोपी भाग गया। इसके बाद उसने गामदेवी पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उसके साथ जाकर मौके पर जांच भी की, मगर आरोपी वहां नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के हुलिए के बारे में छात्रा से पूछताछ की। उस समय मुझे लगा कि अब इस मामले में शायद आगे कुछ नहीं हो सकेगा।

पांच महीनों तक लगातार कई धुंधली सीसीटीवी फुटेज की पहचान के लिए मुझे पुलिस स्टेशन बुलाया जाता रहा। मुझे डर था कि शायद मैं ही उस आदमी को पहचान नहीं पा रही हूं और अब इन सबसे कुछ नहीं होने वाला। आज घटना के लगभग पांच बाद गामदेवी पुलिस स्टेशन के संदीप माने ने उसी आदमी की तस्वीरों के साथ संपर्क किया। उन्हें यकीन था कि वह आरोप ही है और जब मैंने तस्वीरें देखीं तो यह सच में वही था। छात्रा ने मुंबई पुलिस को लिखे पत्र में लिखा, 'धन्यवाद उसे पकड़ने के लिए। मैंने हार मान ली थी लेकिन गामदेवी पुलिस स्टेशन के लोगों ने नहीं। मैं मुंबई पुलिस स्टेशन के सभी प्रयासों के लिए हमेशा आभारी हूं। वे मेरी शिकायत के प्रति बहुत गंभीर थे। वे तब तक नहीं रुके, जब तक उन्होंने आरोपी को पकड़ नहीं लिया'। छात्रा ने कहा कि यदि आप भी कभी इसी तरह की घटना की रिपोर्ट करने में झिझकते हैं तो मैं आपको इसके लिए प्रोत्साहित करती हूं। आप तत्काल परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकते लेकिन आप निरंतर और लगातार प्रयास की उम्मीद कर सकते हैं। ऐसे प्रयास आपको सुरक्षित और ज्यादा आत्मविश्वासी बनाएंगे।पुलिस ने 100 दिनों तक तलाश करने के बाद आरोपी को 6 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर उसके खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। अदालत ने दो दिनों के परीक्षण के बाद अपना फैसला सुनाया। छात्रा की गवाही के बाद छह माह की जेल और 500 रुपये का जुर्माने की सजा अदालत ने आरोपी को दी।

# मुंह पर टेप लगाकर सो रहे हैं लोग

## सोशल मीडिया के इस ट्रेंड को फॉलो न करें ऑक्सीजन लेवल हो सकता है कम

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर जैसे ही कोई चीज ट्रेंड करता है, यूथ उसे अपनाने लगते हैं, लेकिन किसी भी ट्रेंड को फॉलो करने से पहले उसके अच्छे और बुरे पहलू को जानना जरूरी है। ऐसे ही एक ट्रेंड की चर्चा करेंगे आज जरूरत की खबर में, जिसका नाम है माउथ टेपिंग ट्रेंड।

इसमें लोग अपने मुंह पर टेप लगाकर सो जाते हैं। दावा किया जा रहा है कि इससे अच्छी नींद आती है, वहीं कुछ लोगों का मानना है कि ऐसा करने से स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है।

एक्सपर्ट्स से समझते हैं कि माउथ टेपिंग ट्रेंड आपके लिए फायदेमंद है या नहीं? क्या ऐसा करने से अच्छी नींद आती है? एक्सपर्ट हैं- हैदराबाद में यशोदा हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन डॉ विश्वेश्वरन बालासुब्रमण्यम, फोर्टिज अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट और पल्मोनोलॉजी डॉ. आयुष गुप्ता।

**सवाल- क्या है माउथ टेपिंग ट्रेंड?**

नाम से ही समझा जा सकता है कि इस ट्रेंड में मुंह पर टेप लगाया जाता है। मुंह पर टेप लगे होने के



कारण सोते समय मुंह की जगह सिर्फ नाक से सांस लेनी पड़ती है। जिसे नेजल ब्रीदिंग कहते हैं। इसके कुछ फायदे हैं। जैसे- जिन चीजों से एलर्जी हो सकती है, वो बॉडी के अंदर नहीं जा पाती हैं। बॉडी का टेम्प्रेचर और ब्लड प्रेशर अच्छे से कंट्रोल होता है। मुंह से बदबू नहीं आती और खर्राटे भी बंद होते हैं। स्किन पर सिर्फ मेडिकल ग्रेड टेप को यूज करना चाहिए। अगर आप कोई दूसरा टेप लगा रहे हैं, तो इससे नुकसान हो सकता है। जैसे- मुंह के आस-पास सूजन, रेडनेस,एलर्जी,बालों का टूटना। जिन लोगों को स्लीप एपनिया, नींद में मुंह खुलना या कोई और बीमारी है, उन्हें ये ट्रेंड बिल्कुल भी ट्राय नहीं करना चाहिए। डॉक्टर की सलाह से सही ट्रीटमेंट लेकर किसी भी समस्या को हल करना चाहिए।

अभी तक इस ट्रेंड को लेकर जितनी रिसर्च हुई है, उसमें इस ट्रेंड के असरदार होने का कोई खास सबूत नहीं मिले हैं। लिहाजा ये कहना मुश्किल है कि माउथ टेपिंग किसी भी स्लीप डिसऑर्डर में मदद करता है। हां इसके कुछ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। मसलन- एलर्जी, सोने में परेशानी, अच्छी नींद न आना।

यह तो बात हुई माउथ टेपिंग ट्रिक और ट्रेंड से जुड़े जरूरी सवालों की। अब बात सांस लेने से जुड़े कुछ जरूरी सवालों के बारे में।

**सवाल- नेचुरली इंसानों का नाक से सांस लेना सही है या मुंह से?**

डॉ. आयुष गुप्ता- इंसानों की बॉडी नेचुरली नाक से सांस लेने के हिसाब से बनी है। नाक सूखी हवा को नम और मॉइस्चराइज करता है। इससे हमारे फेफड़े भी ठीक रहते हैं। नाक में रुकावट या बढ़े हुए टॉन्सिल के चलते लोग मुंह से सांस लेना शुरू कर देते हैं। कई लोगों को टॉन्सिल की प्रॉब्लम बचपन से ही रहती है, लेकिन ये नॉर्मल नहीं है। लोगों को इसका समय रहते ही इलाज करवाना चाहिए। टॉन्सिल पेशेंट या सांस की बीमारी वाले लोगों के लिए मुंह पर टेप लगाना खतरनाक साबित हो सकता है। इससे उनका ऑक्सीजन लेवल कम हो सकता है। नींद के दौरान हार्ट रिलेटेड प्रॉब्लम आ सकती है। ऐसे लोग मुंह में टेप भूलकर भी न लगाएं।

खर्राटे लेने के अलग-अलग कारण होते हैं। हालांकि इसका मुख्य कारण यह है कि आपके एयरवे यानी वायुमार्ग में रुकावट आ जाती है और बॉडी के टिश्यू एक दूसरे के खिलाफ वाइब्रेट होने लगते हैं। इससे निजात पाने के लिए आप नीचे लिखे उपायों को अपना सकते हैं- पीठ या सीधे लेटने के बजाय करवट लेकर सोएं। नेजल स्ट्रिप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ज्यादा दिक्कत होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

सिंधिया पेना ओर्बिया के अनुसार, एक स्टडी से पता चला कि माउथ टेपिंग के बाद 30 पेशेंट्स ने कम खर्राटे लिए, लेकिन अस्थमा के 36 पेशेंट्स पर की गई एक दूसरी स्टडी में माउथ टेप का इस्तेमाल करने के बाद उनकी सिचुएशन में बदलाव के कोई संकेत नहीं मिले। 2022 की एक स्टडी से पता चला है कि 10 पेशेंट्स ने अपने मुंह पर टेप लगाने के बाद भी मुंह से सांस लेने की कोशिश जारी रखी, जिसकी वजह से उनके मुंह में छाले भी हो गए।

# हनुमान जी को नोटिस-10 दिन में मंदिर खाली करें

## रेलवे ने मंदिर के बाहर चिपकाया नोटिस कहा- नहीं माने तो कार्रवाई करेंगे



धनबाद, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के धनबाद में रेलवे ने हनुमान जी को मंदिर खाली करने का नोटिस थमा दिया। ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने मंगलवार शाम को मंदिर के बाहर ये नोटिस लगाया। यह हनुमानजी के नाम से है। उसमें लिखा है, आपका मंदिर रेलवे की जमीन पर है। वहां अवैध कब्जा किया गया है। नोटिस मिलने के 10 दिनों के अंदर मंदिर हटा लें और जमीन खाली कर दें। नहीं तो आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला धनबाद के बेकारबांध इलाके का है। खटीक बस्ती में रेलवे ने अपनी जमीन खाली कराने के लिए नोटिस चिपकाया है। रेलवे ने ना सिर्फ हनुमान मंदिर बल्कि आसपास की अवैध झुग्गी-झोपड़ियों को भी हटाने को कहा है

**रेलवे ने कहा गलती हो गई**

सीनियर सेक्शन इंजीनियर धनबाद रेल मंडल एस के चौधरी ने कहा कि ये मानवीय भूल है। नोटिस में गलती से हनुमान जी का नाम लिख दिया गया है। इसे सुधार किया जाएगा। और आगे से ऐसी गलती ना हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। किसी की भावनाओं को आहत करना विभाग का मकसद नहीं था। हमें बस जमीन से अतिक्रमण हटाना था ।

**20 सालों से रह रहे हैं लोग**

बेकारबांध के खटीक मोहल्ले में 20 सालों से लोग रेलवे की जमीन पर रह रहे हैं। यहां खटीक समुदाय के लोग मुख्यतः उत्तर प्रदेश से आए हैं। झुग्गी-झोपड़ी बनाकर सालों से पानी फल, मछली, सब्जी समेत अन्य छोटे-छोटे कारोबार करते हैं। रेलवे की टीम ने मोहल्ले में सभी घरों को अवैध कब्जा बताकर खाली करने का नोटिस चिपका दिया है। सभी घरों को उनके नाम से दीवार पर नोटिस चिपकाया गया है। इस इलाके में 300 से ज्यादा परिवार रहते हैं।

**अब होगी अखिलेश से एकता?**

## मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद क्या बोले शिवपाल यादव

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद अब उनकी स्मृतियां ही शेष हैं, जिन्हें हर कोई अपने-अपने तरीके से साझा कर रहा है। मुलायम सिंह यादव के साथ कई दशक तक कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले शिवपाल यादव भी बड़े भाई का सहारा छिन जाने से भावुक और दुखी हैं। बुधवार को उन्होंने मीडिया से बात की और मुलायम सिंह यादव के साथ गुजारे दिनों को याद किया। शिवपाल यादव ने कहा, 'नेताजी ने मुझे पढ़ाया भी था। मुझे साइकिल पर बिठाकर स्कूल भी ले जाया करते थे। जब मुझे साइकिल चलानी आ गई थी तो मैं भी नेताजी को बिठा कर ले जाता था।' शिवपाल यादव ने कहा कि हर मोर्चे पर, हर मौके पर हमने अभी तक जो भी फैसले लिए हैं, वह नेताजी के कहने पर ही लिए हैं। हमने कभी भी नेताजी की किसी बात को नहीं टाला है। कोई भी बात हो किसी भी तरह की बात हो, मैंने नहीं टाला है।

# साहब! 25 रोटी, एक थाली चावल

## दो कटोरी दाल खाने से आ गई सुस्ती, हेड कांस्टेबल ने दी सफाई



लखनऊ, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। साहब! 25 रोटी, एक थाली चावल, दो कटोरी दाल और एक कटोरी सब्जी खाने से सुस्ती आ गई थी। शाम को सही भोजन नहीं मिलने से पेट नहीं भरा था। ज्यादा भोजन लेने से सुस्ती आ गई और मैं सो गया था। भविष्य में इतना भोजन नहीं लूंगा। यह सफाई हेड कांस्टेबल की है, जो इन दिनों पुलिस प्रशिक्षण केंद्र दादूपुर में प्रशिक्षण ले रहा है। दरअसल अधिकारी ने सोते मिलने पर उससे जवाब मांगा था।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र दादूपुर में सोमवार को क्लास के दौरान हेड कांस्टेबल राम शरीफ सोते पाए गए थे। उनका यह कार्य मर्यादा के विपरीत बताया गया था। इसे घोर लापरवाही मानते हुए पीटीसी के टोली कमांडर ने हेड कांस्टेबल से स्पष्टीकरण मांगा था। हेड कांस्टेबल की साफगोई ने सबको चौका दिया। हेड कांस्टेबल राम शरीफ यादव ने अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि लखनऊ से ट्रेनिंग के लिए वे पीटीसी दादूपुर के लिए रवाना हुए थे।

उन्हें यहां पहुंचने में काफी परेशानी हुई और वे थके-हारे शाम तक पीटीसी पहुंचे थे। हेड कांस्टेबल राम शरीफ यादव का कहना है कि शाम को सही भोजन नही मिलने के कारण उनका पेट नहीं भरा था। इसलिए सुबह के समय भोजन में 25 रोटी, एक थाली चावल, दो कटोरी दाल और एक कटोरी सब्जी खाने में ले लिया था। इसके चलते सुस्ती छा गई और वे सो गए। राम शरीफ ने भविष्य में इतना भोजन नहीं लेने की बात कहते हुए क्षमा करने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक में कबड्डी खिलाड़ी की मौत

## अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम, ओपी चौधरी बोले- जर्जर सड़क के चलते गई जान

रायगढ़, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। रायगढ़ में आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक के तहत कबड्डी प्रतियोगिता में एक खिलाड़ी की मौत हो गई। खेलते-खेलते पटखनी देने के दौरान सिर के बल गिर गया, और फिर उठा ही नहीं। इलाज के लिए उसे रायगढ़ ले जाया जा रहा था. जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सीएम भूपेश बघेल ने मृतक खिलाड़ी ठंडाराम मालाकार के परिजनों को 4 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। पूरी घटना घरघोड़ा के भालूमार गांव की है।

मृत युवक का नाम ठंडा राम मालाकार (35 वर्ष) था। कबड्डी मैच में घायल होने के बाद बाद साथी खिलाड़ियों ने ठंडाराम मालाकार को उठाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं उठ पाया। इधर मौके पर कोई मेडिकल टीम उपलब्ध नहीं थी। यहां तक की फर्स्ट एड किट तक की व्यवस्था नहीं थी। लोगों ने जल्दी से खिलाड़ी ठंडा राम मालाकार को उठाया और घरघोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां उसकी गंभीर हालत को देखकर खिलाड़ी को रायगढ़ रेफर कर दिया गया। इधर घरघोड़ा से रायगढ़ तक की जर्जर सड़क के कारण कबड्डी खिलाड़ी ठंडा राम को अस्पताल पहुंचने में साढ़े 4 घंटे का समय लग गया। तमनार पाली घाट मार्ग पर रायगढ़ ले जाने के दौरान रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद भी लोग उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कबड्डी खिलाड़ी की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि खेल में कभी-कभी ऐसे हादसे हो जाते हैं। उन्होंने मृत खिलाड़ी के परिजनों को 4 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। उन्होंने पीड़ित परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर की। इधर बीजेपी महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक करा रही है, वो इसे कराएं, लेकिन वहां खिलाड़ियों के लिए कोई स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि मृतक खिलाड़ी के परिजनों को 50 लाख रुपए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। ओपी चौधरी ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक के दौरान किसी



मृतक की फाइल फोटो

खिलाड़ी की मौत होती है, तो उसके परिजनों को 50 लाख रुपए और अगर कोई अपंग होता है, तो उसे 25 लाख रुपए दिए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार हर खिलाड़ी का बीमा कराए, तभी उन्हें खेल खिलाएं। ओपी चौधरी ने कहा कि अभी उन्होंने रायगढ़ से घरघोड़ा तक की पदयात्रा की थी, इसके दौरान उन्होंने पाया कि सड़क बेहद खराब है। 50 किलोमीटर की सड़क को तय करने में परिजनों को साढ़े 4 घंटे लग गए। इसी वजह से घायल खिलाड़ी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि खराब सड़क के लिए जो भी अधिकारी या ठेकेदार जिम्मेदार हैं, उन सब पर एफआईआर दर्ज की जाए। अपर कलेक्टर राजीव पांडेय ने कहा कि मृतक के परिजनों को शासन की तरफ से तत्काल 50 हजार रुपए दिए गए हैं।

प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक का आयोजन गांव-गांव में विलुप्त होते खेलों को संजोने के लिए कर रही है। इसमें बढ़-चढ़कर ग्रामीण हिस्सा ले रहे हैं। पिछले साल जनवरी में भी छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के गोजी गांव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान एक खिलाड़ी की मौत हो गई थी।

# रमन सिंह पर केस करेंगे सीएम भूपेश

## बोले-सोनिया गांधी का एटीएम कहा, कोयले पर प्रति टन 25 रुपए लेने का आरोप प्रमाणित करें

रायपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में राजनीतिक बयानबाजी अदालतों की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफ मानहानि का दावा ठोकने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर रमन सिंह ने उन्हें सोनिया गांधी का एटीएम कहा है। कोयले पर प्रति टन 25 रुपए लेने का आरोप लगाया है। वे इसे प्रमाणित करें नहीं तो सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

रायपुर के पुलिस लाइन हेलीपैड पर प्रेस से बातचीत में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, डॉ. रमन सिंह गलत और आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने सोनिया गांधी का एटीएम कहा है और कोयले में प्रति टन 25 रुपए लेने का आरोप लगाया है। वे अब इसे प्रमाणित करें नहीं तो सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। कुछ भी अनाप-शनाप आरोप लगा देंगे क्या। ऐसा नहीं किया तो मैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा। उनके खिलाफ मानहानि का दावा ठोकूंगा।

**धमकाना चमकाना बंद करे**

मुख्यमंत्री ने कहा, रमन सिंह अधिकारियों को डरा रहे हैं, इसका मतलब है कि वे खुद डरे हुए हैं। उनको जमीनी हकीकत पता है। वे फेयर तरीके से चुनाव लड़ेंगे तो उनकी हालत जितनी थी उतनी भी नहीं रहने वाली है। इस कारण से वे अपनी खीझ अधिकारियों पर उतार रहे हैं। 15 साल तक वही अधिकारी अच्छे थे। अब सरकार में नहीं हैं तो वही अधिकारी खराब हो गए। अधिकारी अपना काम कर रहे हैं। उनको जो जिम्मेदारी दी गई है, उसपर कार्रवाई कर रहे हैं। इसलिए उनको धमकाना चमकाना बंद करें।

**कोयला में कमीशन पर भड़के, रमन सिंह पर उठाए सवाल**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमारी सरकार ने कोलवाशरी के खिलाफ कार्रवाई की। सभी जगह छापा डाले। रमन सिंह बताएं कि 15 साल के शासनकाल में ऐसी कोई कार्रवाई की हो तो। वैसे भी कोयला तो सेंट्रल गवर्नमेंट का है। राज्य सरकार की इसमें क्या भूमिका है। खदान केंद्र आवंटित करती है। यहां 58 खदानों में से 52 तो एसईसीएल यानी भारत सरकार का है। प्राइवेट प्लेयर तो बंद ही हो गये थे अब तो दो-चार शुरू हुए हैं। कोयला ट्रांसपोर्ट के चक्कर में महीनों से पैसेंजर ट्रेन बंद करके रखे हैं। उद्योगों को कोयला नहीं मिल रहा है। इसके बारे में रमन सिंह क्यों नहीं पूछते। आखिर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

**कहा-कोलवाशरी की कार्रवाई में हमें भी पता है कौन-किससे जुड़ा है**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग का आरोप दोहराया। उन्होंने कहा, जो एजेंसियां हैं वे इसलिए बनाई जाती हैं कि कोई गलत काम न करे। कोई गलत करता है तो उसपर कार्रवाई करें। हम इसका स्वागत करते हैं। हम पहले ही कहते रहे हैं कि गलत करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लेकिन सेंट्रल एजेंसी का दुरुपयोग राजनीतिक लाभ के लिए, सरकार को बदनाम करने के लिए, उनके अधिकारियों को राजनेताओं को बदनाम करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

सीएम ने कहा कि हमने भी कोलवाशरी पर कार्रवाई की। क्या हमने उसका कोई पॉलिटिकल लाभ लिया। क्या इस प्रकार का कोई बयान दिया। हमको पता है कि कौन किससे जुड़ा हुआ है लेकिन हमने उसको राजनीति से नहीं जोड़ा। कार्रवाई की। उसमें जो गलत पाया गया है उसको नोटिस दिया गया है। लेकिन आप क्या कर रहे हैं। आप केवल राजनीति से प्रभावित होकर कार्रवाई कर रहे हैं। यह केवल राजनीतिक लाभ के लिए कर रहे हैं।

ईडी के छापे में कैस बरामद होने की एक सूचना से संबंध में पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, उन्होंने कोई प्रेस रिलीज जारी किया है कि अधिकारी के यहां से यह बरामद हुआ है, व्यापारी के यहा से यह पकड़ा गया है। सूत्रों के हवाले से काम नहीं चलेगा। एक-एक अधिकारी के यहां से क्या पकड़ा गया है यह बताएं ना। बदनाम करने की कोशिश क्यों की जा रही है। अगर पकड़ा गया है तो एजेंसी का बयान आना चाहिए। पिछले दिनों ऐसे ही आईटी का छापा पड़ा था। सात दिन तक कार्रवाई किए। एक प्रेस विज्ञप्ति देना था, लेकिन वह दिल्ली में जाकर दिए। वह भी सब मिलाजुलाकर।

इस पूरे एपिसोड में भाजपा भी आक्रामक है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी मुख्यमंत्री पर मानहानि का केस करने की चेतावनी दी है। बुधवार शाम उन्होंने कहा, आप कहते हैं कि भाजपा के कहने से ईडी आती है। इसके साक्ष्य लाइये। अगर प्रमाणित नहीं कर सके तो मैं आप पर मानहानि का दावा करुंगा।

ईडी का छापा शुरू होने के बाद डॉ. रमन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, छत्तीसगढ़ शर्मशार हुआ है। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि 40-40 अधिकारियों के घरों में ईडी छापा मारेगी। मैं साल भर से बोल रहा हूं भूपेश बघेल, कांग्रेस पार्टी और सोनिया गांधी के एटीएम बने हुए हैं। फिर से दोहरा रहा हूं-भूपेश बघेल, सोनिया गांधी का एटीएम है।

कोयले के ऊपर 25 रुपया प्रति टन की अवैध वसूली हो रही है। कोरबा के पान ठेले वाले से लेकर कलेक्टर तक जानते हैं कि पैसा कौन लेता है और कहां जाता है।

# नहीं तो फेस्टिवल सीजन में फंस जाएंगे 'ऑफर्स के जाल' में

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। फेस्टिवल सीजन है। धमाकेदार ऑफर आपको भी लुभा रहे होंगे। क्रेडिट कार्ड यूजर्स ऐसे ऑफर को जल्दी लपकते हैं। क्रेडिट कार्ड यूजर्स की चूक का फायदा उठाने दूसरी तरफ साइबर ठग ताक में बैठे हैं। इनका सिंडीकेट जाल देश भर में फैला हुआ है। साइबर सेल के मुताबिक, दिल्ली समेत मेवात, जामताड़ा, वेस्ट बंगाल, तेलंगाना से धोखाधड़ी का पूरा सिस्टम ऑनलाइन ऑपरेट हो रहा है। लोगों को लाखों रुपये की चपत एक झटके में लग जाती है। हाल ही में साइबर सेल ने क्रेडिट कार्ड से जुड़े कई केस सॉल्व करते हुए गैंग पकड़े। साइबर सेल के मुताबिक, इस तरह के फ्रॉड से बचने के लिए अगर थोड़ी सी सावधानी बरतें तो आप भी मुसीबत से बच सकते हैं।

**फिशिंग मेल, वेबसाइट के लिंक**

बैंक या कॉमर्स वेबसाइट्स की नकली साइट या फर्जी ई-मेल के जरिए आपसे अपना बैंक पासवर्ड बदलने को कहा जाता हैं या फिर फाइनेंशियल डिटेल्स मांगी जाती है। अगर, आप पासवर्ड बदलते हैं, तो इसे हैकर्स ट्रैक कर लेते हैं। रकम उड़ाई जा सकती है। ई-मेल के साथ अटैचमेंट भी जुड़े होते हैं, जो दरअसल स्पाई वायरस होते हैं और आपकी महत्वपूर्ण जानकारियां हैक कर लेते हैं। फिशिंग से बचने के लिए किसी भी ई-मेल व अटैचमेंट को सोच-समझ कर ही खोलें। ई-मेल रिक्वेस्ट पर अपने अकाउंट नंबर, पासवर्ड, सीवीवी नंबर जैसी डिटेल्स कतई न बताएं।

**कार्ड के फ्री ऑफर को कहें 'ना'**

साइबर ठगों के लिए यह तरीका सबसे आसान है। इसमें डिस्काउंट



या कार्ड मुफ्त में बनाने जैसा ऑफर दिया जाता है। लोगों का विश्वास जीत कर उनसे फाइनेंशियल डिटेल व उनके कार्ड का पासवर्ड तक जान लेते हैं। फिर उसका मनचाहा इस्तेमाल करके उस शख्स को फर्जी ट्रांजेक्शन के जरिये चपत लगाते हैं। इस तरह की ठगी से बचने के लिए कोई कितना ही भरोसेमंद क्यों न लगे, अपने पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल्स और वित्तीय जानकारियां किसी को न दें। सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटों पर भी इस तरह की बातों का जिक्र न करें।

**कार्ड स्वाइप जहां करें, सावधान रहें**

यह मालवेयर और इससे भी शक्तिशाली वायरस इतने खुफिया ढंग से काम करते हैं कि दुनिया भर की एंटी वायरस कंपनियां इससे निपटने के रास्ता अपनाती रहती हैं। यह मालवेयर ग्राहक के बजाय सीधे रिटेलर के कंप्यूटर पर हमला करता है। ऐसे में मशीन पर आपका कार्ड स्वाइप होने के बाद आपके कार्ड की सारी डिटेल्स इस मालवेयर के जरिये हैकर को मिल जाती है, जिससे फर्जी ट्रांजेक्शन किया जाता है। बचने का सबसे तरीका यही है कि ग्राहक केवल भरोसेमंद जगह से ही शॉपिंग करें और रिटेलर्स अपने सभी बिजनेस सिस्टम में अच्छा एंटी वायरस डाल कर रखें।

**क्रेडिट कार्ड का बदलते रहे पिन नंबर**

क्रेडिट कार्ड का पिन नंबर बदलते रहें। इसके अलावा कार्ड के पीछे सुरक्षा के लिए लगा तीन अंकों का सीवीवी नंबर मुमकिन हो तो इसे याद कर लें और कार्ड पर से उसे मिटा दें। अपना पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहें और हमेशा बड़े डिजिट का पासवर्ड रखें। जिस ई-मेल अकाउंट पर क्रेडिट कार्ड से संबंधित सूचनाएं आती हैं, उसकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है।

**मोबाइल मैसेज एक्टिवेट रखें**

अपने कार्ड का स्टेटमेंट टाइम टू टाइम चेक करते रहें। अक्सर ज्यादा खरीदारी पर बैंक कॉल करते हैं। आपको खुद सावधान रहना होगा। कार्ड कंपनी की साइट पर रजिस्टर कर हर हफ्ते कार्ड का ब्यौरा देखें। कार्ड पर मोबाइल अलर्ट सुविधा जरूर एक्टिवेट कराएं। इससे कार्ड से जुड़े हर ट्रांजेक्शन पर आपको एसएमएस के जरिये सूचना मिलती रहेगी। अपना पता, ई-मेल एड्रेस, टेलिफोन नंबर में कोई बदलाव होने पर अपने रिकॉर्ड में जरूरी करेक्शन कराएं। पेपर स्टेटमेंट लेने की बजाय ई-मेल के जरिये स्टेटमेंट मंगवाए या ऑनलाइन अकाउंट चेक करते रहें। फोन पर किसी को भी कार्ड से जुड़ी सूचनाएं देते समय सावधानी बरतें। कोई शख्स बैंक से फोन करने की बात कहकर आपसे सूचनाएं मांगता है तो पहले पक्का कर लें कि वह बैंक से ही या नहीं उस शख्स से पूछताछ करें कि वह आपके अकाउंट से जुड़ी बुनियादी जानकारियां पहले आपको बताए, जैसे पूरा नाम, पिछला बिल, जन्म तिथि, और एड्रेस। ऐसी हर कॉल को शक की नजर से देखें और संबंधित शख्स का ब्यौरा दर्ज करके रखें। शक होने पर बैंक से बात करें।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र दादूपुर में सोमवार को क्लास के दौरान हेड कांस्टेबल राम शरीफ सोते पाए गए थे। उनका यह कार्य मर्यादा के विपरीत बताया गया था। इसे घोर लापरवाही मानते हुए पीटीसी के टोली कमांडर ने हेड कांस्टेबल से स्पष्टीकरण मांगा था। हेड कांस्टेबल की साफगोई ने सबकों चौका दिया। हेड कांस्टेबल राम शरीफ यादव ने अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि लखनऊ से ट्रेनिंग के लिए वे पीटीसी दादूपुर के लिए रवाना हुए थे। उन्हें यहां पहुंचने में काफी परेशानी हुई और वे थके-हारे शाम तक पीटीसी पहुंचे थे। हेड कांस्टेबल राम शरीफ यादव का कहना है कि शाम को सही भोजन नही मिलने के कारण उनका पेट नहीं भरा था। इसलिए सुबह के समय भोजन में 25 रोटी, एक थाली चावल, दो कटोरी दाल और एक कटोरी सब्जी खाने में ले लिया था।

इसके चलते सुस्ती छा गई और वे सो गए। राम शरीफ ने भविष्य में इतना भोजन नहीं लेने की बात कहते हुए क्षमा करने की मांग की है।



# राजस्थान में सीएम फेस के लिए पीएम मोदी का सर्वे

## वर्तमान विधायकों का भी टिकट आसान नहीं; कांग्रेस भी टटोल चुकी है नब्ज



जयपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सियासी माहौल बदलने के साथ ही अब राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव को लेकर एक्सरसाइज शुरू कर दी है। राजस्थान में 2023 विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी कई स्तर पर सर्वे करवा रही है। इन सर्वे के परिणामों के आधार पर ही राजस्थान में लीडरशिप फेस और 200 विधानसभा सीटों पर टिकट तय होंगे। राजस्थान बीजेपी में लीडरशिप को लेकर चल रहे संघर्ष के बीच इन सर्वे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजस्थान में सर्वे दो तरह से कराए जा रहे हैं। पहले सर्वे में अलग-अलग स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं से हर सीट को लेकर फीडबैक लिया जा रहा है। इनमें हर विधानसभा सीट से 3 से 5 दावेदारों के बारे में पूछा जा रहा है। जहां जितने दावेदारों के नाम हैं। सभी पर राय ली जा रही है। किस नेता के पक्ष में कितने प्रतिशत लोग हैं, इसका डेटा लिया जा रहा है।

सर्वे का दूसरा हिस्सा लीडरशिप को लेकर है। राजस्थान बीजेपी में सीएम के चेहरे के लिए कई चेहरे हैं। वहीं, कई नेता अपनी दावेदारी मजबूती से जाहिर कर चुके हैं। इसे लेकर भी पार्टी अपने स्तर पर सर्वे करवा रही है। वर्तमान विधायकों, पूर्व विधायकों, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और तमाम मोर्चे-प्रकोष्ठ से जुड़े लोगों से राय ली जा रही है।

**लीडरशिप की लड़ाई, टिकट पर भी डालेगी असर**

राजस्थान बीजेपी में लीडरशिप को लेकर संघर्ष है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जहां खुद को इस लाइन में खड़ा कर दिया है। अपने बीकानेर संभाग के दौरे और संभाओं से राजे ने साफ मैसेज दे दिया है। इसके अलावा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी खुद को इस रेस में लगातार बताते नजर आए हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी इस दौड़ में हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, राज्यसभा सांसद ओम माथुर के नाम भी चर्चाओं में रहते हैं।

नेताओं के संघर्ष का असर चुनाव को लेकर टिकटों के वितरण में भी देखने को मिल सकता है। हर नेता अपने खेमे के लोगों को टिकट दिलवाने का प्रयास करेगा। ऐसे में टिकट को लेकर लड़ाई देखने को मिलेगी। वहीं, आपसी संघर्ष में अगर गलत टिकट मिलता है तो उसका नुकसान पार्टी को उठाना पड़ सकता है।

पिछले उपचुनाव में वल्लभनगर और धरियावद सीट पर गलत टिकट देने का खामियाजा बीजेपी को उठाना पड़ा था। धरियावद में बीजेपी तीसरे और वल्लभनगर में चौथे स्थान पर रही थी। इसको देखते हुए भी सर्वे बीजेपी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**राहुल गांधी की टीम ने भी कराया था सर्वे**

राजस्थान में चुनावों को लेकर भाजपा के साथ कांग्रेस की सक्रियता भी बढ़ गए है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार इस साल अगस्त में राहुल की टीम ने भी सर्वे कराया था। हालांकि, उस सर्वे में केवल मुख्यमंत्री के चेहरे का सवाल नही था। सरकार के कामकाज से लेकर करीब दस सवाल राहुल के सर्वे में शामिल थे।

# केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बताया बिना पेंदे का लोटा

जयपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बिना पेंदे का लोटा बताया है। शेखवात ने कहा कि कभी गहोलत के पास, कभी पायलट की करीब। ऐसे व्यक्ति का भगवान ही मालिक है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने झुंझुनूं में मीडिया से बात करत हुए राजेंद्र गुढ़ा का कोई स्टेंड नहीं है। उनके परिवार के लोग भी उन पर विश्वास नहीं करते है। झुंझुनूं के एक दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि मंत्री राजेंद्र गुढ़ा कब बीएसपी के साथ होंगे, कब वे कांग्रेस के साथ होंगे कोई पता नहीं है। यह भी पता नहीं है कि कब गुढ़ा गहलोत के साथ होंगे या फिर कब सचिन पायलट के साथ होंगे। यह बात कोई नहीं जानता है। बिना पेंदे के लोटा है, किधर भी लुढ़क सकता है।



**पाला बदलने में माहिर है राजेंद्र गुढ़ा**

उल्लेखनीय है कि बसपा से कांग्रेस में शामिल होकर मंत्री बने राजेंद्र गुढ़ा गहलोत कैंप के माने जाते थे, लेकिन सियासी खींचतान के बीच तुरंत ही पाला बदल लिया। मंत्री गुढ़ा अब सचिन पायलट की तारीफ में जमकर कशीदें गढ़ रहे हैं। गुढ़ा ने हाल ही में कहा था कि सचिन पायलट का युवाओं में क्रेज है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बाद सचिन पायलट ही सबसे ज्यादा भीड़ खींच सकते हैं। गुढ़ा समेत 6 विधायक बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। 2020 में पायलट की बगावत के समय गुढ़ा ने गहलोत कैंप का साथ दिया था। पायलट बसपा विधायकों को मंत्री बनाने के खिलाफ रहे हैं। पायलट कहते रहे हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान मिलना चाहिए। लेकिन अब हालात बदल गए है। सचिन पायलट के पक्ष में खुलकर बयानबाजी कर रहे हैं।

**शेखावत बोले- किधर भी लुढ़क सकते हैं**

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुढ़ा के पाला बदलने पर उन पर जमकर निशाना साधा है। शेखावत ने कहा कि गुढ़ा के परिवार के लोग के भी उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते। उनके गांव के लोगों की बात तो छोड़िए। उन्होंने कहा कि गुढ़ा की हालत तो अब यह हो गई है कि कब, कहां और किसके साथ होंगे, कोई नहीं बता सकता। वे बिना पेंदे के लोटे की तरह कभी भी, किधर भी लुढ़क सकते हैं।

# दिल्ली पहुंचे गहलोत के मंत्री महेश जोशी और शांति धारीवाल, सोनिया गांधी से मिलने की चर्चा



जयपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सियासी संकट पर कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के बाद मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ दिल्ली पहुंच गए है। दोनों मंत्रियों ने कारण बताओ नोटिस का जवाब कांग्रेस आलाकमान को भेज दिया था। कांग्रेस आलाकमान का निर्णय क्या होगा लेकिन इससे पहले तीनों नेता एआईसीसी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात कर अपना पक्ष रख सकते हैं। हालांकि, अभी औपचारिक रूप से तीनों नेता किसी नेता के साथ मुलाकात करने नहीं पहुंचे हैं, लेकिन कहा जा रहा है कि यह तीनों नेता आज एआईसीसी पहुंच कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी कर सकते हैं। ऐसे में आज इस बात पर सबकी नजर होगी कि ये नेता किनसे मुलाकात करते हैं। बता दें 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करने और समानांतर बैठक करने की वजह से तीनों नेताओं को कारण बताओ नोटिस दिया था।

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मिल सकते हैं**

मुख्य सचेतक एवं जलदाय मंत्री महेश जोशी मंगलवार को ही अपने व्यक्तिगत काम से दिल्ली पहुंचे थे, तो वहीं धर्मेंद्र राठौर दिल्ली में आज शाही ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसी तरह से संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल भी आज सुबह ही दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं, जो अपने किसी व्यक्तिगत काम से गए हैं। अब कहने को तो तीनों नेताओं के व्यक्तिगत और सरकारी कार्यक्रम दिल्ली में हैं, लेकिन हकीकत यही है कि तीनों नेताओं के एक साथ दिल्ली में मौजूद होने का सबसे प्रमुख कारण उन्हें कांग्रेस आलाकमान की ओर से दिए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के बाद आलाकमान से मुलाकात करना है।

**दोनों मंत्री गहलोत समर्थक माने जाते हैं**

उल्लेखनीय है कि तीनों ने सीएम गहलोत समर्थक माने जाते हैं। चर्चा सोनिया गांधी से मिलने की भी है। बताया जा रहा है कि तीनों नेता सोनिया गांधी से मिलकर अपना पक्ष रख सकते हैं। महेश जोशी ने मंगलवार को ही कारण बताओ नोटिस का जवाब ई मेल से भेजा है। जबकि मंत्री धारीवाल करीब एक सप्ताह पहले ही कारण बताओ नोटिस का जवाब भेज चुके हैं। ऐसा मान जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान सख्ती के मूड में नहीं है। कांग्रेस आलाकमान के प्रति आस्था जताने से इन नेताओं पर सख्ती नहीं होगी। इधर, सचिन पायलट के भी आज ही दिल्ली के लिए रवाना होने की खबर है।

# देवी सिंह भाटी विरोधी अर्जुनराम मेघवाल बीजेपी जॉइनिंग कमेटी-अध्यक्ष

## कमेटी तय करेगी पार्टी में कौन शामिल होगा, दूसरे नेताओं पर भी संकट




अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री | देवी सिंह भाटी, पूर्व मंत्री

जयपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान बीजेपी में नेताओं की जॉइनिंग और घर वापसी को लेकर पनपे विवाद के बीच पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी के घोर विरोधी केंद्रीय मंत्री और बीकानेर से लोकसभा सांसद अर्जुनराम मेघवाल को ही पार्टी ने जॉइनिंग कमेटी का हेड बना दिया है। भाटी ने मेघवाल को लोकसभा का टिकट दिए जाने के बीजेपी हाईकमान के फैसले के खिलाफ ही पार्टी छोड़ी थी। अब 2023 विधानसभा चुनाव से पहले वसुंधरा राजे के सहारे भाटी बीजेपी में वापसी की तैयारियों में जुटे हैं। 9-10 अक्टूबर को बीकानेर में वसुंधरा राजे के दौरे और सभा से पहले 8 अक्टूबर को भाटी ने बीजेपी जॉइन करने का ऐलान भी खुद ही करवा दिया था। लेकिन पार्टी में उनकी जॉइनिंग नहीं हो सकी। साथ ही दूसरे नेताओं की बीजेपी में घर वापसी की फाइल भी अटक गई।

बीजेपी जॉइनिंग कमेटी में अर्जुनराम मेघवाल के अलावा विधायक वासुदेव देवनानी सहित 4 से 5 नेता शामिल होंगे। यह कमेटी तय करेगी कोई नेता बीजेपी में शामिल होगा या नहीं। ऐसे में देवी सिंह भाटी को बीजेपी में जॉइनिंग के चांस अब बहुत कम हो गए हैं। क्योंकि अर्जुनराम मेघवाल के बेटे रवि शेखर मेघवाल खुद उसी कोलायत विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं, जहां से देवी सिंह भाटी पूर्व में बीजेपी से चुनाव लड़ते रहे हैं। 20-21 अक्टूबर को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कोटा में बूथ सम्मेलन को संबोधित करने राजस्थान आ रहे हैं।

# राजस्थान-गुजरात सीमा पर दो कारों से 3 करोड़ कैश बरामद

जयपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सिरोही जिले में राजस्थान-गुजरात सीम पर मावल चौकी पर नाकेबंदी के दौरान पुलिस को दो कारों से 3 करोड़ कैश मिले हैं। पुलिस के अनुसार कार की सीट के नीचे कागज में लिपटे नोटों के बंडल मिले। एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर आबूरोड रीको थानाधिकारी हरचंद देवासी के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई। इतनी बड़ी मात्रा में नोटों के बंडल मिलने के बाद पुलिस ने दोनों कार से चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मौके पर नोटों की गिनती के लिए मशीनें मंगवाईं हैं जिनसे रुपये गिने जा रहे हैं। राशि बढ़ने की संभावना है।

**नोट गिनने के लिए मशीन मंगानी पड़ी**



मौके पर सीओ योगेश शर्मा, हरचंद देवासी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं. पकडे.गए आरोपियों ने अब तक रुपयों को लेकर कोई संतुष्ट जवाब नहीं दिया है. जानकारी में सामने आया है कि यह पैसा हवाला का हो सकता है. जोधपुर से आयकर विभाग की टीम को बुलाया गया है जिसके बाद मामले की जांच कर खुलासा किया जाएगा। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस कर रही है मामले की जांच**

बता दें गुजरात में विधानसभा चुनाव होने है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इतनी बड़ी धन राशि हवाला की हो सकती है। धन राशि किसकी है। इसे कहा ले जाया जा रहा था। पुलिस इन सबकी जांच कर रही है।

# गहलोत सरकार की चौथी वर्षगांठ पर बीजेपी मनाएगी 'ब्लैक डे'

## जयपुर में बड़ी जनसभा होगी, 200 विधानसभाओं और 33 जिलों में प्रदर्शन होंगे

जयपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस की गहलोत सरकार की चौथी वर्षगांठ पर बीजेपी 'ब्लैक डे' (काला दिवस) मनाएगी। 17 दिसंबर को गहलोत सरकार के 4 साल पूरे होंगे। बीजेपी उससे पहले सरकार के 4 साल के शासनकाल की नाकामियों के खिलाफ ब्लैक पेपर (आरोप पत्र) पेश जारी करेगी। उससे पहले नवम्बर से ही बीजेपी के सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन प्रदेशभर में बड़े लेवल पर शुरू हो जाएंगे। राजस्थान बीजेपी ने सबसे पहले सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में, फिर 33 जिलों में और आखिर में 15 से 17 दिसम्बर के बीच जयपुर में बड़ी 'जन आक्रोशी रैली, प्रदर्शन और जनसभा' करने का फैसला लिया है। विधानसभा चुनाव-2023 से ठीक एक साल पहले



बीजेपी इस बड़े प्रदर्शन के जरिए प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ चुनावी मुकाबले का बिगुल फूंकेगी और मैदान में उतरने का शंखनाद कर देगी।

**जयपुर में 2 लाख से ज्यादा लोगों की जन आक्रोश सभा होगी**

जयपुर की जन आक्रोश रैली और जनसभा में 2 से 3 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का टारगेट हैं। जिसमें प्रदेशभर से बीजेपी नेता तो आएंगे ही, केंद्र से पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत केंद्रीय मंत्रियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

**CM की कुर्सी के 4 में से 2 पाये गायब**

बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने बीजेपी मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत में कहा- विधानसभा चुनाव आ रहा है। सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। मंत्री-विधायक सामूहिक इस्तीफा दे चुके हैं। इस्तीफे देने के बाद भी मंत्री काम कर रहे हैं। सरकारी सुविधाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, यह जनता के साथ धोखा है। कुर्सी बचाने का खेल और नौटंकी हो रही है। विधानसभाध्यक्ष को इस्तीफे स्वीकार करने चाहिए।

# बेनीवाल और कैलाश चौधरी पर हुए हमले का केस दर्ज

## विधायक हरीश चौधरी सहित 26 के खिलाफ केस दर्ज, बायतु में हुआ था हमला

बाड़मेर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। तीन साल पहले केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कैलाश चौधरी, आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल पर धार्मिक प्रोग्राम में जाने के दौरान कई लोगों ने जानलेवा हमला कर गाड़ी के शीशे तोड़े थे। सांसद बेनीवाल ने पंजाब कांग्रेस प्रभारी एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी व उसके भाई मनीष चौधरी, प्रधान सहित 26 नामजद व 100-150 लोगों पर जानलेवा हमला करवाने का आरोप लगाया था। अब लोकसभा विशेषाधिकार हनन समिति के निर्देश पर बाड़मेर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं सांसद हनुमान बेनीवाल का कहना है कि पुलिस ने 307 धारा को नहीं जोड़ा है।

दरअसल, नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने 14 नवंबर 2019 को बाड़मेर एसपी को लिखित रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया गया कि 12 नवंबर 2019 को रात के करीब 12 बजे वह और कैलाश चौधरी कार में सवार होकर बायतु हाई स्कूल में एक शाम वीर तेजाजी के नाम धार्मिक कार्यक्रम में जा रहे थे।



इस दौरान वाहन चालक जगदीश भील, गनमैन देवकरण ढाका व कैलाश चौधरी के गनमैन हेमंत कुमार व साथ बैठे राजेंद्र बेनीवाल व साथ चल रहे अन्य वाहनों में भी कार्यकर्ता थे। तत्कालीन राजस्व मंत्री हरीश चौधरी के विधानसभा में कार्यक्रम में भाग लेने के कारण सुनियोजित तरीके से हमला करवाया गया। बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागना पड़ा। सांसद ने एफआईआर दी गई थी लेकिन पुलिस ने दर्ज नहीं की थी।

इसके बाद सांसद बेनीवाल ने मामले को लोकसभा में उठाया। संसद की विशेषाधिकार हनन समिति ने राजस्थान के अफसरों को तलब किया था। सीएम ऑफिस में तैनात विशिष्ट सचिव और बाड़मेर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी को संसद में विशेषाधिकार हनन समिति के समक्ष कई बार पेश होना पड़ा। अब प्रिविलेज कमेटी की ओर से फाइनल रिपोर्ट 23 सितंबर को डीजीपी मोहनलाल लाठर को भेज दी थी। इसके करीब 15-17 दिन बाद अब बाड़मेर पुलिस ने बायतु विधायक हरीश चौधरी समेत 27 नामजद और 100-150 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बायतु थाना पुलिस ने आईपीसी की धारा 147, 148, 323, 427, 336 में मामला दर्ज किया है।

केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल पर जानलेवा हमले की घटना नवंबर 2019 में हुई, इसके बावजूद भी सरकार के दबाव में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

# नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाया, ब्लैकमेल कर गैंगरेप

**5 माह से कर थे रेप, आरोपी एक पड़ोसी और तीन रिश्तेदार**

बाड़मेर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। 14 साल की नाबालिग मासूम को बहला-फुसलाकर अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर 5 माह तक ब्लैकमेल कर यौन शोषण व गैंगरेप का मामला सामने आया है। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना बाड़मेर जिले के सेड़वा थाना इलाके की है। वहीं पुलिस ने नाबालिग बच्ची का मेडिकल करवाकर बयान ले लिए है। फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। दरअसल, नाबालिग के पिता ने सेड़वा थाने में 8 अक्टूबर को रिपोर्ट दी थी कि पांच माह पहले नाबालिग बेटी खेत में शाम को काम कर रही थी। खेत के पास स्कूल में खड़ा पड़ोस में रहने वाले रामस्वरूप ने अकेला देखकर नाबालिग को बुलाया। स्कूल की दीवार टूटी हुई थी। नाबालिग बच्ची के आने पर मुंह दबा दिया। स्कूल के परिसर के अंदर ले जाकर जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग के अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर रेप किया। किसी को बताते पर जान से मारने व सोशल मीडिया वायरल करने की धमकियां दी। ब्लैकमेल कर कई बार रेप किया। रिपोर्ट में नाबालिग के पिता में बताया है कि इस दौरान रामस्वरूप ने अश्लील फोटो व वीडियो अपने तीन दोस्तों भेज दिए है। यह तीन युवक नाबालिग के पिता के चचेरे भाई के लड़के है।

# एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड़ा 25 लाख का सोना

जयपुर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने आज बड़ी कार्यवाही की है। कस्टम विभाग ने जयपुर एयरपोर्ट पर 25 लाख रुपये की कीमत का सोना पकड़ा है। 500 ग्राम तस्करी का सोना बरामद किया है। जिसका बाजार मूल्य 25 लाख रुपये आंका गया है। अधिकारियों के अनुसार यात्री शारजाह से सोना लेकर जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचा था। जहां पर कस्टम विभाग की टीम ने दबोच लिया।



कस्टम विभाग के अधिकारियों ने जांच की तो यात्री के पास करीब 500 ग्राम सोना बरामद हुआ. 99.50 शुद्धता वाले तस्करी के सोने की कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। कस्टम विभाग की टीम ने सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत तस्करी के सोने को जब्त कर लिया है। यात्री से पूछताछ की जा रही है. तस्करों ने यात्री को गोल्ड देकर भेजा था, जिसके संबंध में कस्टम विभाग के अधिकारी यात्री से पूछताछ कर रहे हैं। त्योहारी सीजन में सोना तस्करी के मामलों में बढ़ोतरी हो गई है. इससे पहले भी 28 सितंबर को कस्टम विभाग की टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर 582.100 ग्राम तस्करी का सोना पकड़ा था।

# पिता ने स्कूल जाने को कहा, बेटी ने खाया जहर

प्रतापगढ़, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रतापगढ़ में पिता ने अपनी बेटी को स्कूल जाने के लिए कहा तो उसने जहर खा लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसको लेकर पास के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह मामला पीपलखूंट के घंटाली थाना क्षेत्र के रीचिड़ी गांव का है। एएसआई नारायण निनामा ने बताया कि ग्राम पंचायत रियाडा के रीचिड़ी गांव की रमिला (17) पुत्री मावला मीणा 9वीं क्लास में पढ़ती थी। वह करीब 10 दिन से स्कूल नहीं जा रही थी। मंगलवार शाम को पिता मावला ने स्कूल जाने के लिए बोला, तो नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने से रमीला की तबीयत बिगड़ी गई। इस पर परिजन उसको पास के स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसको प्रतापगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# निरंजन ने भाजपा के गुंडों के खिलाफ सीईसी को लिखा पत्र, पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन और एडवोकेट एम. रामचंद्र रेड्डी ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर भाजपा के गुंडों द्वारा 93-मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र के चंदूर मंडल में कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में तोड़फोड़ करने तथा आग लगा दिये जाने पर निष्क्रिय पुलिस द्वारा कोई कदम न उठाये जाने की शिकायत की है।

उन्होंने सीईसी से भाजपा के गुंडों के कृत्यों के बारे में शिकायत की, जिन्होंने 10 अक्टूबर की रात को मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र के चंदूर मंडल में कांग्रेस पार्टी कार्यालय को जला दिया, पार्टी कैडर को हतोत्साहित करने के एकमात्र उद्देश्य से प्रचार सामग्री, फाइलों और पार्टी के झंडे को पूरी तरह से नुकसान पहुंचाया। भाजपा के गुंडों ने अपने नेताओं के सक्रिय उकसावे और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करके, अवैध प्रथाओं को अपनाकर और कांग्रेस पार्टी के कैडर और नेताओं का ध्यान चुनाव प्रचार से हटाने और पार्टी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सार्वजनिक शांति भंग करने की कोशिश की। हालांकि स्थिति तनावपूर्ण बनी रही, नलगोंडा जिले की पुलिस आगामी अवैध कृत्यों का अनुमान नहीं लगा सकी और कांग्रेस पार्टी के कार्यालय और संपत्ति की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय नहीं कर सकी। नलगोंडा पुलिस भी घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल रही। इसका फायदा उठाकर, भाजपा और टीआरएस कैडर निकट भविष्य में इसे दोहराने की योजना बना रहे हैं। इस संदर्भ में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने सीईसी से कांग्रेस पार्टी की संपत्ति की रक्षा करने में विफल पुलिस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने सीईसी से नलगोंडा एसपी को कांग्रेस पार्टी कार्यालयों, नेताओं और कैडर को भाजपा और टीआरएस के बदमाशों से सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया।

# रमेश कुमार बंग दीपावली सम्मेलन के संयोजक बने



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल ने प्रतिवर्षानुसार आयोजित किए जाने वाले 'दीपावली सम्मेलन' का संयोजक सुप्रसिद्ध समाजसेवी रमेश कुमार बंग को मनोनीत किया है। उपरोक्त जानकारी राजस्थानी प्रगति समाज के मानद मंत्री गोविन्द राठी ने दी। उल्लेखनीय है कि रमेशकुमार बंग इस समय दक्षिण भारत की सहकारिता क्षेत्र की बहुराज्यीय बैंकों में अग्रणीय महेश बैंक के चेयरमेन के रूप में बैंक की निरन्तर प्रगति में योगदान दे रहे हैं। तेलंगाना प्रदेश नगरीय सहकारी बैंक एवं क्रेडिट सोसायटीज के अध्यक्ष के रूप में सहकारी बैंकों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान हेतु नियामक संस्थाओं के समक्ष सार्थक व सक्षम प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके अलावा वे तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष, आ. प्रा. माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के चेयरमैन एवं श्री माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के प्रबन्ध न्यासी, मारवाड़ी हिन्दी विद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष का दायित्व निबाहते हुये सामाजिक विकास एवं शैक्षणिक उन्नति के लिये कर्मठता से अपना योगदान दे रहे हैं। नगरद्वय की कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़ कर जन कल्याणकारी कार्यों में सक्रियता से अपना सहयोग कर रहे है। राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा दीपावली सम्मेलन की तिथि एवं स्थान की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी।

# भारतीय पौष्टिक अनाज अनुसंधान संस्थान में हिंदी साक्षात्कार प्रतियोगिता संपन्न



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप-भारतीय पौष्टिक अनाज (मिलेट) अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में जारी हिंदी चेतना मास समारोह के अंतर्गत 12 अक्तूबर को हिंदी में साक्षात्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य सहभागियों की पत्रकार व अन्य साक्षात्कारकर्ता आदि के साथ हिंदी में संवाद का आकलन था। संस्थान में कार्यरत सभी (वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक, शोध अध्येता आदि) संवर्ग के लगभग 10 सहभागियों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान सहभागियों ने भारत में राजभाषा एवं संपर्क भाषा के रूप में हिंदी, पौष्टिक अनाज (मिलेट्स) का महत्व, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आदि विषयों पर चर्चा की तथा श्रोतागण का ज्ञानवर्धन किया। डॉ. आईके दास एवं डॉ. पी संजना रेड्डी, प्रधान वैज्ञानिक तथा श्रीमती ऋतु दलाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने प्रतियोगिता के दौरान निर्णायकों की भूमिका निभाई। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन डॉ. सी वी रत्नावती, निदेशक के दिशा-निर्देश में डॉ. जिनु जेकब, वैज्ञानिक तथा डॉ. महेश कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) के द्वारा किया गया।

# तेलंगाना में युवा कांग्रेस के लिए पुराने गौरव वापस लाने की जरूरत : रेवंत

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने आज मुनुगोडु मंडल मुख्यालय में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। टीपीसीसी प्रमुख और पार्टी सांसद ए रेवंत रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, रेवंत रेड्डी ने कहा कि युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को अविभाजित आंध्र प्रदेश में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलती है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य में युवा कांग्रेस के लिए वही गौरव वापस लाने की जरूरत है। मुनुगोडु उपचुनाव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि मुनुगोडु में शेयर बाजार के लेन-देन की तुलना में राजनीतिक दलबदल तेजी से हो रहा है और कहा कि ऐसी स्थिति में पार्टी की रक्षा करने की जिम्मेदारी युवा कांग्रेस की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दलबदल की राजनीति पर यूथ कांग्रेस अकेले ही लगाम लगाएगी। उन्होंने कहा कि मुनुगोडु में प्रतिद्वंद्वी टीआरएस और भाजपा की रणनीतियों का मुकाबला करने की जिम्मेदारी युवा कांग्रेस की भी है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि क्या कोई दलित या बीसी नेता है, जो टीआरएस पार्टी में पार्टी अध्यक्ष बन सकता है और मजाक उड़ाया कि सीएम केसीआर इस तरह के विचार को अपने दिमाग में नहीं आने देंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस गरीबों की पार्टी है और कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी नहीं होगी तो गरीब लोग गुलामी का जीवन जीने को मजबूर होंगे। उन्होंने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव में पार्टी की जीत के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।

## पवन कल्याण ने की तेलंगाना सरकार से छात्रों के लिए विशेष बस चलाने की अपील

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जनसेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण ने तेलंगाना सरकार से छात्रों के लिए विशेष बस चलाने की अपील की। इस संदर्भ में, जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने बुधवार की सुबह तेलंगाना सरकार से छात्रों के लिए विशेष बस चलाने की अपील की। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) एमडी सज्जनार ने पवन कल्याण के ट्वीट को देखने के कुछ ही मिनटों में तत्संबंधित जवाब दिया। जिसमें एमडी सज्जनार ने बताया कि हम पहले से ही पवन कल्याण द्वारा बताए गए सडकों पर छात्रों के लिए बस सेवा संचालित कर रहे हैं। इसके चलते पवन कल्याण ने कहा कि रंगारेड्डी जिले के पल्लेचेल्का थांडा और सारिकोंडा गांवों के छात्रों को पढ़ने के लिए इब्राहिमपट्टनम और मेदिपल्ली जाना पड़ता है। जिसमें उन्होंने कहा कि खासकर लड़कियों का जंगल के रास्ते से स्कूल जाना मुश्किल है तथा. परिवहन सुविधा के अभाव में कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे। इसे देखते हुए पवन कल्याण ने कहा कि इन छात्रों की सुविधा के लिए तेलंगाना सरकार से बस सेवा शुरू करने की अपील की है। इसके चलते तेलंगाना सरकार और आरटीसी प्रबंधन ने तुरंत जवाब देकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि,तत्संबंधित गांवों के छात्रों के लिए जल्द बस सुविधा प्रदान की जाए।

## श्री यंत्र का वितरण 16 को

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मंडल के सत्संग प्रभारी राजकुमार दायमा ने बताया कि 6 से 9 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित मुख्य कार्यालय आनंदधाम आश्रम में सुधांशुजी महाराज के पावन सान्निध्य में आश्रम के वैदिक विद्वान ब्राह्मण पंडीतो द्वारा 108 कुंडीय श्री गणेश लक्ष्मी महायज्ञ का विधिवत आयोजन किया गया। इस महायज्ञ में देवी-देवताओ की प्रसन्नता हेतु विशेष पूजा-अनुष्ठान एवं वन्य औषधियों-वनस्पतियों से निर्मित विशुद्ध यज्ञ सामग्री से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ में अपनें धन वैभव एवं सौभाग्य की अभिवृद्धि के लिए आहुतियाँ प्रदान की गई। इस श्री गणेश लक्ष्मी महायज्ञ में परमपूज्य श्री सुधांशु जी महाराज के निर्देशन में सिद्ध किए पूजित श्रीयंत्र का वितरण सभी दानी-सहयोगियों को मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौड़ द्वारा रविवार 16 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक साप्ताहिक सत्संग में हीरा-हॉल में किया जाएगा। हैदराबाद मंडल मिशन के महामंत्री अशोक कुमार अग्रवाल ने समस्त कार्यकर्त्ताओ और सत्संग धर्म प्रेमी गुरुभाई-बहनों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

## राजगोपाल के अहंकार के कारण मुनुगोडु उपचुनाव : एमएलसी जीवन रेड्डी

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस एमएलसी और पूर्व मंत्री टी. जीवन रेड्डी ने आज कहा कि मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कोमातीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी का अहंकार उपचुनाव के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि हालांकि राजगोपाल रेड्डी के पास अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को हल करने के लिए एक साल है, लेकिन उन्होंने अपने विधायक पद से इस्तीफा देने और उपचुनाव का सामना करने का फैसला किया है। जीवन रेड्डी ने राजगोपाल रेड्डी के अपने पद से इस्तीफा देने के फैसले को पूरी तरह गैर जिम्मेदाराना करार दिया।

पार्टी के वरिष्ठ नेता जी. निरंजन के साथ सीएलपी कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, जीवन रेड्डी ने राजगोपाल रेड्डी से पूछा कि क्या उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र से सिवनगुडेम के किसानों के मुआवजे के लिए धरना दिया है। उन्होंने टीआरएस पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी अपनी ताकत के दम पर उपचुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टीआरएस और भाजपा मुनुगोडु में प्रति वोट 10,000 रुपये की पेशकश कर रहे हैं। जी. निरंजन ने तेलंगाना राज्य विधान परिषद के अध्यक्ष गुट्टा सुखेंद्र रेड्डी की टिप्पणियों का कड़ा विरोध किया, जिन्होंने मुनुगोडु के मतदाताओं से आगामी उपचुनाव में सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी को वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि संवैधानिक पद पर बने रहने के दौरान उन्हें इस तरह की दलील नहीं देनी चाहिए है। जीवन रेड्डी ने सुखेंद्र रेड्डी को याद दिलाया कि लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के अध्यक्ष जैसे पद संवैधानिक पद हैं।

# बेमौसम बारिश के कारण किसानों की भारी नुकसान



मदनूर, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मदनूर मंडल में दो सप्ताह से हो रही बेमैसम बारिश से किसानों का जीवन हाल बे हाल हुवा है स्थानीय किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश के कारण सोया बिन के बीज नष्ट होने के कगार पर है।

सोयाबीन की फसल स्थानीय कृषि बाजार समिति कार्यालय मैदान में बिक्री करने के लिये रखा गया। हर रोज बेमौसम में लगातार मूसल धार बारिश होने से सोयाबिन फसल के बीज भीगने से किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# अग्रवाल शिक्षा समिति ने छठवीं कक्षा की छात्रा को दी बधाई



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित अग्रवाल हाई स्कूल फॉर गर्ल्स (हिंदी माध्यम) की छठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी देविका शर्मा का चयन जी टीवी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित कार्यक्रम "सा रे गा मा पा लिटिल चैम्प" गायन प्रतियोगिता के अंतिम 12 प्रतिभागियों में चयनित होने पर समिति के सभभ पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। समिति के प्रमुखों ने बताया कि देविका शर्मा ने अपनी सफलता से स्कूल और अग्रवाल शिक्षा समिति को गौरवान्वित किया है। देविका शर्मा की सफलता का शुभ समाचार स्कूल और समिति के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया, मानद मंत्री सी.ए. नवीन कुमार अग्रवाल, स्कूल के संचालक राजेश कुमार अग्रवाल, समिति के डॉ. मोहन गुप्ता ने देविका शर्मा एवं उसके अभिभावक को बधाइयां और उसके उज्जवल भविष्य की अनेकों शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने आश्वासन दिया कि समिति की ओर से देविका को पूर्ण सहयोग एवं हर प्रकार की सहायता दी जाएगी। प्रतियोगिता की संपूर्ण अवधि तक उसे सहयोग एवं प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# उच्चस्तरीय शिक्षा में तेलंगाना महिलाओं के बढते कदम

## कांग्रेस नेता मुलुगू विधायक सीतक्का ने उस्मानिया विवि से की पीएचडी हासिल

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता मुलुगू विधायक धनिसीरी अनसूया उर्फ सीतक्का ने ग्रेटर हैदराबाद स्थित मशहूर उस्मानिया विश्व विद्यालय से पीएचडी डाक्टरेट की डिग्री हासिल की। इस संदर्भ में, उस्मानिया विश्व विद्यालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेता मुलुगू विधायक सीतक्का ने संयुक्त वरंगल, खम्मम जिलों के गुत्तीकोय आदिवासियों के सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों गहन अध्ययन कर तत्संबंधित विषय से जुडे शोध पत्रों को उविवि को सौंप दिया है। साथ ही उविवि के अधिकारियों ने यह भी बताया कि, कांग्रेस नेता व मुलुगू विधायक सीतक्का ने पालिटिकल साइंस या राजनीतिक विज्ञान में यह शोध कार्य पूरा किया है। इसके चलते उस्मानिया विवि के अधिकारियों ने सीतक्का को पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया।

इस मामले में विधायक सीतक्का ने बताया कि, गत में जब वे नक्सलाइट रह चुकी थी तब उन्होंने कभी भी यह नहीं सोचा था कि वह भविष्य में अधिवक्ता या लायर होंगी तथा अधिवक्ता होने पर विधायक बनूंगी। यही नही मुलुगू विधायक होने पर पीएचडी हासिल ही कर सकूंगी। इसके चलते उन्होने बताया कि , अब सभी उन्हें डाक्टर सीतक्का कहकर संबोधित कर सकते हैं। उन्होने आगे कहा कि समाज सेवा करना तथा ज्ञान प्राप्त करना उन्हें अच्छा लगता है एवं यह उसकी आदत हैं। डाक्टर व विधायक सीतक्का ने इस बात की भी जानकारी दी कि, उन्होने गत उविवि वाईस चांसलर व वर्तमान मणिपूर विवि चांसलर के रूप में कार्यरत प्रो. तिरुपति राव के मार्गदर्सन में अपनी पीएचडी की शिक्षा पूरी की है। इसके चलते सोशल मीडिया में कांग्रेस नेता व मुलूगू विधायक सीत्तक्का द्वारा पीएचडी की शिक्षा हासिल करने पर प्रंशसा की जा रही है। जिसमे खासकर महिला समाज द्वारा उक्त उच्च स्तरीय शैक्षिक उपलब्धि पर सीतक्का का अभिनंदन किया जा रहा है।



]मारवाड मुण्डवा से नगर पधारे मुण्डवा के चेयरमैन सुभाष कन्दोई का ऋषि श्रृंग भवन पर नागौर की पट्टी क्षेत्रीय द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर अनिल जायलवाल, सुरेश कन्दोई, नरपत शर्मा, गोविन्द ओझा, सुरेशकुमार व्यास, रामदेव नागला, राहुल ओझा एवं महिला शक्ति किरण व्यास ने चेयरमैन का सम्मान किया।

## अमेरिका में की गई अध्यापिका नीलम झा की कविताओं की सराहना

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। गांधी जयन्ती पर वैश्विक हिन्दी संस्थान एवं रामचरित भवन ह्यूस्टन, अमेरिका से प्रकाशित "भारत काव्य पीयूष' काव्य संग्रह की कविताओं का पाठ हुआ। यह कार्यक्रम आभासी माध्यम ज़ूम द्वारा संपन्न किया गया। इस कवि सम्मलेन में आर्मी पब्लिक स्कूल, बोलारम की अध्यापिका नीलम झा की कविता "महान अजनाभवर्ष' का पाठ हुआ। कविता भारत के विविध नाम सहित उसकी गौरवमयी संस्कृति, वर्त्तमान दिशा-दशा पर आधारित है। नीलम झा की कविता का पाठ मंजु शर्मा जंगिद मणि ने किया। इस गोष्ठी की विशेषता यह रही कि कवियों ने अपनी नहीं, बल्कि अन्य कवियों की कविता पूर्ण निष्ठा से पढी। श्रीमती नीलम झा ने चंद्रकांत पाराशर की कविता "भारत माँ-मातृभूमि वंदन' पढी। काव्य पाठ का यह रूप नवाचार का अभिनव व अनुपम प्रयोग है, जो भारतीय अवधारणा "वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को साकार करता हुआ प्रतीत होता है। गैरतलब है कि भारत काव्य पीयूष काव्य संग्रह में नीलम झा की दो कविताओं को स्थान मिला है। इनमें से एक कविता "एहन सुन्दर भारत' मैथिली में तथा दूसरी कविता "महान अजनाभवर्ष' हिन्दी में लिखित है। इस काव्य गोष्ठी में कुल 50 कविताओं का वाचन हुआ। इस कवि सम्मलेन में भारत, अमेरिका, यूएई, दुबई, आस्ट्रेलिया आदि देशों के कवि-कवयित्रियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रामचरित भवन यूएसए के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता के अलावा शिवप्रकाश अग्रवाल, मधु चतुर्वेदी, मधु गोयल, रश्मि वार्ष्णेय, हरिहर झा, अलका प्रमोद, माया बंसल, नीलम झा, स्मिता लोधावाला, वीणा पाठक आदि अनेक कवि-कवयित्रियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सरकारी हाईस्कूल में आयुर्वेदीय पौधों का वितरण




हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, 7वें आयुर्वेद दिवस-2022 के अवसर पर आज आंध्र प्रदेश पोट्टी श्रीरामुलु सरकारी हाईस्कूल गड्डिअन्नारम में डॉ. साकेत राम अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) ने हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम के साथ आयुर्वेद दिवस-2022 के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए और शिक्षकों को अडासरा, तुलसी, जलाब्राह्मी, जम्मी, एलोवेरा, लौकी, रानाफल, वायु, पान, इंसुलिन जैसे आदि औषधीय पौधे वितरित किये। कार्यक्रम में वेंकट रेड्डी प्रधानाचार्य, श्रीनिवास रेड्डी और के. श्रीनिवास राव, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक ने भाग लिया।

# मदनूर सोसायटी द्वारा किसानों को चना बीज वितरण किया गया



मदनूर, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्थानिक किसानों को खरीब मौसम में चना का फसल उगाने के लिय बुधवार के दिन 1575 रूपये में 25 किलो वाला एक चना बीज का बैग मदनूर सोसायटी अध्यक्ष श्रीनिवास पाटील द्वारा किसानों में वितरित किया गया। इस समय पाटील ने बताया कि किसान खेत का पट्टा पासबुक, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, झेराक्स सोसायटी कार्यालय में देकर चना बीज लेकर जाने को कहा गया है। इस समय सोसायटी के शिवाजी राठौड़, राजू तैदलवार, बालकिश सकरलावार, नर्शिमलू गौड़, मारुति, तेरासा नेता बसवंत राव शिरपुर, शिवा, सोसायटी सचिव बाबूराव पाटील, सेवक शादुल, क्रमच्यारी विठ्ठल, सुनील, के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

## दक्षिण में फिर ...

स्टालिन ने कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में तमिल समेत 22 भाषाएं हैं। इनके समान अधिकार हैं।

बीते दिनों स्टालिन ने अपने एक बयान में कहा था कि हमें हिंदी दिवस की जगह भारतीय भाषा दिवस मनाना चाहिए। साथ ही "केंद्र को संविधान के आठवें शेड्यूल में दर्ज सभी 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा घोषित कर देना चाहिए। हिंदी न तो राष्ट्रीय भाषा है और न ही इकलौती आधिकाारिक भाषा। हिंदी की तुलना में दूसरी भाषाओं के विकास में बहुत कम संसाधन खर्च किए जाते हैं। केंद्र को इस फर्क को कम करना चाहिए। स्टालिन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सिर्फ हिंदी और संस्कृत को ही बढ़ावा देने का आरोप भी केंद्र सरकार पर लगाया था।

सूरत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के मौके पर ऑल इंडिया ऑफिशियल लैंग्वेज कॉन्फ्रेंस में अमित शाह ने कहा था, "मैं एक बात साफ कर देना चाहता हूं। कुछ लोग गलत जानकारी फैला रहे हैं कि हिंदी और गुजराती, हिंदी और तमिल, हिंदी और मराठी प्रतिद्वंद्वी हैं। हिंदी कभी किसी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं हो सकती है। हिंदी देश की सभी भाषाओं की दोस्त है।

भाषा को लेकर केंद्र और तमिलनाडु के बीच हो रहा यह विवाद नया नहीं है। तमिलनाडु लंबे समय से दक्षिण राज्यों पर हिंदी थोपे जाने का विरोध करता रहा है। साठ के दशक में राज्य में हिंदी विरोधी प्रदर्शन किए गए थे और तत्कालीन केंद्र सरकार ने राज्य को भरोसा दिलाया था कि केंद्र और दक्षिणी राज्यों के बीच आधिकारिक भाषा के तौर पर अंग्रेजी मान्य रहेगी।

## संजय राउत की ...

अप्रत्यक्ष तरीके से मुझे ठाकरे का साथ छोड़ने के लिए कहा गया। उद्धव ठाकरे मेरे जिगरी दोस्त और शिवसेना के सेनापती हैं। अगर ऐसे समय में मैं उनका साथ छोड़ता तो बालासाहेब को क्या मुंह दिखलाता?

शिवसेना की सीख मुझे तुमसे ही मिली है। बालासाहेब के प्रति कभी बेईमानी नही करना, ये तूने ही मुझे सिखाया है, तो मैं फिर उद्धव के साथ कैसे गद्दारी कर देता? इनकम टैक्स और न जाने किस-किस के डर से शिवसेना विधायक-सांसद पार्टी छोड़ गए। मगर, मैंने शिवसेना नहीं छोड़ने की ठान ली है। रही बात जुल्म की तो इसी तरह का जुल्म तिलक और सावरकर पर भी अंग्रेजों के द्वारा किया गया। नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी इसी तरह तकलीफ दी जा रही है। परदे के पीछे बहुत खेल चल रहा है, लेकिन मैं तुम्हें बता रहा हूं कि इसी तकलीफ और जुल्म से क्रांती पैदा होगी। नई स्वतंत्रता का जश्न मनाया जाएगा।

और अंत में, जैसे तुम मेरी मां हो। उसी तरह शिवसेना हम सब की मां है। मैं मां के साथ गद्दारी नहीं कर सका, इसलिए तुमसे दूर हूं। फिक्र मत करना, जल्द ही लौटूंगा। तब तक उद्धव ठाकरे और सारे शिवसैनिक तेरे बच्चे रहेंगे, उनका ख्याल रखना।

# टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की

## एक कैलेंडर ईयर में 38वां मैच जीता



नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को टी-20 के बाद वनडे सीरीज में भी हरा दिया है। उसने आखिरी वनडे में मेहमान टीम को 7 विकेट से हराया। मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में कई रिकॉर्ड बने और कई टूटे भी। यहां कुछ रोचक मोमेंट्स भी देखने को मिले।

आइए जानते हैं उन रिकॉर्ड्स के बारे और फोटो में देखते हैं उन मोमेंट्स को...जो मुकाबले के बाद भी आपके जेहन में रह जाएंगे। पहले बात करते हैं भारत-साउथ अफ्रीका सीरीज के आखिरी मुकाबले के रिकॉर्ड्स की।

1. साउथ अफ्रीका का भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर

साउथ अफ्रीका ने दिल्ली में बल्लेबाजी करते हुए 99 रन बनाए। यह उसका भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर हैं। इससे पहले टीम ने 1999 में इंडिया के खिलाफ 117 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, टीम इस साल दूसरी बार साउथ अफ्रीका ने 100 से कम का स्कोर बनाया है। उसने 22 जुलाई 2022 को इंग्लैंड के खिलाफ 83 रन बनाए थे।

2. ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड की बराबरी की

भारतीय टीम ने इस साल 38वीं जीत हासिल की है। उसने एक कैलेंडर ईयर में ऑस्ट्रेलिया के 19 साल पुराने वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। 2003 में ऑस्ट्रेलिया ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 38 मैच जीतकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था, जिसकी टीम इंडिया ने बराबरी कर ली और एक कैलेंडर ईयर में इंटरनेशनल क्रिकेट में 38 मैच जीतकर बराबरी कर ली।

3. बॉल रहते भारत की साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी जीत

यह बॉल शेष रहने के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। मेजबान टीम ने 185 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की, जबकि इससे पहले चार फरवरी 2018 को सेंचुरियन में उसने इस टीम को 177 गेंद शेष रहते हराया था।



भारत-साउथ अफ्रीका मैच के दौरान दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में एक कुत्ता घुस आया। उसने मैदान में खूब तफरी काटी। खिलाड़ी भी कुत्ते संग मस्ती करते रहे। इस दौरान मैच रुका रहा।

# दीपक चाहर टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर, ठाकुर को मौका

## वर्ल्ड कप से पहले तेज गेंदबाजी टीम इंडिया की चिंता




बेंगलुरू, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज दीपक चाहर ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह शार्दुल ठाकुर को मौका दिया गया है। 30 साल के चाहर को स्टैंड बाय में शामिल किया गया था। वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में चोटिल हो गए थे और बेंगुलरू की नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैबिटेशन प्रोसेस से गुजर रहे हैं।

स्पोर्ट्स तक ने अपने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि चाहर पूरे टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह शार्दूल ठाकुर को मौका दिया गया है।

**शमी-सिराज को ऑस्ट्रेलिया का टिकट**

रिपोर्ट में दावा किया गया कि सिलेक्टर्स चोटिल बुमराह की जगह मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज को भी ऑस्ट्रेलिया का टिकट देने का मन बना रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में बीसीसीआई ने कोई अधिकृत बयान सामने नहीं आया है।

**तेज गेंदबाजों की चोट टीम के लिए बड़ी चिंता**

वर्ल्ड कप से ठीक पहले तेज गेंदबाजों का चोटिल होकर बाहर होना चिंता की बात है। पेस बैटरी के लीडर जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हैं, जबकि मोहम्मद शमी कोरोना संक्रमित होने के कारण टीम से बाहर चल रहे हैं। उनकी वापसी की बातें तो हो रही हैं, लेकिन यह संतोषजनक नहीं हैं। शमी का लंबे समय से टी-20 इंटरनेशनल न खेलना सिलेक्टर्स के दिमाग में खटक रहा है। ऐसे में वे शमी को भेजकर भी संतुष्ट नहीं हो रहे। ऐसे में सिराज को भेजने की चर्चा है।

**चोटिल होने से पहले टॉप-3 विकेट टेकर थे चाहर**

आखिरी टी-20 में चोटिल होने से पहले दीपक चाहर इंदौर में आखिरी टी-20 मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। उसके बाद उन्हें एनसीए बेंगलुरू में मेडिकल टीम की देखरेख में रखा गया था।

# ऑलटाइम इंडियन टी-20 टीम में धोनी क्यों नहीं

## इकलौता टी-20 वर्ल्ड कप जिताया, 4 आईपीएल खिताब




लंदन, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्रिकेट की बाइबल कहलाने वाली मैग्जीन विज्डन ने इंडिया की ऑलटाइम टी-20 टीम बनाई है। ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड कप खेलने गई टीम के 7 खिलाड़ी विज्डन की इस लिस्ट में शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि टी-20 में भारत को पहला और इकलौता वर्ल्ड कप दिलाने वाले कैप्टन एमएस धोनी को टीम में जगह नहीं दी है। विकेट कीपर के तौर पर इसमें दिनेश कार्तिक को शामिल किया गया है।

**विज्डन का तर्क- शुरुआती सितारों की तुलना आज के स्टार्स से करना संभव नहीं**

विज्डन ने मंगलवार रात टीम अनाउंस करते हुए लिखा, 'किसी भी स्टैंडर्ड के हिसाब से टीम चुनना आसान नहीं है। हर जगह के लिए प्रतिस्पर्धा है। इस फॉर्मेट के शुरुआती वर्षों के सितारों की तुलना अभी के खिलाड़ियों से करना आसान नहीं है, जो हर साल 2 महीने IPL खेलते हुए बिताते हैं। यहां सबसे बड़ी एब्सेंस एमएस धोनी की है, जिन्होंने भारत को इकलौता टी-20 वर्ल्ड कप जिताया है।'

**ऑस्ट्रेलिया गए 7 खिलाड़ी विज्डन की टीम का हिस्सा**

विज्डन की ऑलटाइम टी-20 इलेवन में शामिल 12 खिलाड़ियों में से 7 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो 4 दिन बाद ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का हिस्सा हैं, जबकि 4 खिलाड़ी 2007 की वर्ल्ड चैंपियन टीम से चुने गए हैं। वर्तमान वर्ल्ड कप टीम की बात करें तो इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार के नाम हैं, जबकि 2007 के वर्ल्ड चैंपियन युवराज सिंह, वीरेंदर सहवाग, रोहित शर्मा और दिनेश कार्तिक को चुना गया है।

**एक्सपर्ट बोले- जडेजा-धोनी होने ही चाहिए थे, सूर्या का चुनाव समझ से परे**

दीपक चाहर के कोच लोकेंद्र से भास्कर ने बात की। उन्होंने कहा, ₹मेरी नजर में इस टीम में एक ही कमी है और वो है धोनी और जडेजा का न होना। ऑलटाइम टी-20 में सूर्यकुमार का चयन भी मेरी समझ से परे है। अगर टी-20 थ्योरी की बात करें तो टी-20 में एक इंपैक्ट प्लेयर होता है जो आपको मैच जिता सके। इस लिहाज से देखें तो धोनी ने कई मैच जिताए हैं। इसके आंकड़ों में दिनेश कार्तिक एक चौथाई भी नहीं हैं। ऐसे में धोनी को केवल इसलिए ड्रॉप करना कि वे वर्तमान में नहीं खेल रहे हैं, गलत है। दूसरी बात सूर्यकुमार ऑलटाइम टी-20 इलेवन के लिहाज से नए हैं। उन्हें अभी बहुत मैच जिताने हैं। निसंदेह वे बढ़िया खिलाड़ी हैं।

# फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप

## अमेरिका ने भारत को 8-0 से दी मात, मेलिना रेबिंबास ने दो गोल मारे

भुवनेश्वर, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के पहले मैच में निराशा देखने को मिली। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में अमेरिका ने भारत को 8-0 से हराया।

**पहले हाफ में 5 और दूसरे हाफ में 3 गोल दागे**

अमेरिका ने 9वें मिनट में गोल का खाता खोला। इसके बाद यह सिलसिला चलता ही रहा। अमेरिका ने पहले हाफ में 5 गोल और दूसरे हाफ में 3 गोल दागे। अमेरिका की ओर से कुल सात प्लेयर्स ने गोल किए।

पहले गोल में एक्सन ने रेबिंबास को एक अच्छा क्रॉस दिया जिससे रेबिंबास ने शानदार वॉली स्कोर किया। वहीं कोहलर ने कार्नर का फायदा उठाते हुए हैडर से दूसरा गोल किया। पूर्णिमा की गलती से गोमेरो को बॉल मिली। इससे गोमेरो ने ड्रिबल करते हुए गेंद को नेट में डाल दिया। 31वें मिनट में रेबिंबास ने बॉक्स में हाफ वॉली मारी और बॉल को गोलपोस्ट के कार्नर पर पहुंचाकर चौथा गोल दागा। इंडिया की बुरी डिफेंडिंग के चलते गिसेले थॉम्पसन ने आसानी से बॉल काटकर अमेरिका के लिए पांचवा गोल किया।




सेकेंड हाफ में इंडिया पहले हाफ की तरह ही खेली। 51वें मिनट में अमेरिका की ओर से एला एमरी ने आसानी से बॉक्स से गोल स्कोर किया। 58वें मिनट में टेलर सुआरेज ने आसानी से पेनल्टी स्कोर की और अमेरिका ने 7-0 से मैच में बढ़त बनाई। सेकेंड हाफ का तीसरा गोल मिया भूटा ने किया। मिया ने बड़ी सुंदरता से बॉक्स के बहार से किक करते हुए टॉप कार्नर पर बॉल को स्विंग कराते हुए गोल दागा और स्कोर 8-0 कर दिया।

भारत की और से मैच में एफर्ट देखने को नहीं मिला। टीम और कोच थॉमस दनर्बी को अगली बार होमवर्क करके आने की जरूरत होगी। इंडिया टीम पूरे गेम में बॉल को अपने पास रखने में नाकाम रही। इसके अलावा इंडियन प्लेयर्स अमेरिका के प्लेयर्स को मार्क करने में असफल रहे। साथ ही डिफेंडर्स ने पूरे मैच में कई गलतियां की। अमेरिका ने पूरे मैच में भारत के ऊपर हावी रही। भारत अपना अगला मैच मोरक्को के खिलाफ खेलेंगी।

इंडिया इलेवन: अंजलि (गोलकीपर), पूर्णिमा, शिल्की हेमम, अस्तम (कप्तान), नेहा, काजोल, लिंडा, अनीता, शुभांगी, नीतू, काजल।

यूएसए इलेवन: विक्टोरिया (गोलकीपर), सवाना, कैमरून, एला, रिले (कप्तान), चार्लोट, टेलर, मेलिना, ओनेका, लॉरेन, गिसेले।

भारत के ग्रुप में ब्राजील, अमेरिका और मोरक्को है। भारतीय टीम अपने ग्रुप के सभी मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेलेगी। ग्रुप मैच खेलने के बाद टीमें नॉकआउट राउंड में जाएंगीं।

भारत की टीम

मोनालिशा देवी मोइरंगथेम, मेलोडी चानू कीशम, अंजलि मुंडा, अस्तम उरांव, नकेता, पूर्णिमा कुमारी, वार्शिका, शिल्की देवी हेमम, बबीना देवी लिशम, नीतू लिंडा, शैलजा, शुभांगी सिंह, अनीता कुमारी, लिंडा कॉम सर्टो, नेहा, रेजिया देवी लैशराम, शेलिया देवी लोकतोंगबम, काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा, लावण्या उपाध्याय, सुधा अंकिता तिर्की।

अमेरिका की टीम

अबीगैल गुंडरी, विक्टोरिया सफ्राडिन, वेलेंटीना अमरल, एला एमरी, निकोला फ्रेजर, जोरीडन बग, सवाना किंग, कैमरून रोलर, गिसेले थॉम्पसन, मिया भूटा, रिले जैक्सन, चार्लोट कोहलर, लॉरेन मार्टिन्हो, एला सांचेज, एमरी एडम्स, ओनेका गामेरो, निकोलेट कियॉर्प्स,मेलिना रेबिंबास, सामंथा स्मिथ, टेलर सुआरेज़, अमालिया विलारियल।

# गांगुली ने अध्यक्ष पद छोड़ा नहीं उनसे छीना गया

## टीएमसी बोली- ये भाजपा की चाल; आईपीएल चेयरमैन बनने के ऑफर पर दादा भड़के




नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। सौरव गांगुली भारतीय क्रिकेट का वो सितारा हैं, जिसने जब जो चाहा उन्हें वो मिला। टीम इंडिया की कप्तानी हो या फिर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की अध्यक्षता। अपने दम पर सब हासिल किया, लेकिन अब गांगुली के साथ कुछ भी अच्छा होता नजर नहीं आ रहा है। गांगुली ने जिस बीसीसीआई को 3 साल तक चलाया, अब उनके ही साथी उसके मुखिया की कुर्सी से उन्हें हटाना चाहते हैं।

दादा चाहते थे कि उन्हें एक बार फिर बीसीसीआई का अध्यक्ष बनाया जाए, लेकिन उनके ही लोगों ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया। आइए इस मामले को पूरे विस्तार से समझते हैं...

मुंबई में मंगलवार को बीसीसीआई हेड क्वार्टर में एक बड़ी मीटिंग हुई। यहां पूरे देश के क्रिकेट संघ से बड़े अधिकारी आए हुए थे। बीसीसीआई का नियम है कि पुराना अध्यक्ष ही नए अध्यक्ष का नाम प्रस्तावित करता है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि गांगुली ने ये नहीं किया। वो दूसरी बार बीसीसीआई अध्यक्ष बनना चाहते थे, लेकिन लोग उनके सपोर्ट में नहीं आए। ऐसे में उन्होंने अपनी नाराजगी छिपाने की कोई कोशिश भी नहीं की। पहले गांगुली बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटाए गए। इसके बाद उन्हें आईपीएल चेयरमैन पद का ऑफर किया गया। सोचिए जो आदमी पिछले 3 साल से बीसीसीआई का अध्यक्ष हो। उसे आईपीएल का चेयरमैन बनाया जा रहा है। ये एक तरह से उनके लिए डिमोशन था और गांगुली तो ठहरे प्रिंस ऑफ कोलकाता वो इसे कैसे सह सकते थे। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई अध्यक्ष हटने के बाद मैं उसकी किसी उपसमिति का अध्यक्ष नहीं बन सकता। इन खबरों के बीच पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी ने बड़ा आरोप भी लगा दिया है। उसका कहना है कि भाजपा ने सौरव गांगुली को अपमानित किया है, क्योंकि वह उन्हें पार्टी में शामिल करने में विफल रही। तृणमूल के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा ने पिछले साल के विधानसभा चुनाव से पहले लोगों के बीच यह संदेश फैलाने की कोशिश की थी कि राज्य में बेहद लोकप्रिय गांगुली पार्टी में शामिल होंगे।

# सुशील कुमार पर हत्या के मामले में आरोप तय

**ओलिंपिक मेडलिस्ट सहित 18 लोगों को हो सकती है सजा**



ओलिंपिक में दो मेडल जीतने वाले इकलौते भारतीय पहलवान हैं सुशील

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्रसाल स्टेडियम में जूनियर नेशनल पहलवान सागर की हत्या के आरोप में जेल में बंद दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट सुशील कुमार के सहित 20 लोगों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास , दंगा और गैर कानूनी रूप एकत्रित होने व अन्य आरोप तय हो गए हैं। सुशील सहित 18 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जबकि 2 आरोपी अब भी इस मामले में फरार हैं। दरअसल पिछले साल 4 अप्रैल को छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग एरिया में पहलवान के दो गुटों में झड़प हुई थी। इस दौरान फायरिंग भी हुई। इसमें 5 पहलवान जख्मी हो गए। इनमें सागर (23), सोनू (37), अमित कुमार (27) और 2 अन्य पहलवान शामिल थे। सागर ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल का बेटा था। इस मामले में ओलिंपिक मेडलिस्ट सुशील कुमार मुख्य आरोपी थे। पुलिस ने सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था।

साल 2019 में 10 दिसंबर को दिल्ली के मॉडल टाउन में सुशील ने अपनी पत्नी सावी सोलंकी के नाम 90 लाख रुपए का एक फ्लैट खरीदा। सुशील कुमार ने B 10/6 नंबर के फ्लैट को खरीदने के बाद 40 हजार रुपए महीने के किराए पर दे दिया। इस फ्लैट में किराये पर पहलवान सागर धनखड़, सोनू, भक्तु और अमित थे। भक्तु और अमित को छत्रसाल स्टेडियम में भी रूम मिला था। 2020 फरवरी में सागर का पड़ोसियों से पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। पड़ोसियों ने सुशील को फोन करके सारी बातें बता दीं। सुशील ने सागर को तुरंत फ्लैट खाली करने को कह दिया, लेकिन सागर ने ऐसा नहीं किया।

सुशील ने अपने साथी अजय और रघुवीर को फ्लैट खाली करवाने के लिए भेजा।

# मुंबई एयरपोर्ट पर शार्दूल का किट बैग गायब

**ट्विटर पर की शिकायत, भज्जी मदद के लिए आगे आए, दूसरी एयरलाइन के स्टाफ ने दिलाया बैग**

मुंबई, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर शार्दूल ठाकुर का किट बैग गायब हो गया। शार्दूल नई दिल्ली से मुंबई आए थे। बैग नहीं मिलने पर उन्होंने एयरलाइन की शिकायत ट्विटर पर कर दी। यह देख टर्बनेटर हरभजन सिंह उनकी मदद के लिए आगे आए।

शार्दूल ने ट्विटर पर एयरलाइन को लिखा - क्या कोई मेरी मदद कर सकता है? यहां कोई स्टाफ नहीं है। यह पहली बार नहीं हुआ जब मेरा बैग खोया है। इस पर हरभजन ने लिखा - हम विश्वास दिलाते हैं कि स्टाफ वहां पहुंचकर आपको बैग जल्द दिलवा देगा। असुविधा के लिए माफी। एक्स एयरइंडियन भज्जी।




हरभजन की मदद के बाद शार्दूल को उनका बैग मिल गया। उन्होंने ट्विटर पर हरभजन सिंह को शुक्रिया कहा। शार्दूल ने बैग मिलने की जानकारी ट्विटर पर दी। उन्हें बैग तो मिल गया, लेकिन इसके लिए एक दूसरी एयरलाइन के स्टाफ ने उनकी मदद की।

आपको बता दे कि इस साल जुलाई में क्रिकेटर हरभजन सिंह ने राज्यसभा में शपथ ली थी। वे केजरीवाल की आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के थे हिस्सा

साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 3 वनडे मैच की सीरीज खेली। इसमें टीम इंडिया ने 2-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया। 12 साल बाद टीम ने भारतीय सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोई वनडे सीरीज जीती है।

शार्दूल वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा थे। वे सीरीज के तीनों मैच में प्लेइंग इलेवन में थे। पहले मैच में उन्होंने 2 विकेट और दूसरे में 1 विकेट लिया। आखिरी मैच में वे विकेट लेने में नाकाम रहे।

# सिंदूर वाली तस्वीर के बाद उर्वशी रौतेला ने दी करवा चौथ की बधाई, यूजर्स करने लगे अजब-गजब सवाल

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। उर्वशी रौतेला बॉलीवुड का एक जाना माना नाम हैं। वो भले ही फिल्मों में ज्यादा नजर ना आती हों लेकिन सोशल मीडिया की दुनिया में वो काफी एक्टिव रहती हैं। पूर्व मिस यूनिवर्स इन दिनों अपने सोशल मीडिया अकाउंट के कैप्शन की वजह से चर्चा में हैं और लोग उनके पोस्ट और कैप्शन को सीधा इंडियन क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत से जोड़कर देखते हैं। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स उनकी शेर-ओ-शायरी को लेकर उन्हें ट्रोल भी करते हैं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने सिंदूर और मंगलसूत्र के साथ फोटो शेयर की थीं। अब हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए करवा चौथ की बधाई दी है।

**उर्वशी रौतेला ने दी करवा चौथ की बधाई**

एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह सफेद रंग का स्किनी टाइट टॉप और लाल कलर की स्कर्ट पहने नजर आ रही हैं। इसी के



साथ बालों में उन्होंने स्कर्ट से मैंच करते हुए हेयर बैंड लगाया हुआ है।

इन फोटोज को शेयर करते हुए उन्होंने एडवांस में हैपी करवा चौथ की बधाई दी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि 'चंद्रमा की रोशनी से खुशियों और शांति की बहार आए। करवा चौथ की अग्रिम शुभकामनाएं।'

# 903 करोड़ के चीनी निवेश धोखाधड़ी का भंडाफोड़

## दो विदेशी नागरिकों समेत दिल्ली और मुंबई से 10 आरोपी गिरफ्तार



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने हवाला घोटाला चलाने वाले 10 आरोपियों को दिल्ली और मुंबई से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में साहिल बजाज, सनी उरफ पंकज, वीरेंद्र सिंह, संजय यादव, नवनीत कौशिक, मोहम्मद परवेज (हैदराबाद), सैयद सुल्तान (हैदराबाद), मिर्जा नदीम बेग (हैदराबाद), चीनी नागरिक ली, चू चुन-यू (ताइवान) शामिल हैं। इस मामले की जानकारी देते हुए नगर पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने बताया कि तारनाका के रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर अपराध शाखा में धोखाधड़ी की जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि एक ऐप के माध्यम से उसने 1.6 लाख रुपए का निवेश किया था। शिकायतकर्ता के मामले की जांच करने पर पता चला कि शिकायतकर्ता का पैसा एक बैंक में एक कंपनी के नाम पर खुले खाते में जमा किया गया था। यह खाता वीरेंद्र सिंह द्वारा संचालित किया जाता है।

जब वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया और पुणे में पूछताछ की गई, तो उसने खुलासा किया कि उन्होंने एक जैक नाम के व्यक्ति के आदेश एक कंपनी के नाम से एक बैंक खाता खोला था। जैक को इंटरनेट बैंकिंग यूजर नेम और बैंक अकाउंट का पासवर्ड दिया। जांच के दौरान यह पता चला कि बेटेनच नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड और ज़िंदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते में एक ही फोन नंबर है।

दिल्ली के एक संजय कुमार ने ली के निर्देश पर खाता खोला। इसी तरह, उसने 15 अन्य बैंक खाते खोले। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि हवाला के जरिए 903 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। गिरोह के सदस्य हवाला के माध्यम से बड़े पैमाने पर धन का हेरफेरी कर रहे थे और लोगों को ठग रहे थे।

# चेन्नूर को मिला 100 बिस्तरों वाला अस्पताल, लोगों में खुशी की लहर

मंचेरियल, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। चेन्नूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तरों वाले अस्पताल में अपग्रेड किया गया है। राज्य सरकार की ओर से मंगलवार शाम को इस आशय का आदेश जारी किया गया। सुविधा की अनुमानित लागत 32.15 करोड़ रुपये थी।

सरकारी सचेतक बालका सुमन ने चेन्नूर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की ओर से केंद्र को 100 बिस्तरों वाले अस्पताल में अपग्रेड करने के लिए मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लोगों का पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के आने से जनता को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेगी। इस बीच, तेलंगाना राष्ट्र समिति (भारत राष्ट्र समिति) के कार्यकर्ताओं ने चेन्नूर शहर में सुमन के शिविर कार्यालय में पटाखे फोड़कर घोषणा का जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि सुमन सिंचाई सुविधाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान देने के अलावा, निर्वाचन क्षेत्र की सड़क और चिकित्सा बुनियादी ढांचे में सुधार करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने याद किया कि पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र के विकास की अनदेखी की थी। 40 साल पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पूर्व में 7 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सामुदायिक केंद्र में बदल दिया गया था। केंद्र का कार्य प्रगति पर है। इसे अस्पताल में तब्दील किया जाएगा। सुविधा के निर्माण के बाद चेन्नूर, जयपुर, कोटपल्ली, भीमाराम, वेमनपल्ली मंडल के 150 गांवों में कुल 1.63 लाख आवास लाभान्वित होंगे। मौजूदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्थान पर भवन निर्माण के लिए 1.56 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की गई है, जो कि अगस्त में जयपुर मंडल के कुंदरम गांव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी।

## नहाने के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद टैंक में डूबा आदमी

जगत्याल, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। इब्राहिमपट्टनम मंडल के वर्षाकोंडा में बुधवार को नहाने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से 60 वर्षीय नर कृष्णैया गांव के तालाब में डूब गया। पुलिस के मुताबिक कृष्णैया गंगामाता मंदिर के पास गांव के तालाब में नहाने गए थे। कहा जाता है कि जब वह टैंक में था, तब उसे दिल का दौरा पड़ा और वह डूब गया। कृष्णैया अपने पीछे पत्नी, बेटी और बेटे को छोड़ गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने की दमरे की पहल

## सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने सिकंदराबाद स्टेशन पर एक दिवसीय गहन टिकट जांच अभियान चलाया, जिसमें विभिन्न आउटगोइंग और इनकमिंग एक्सप्रेस ट्रेन सेवाएं शामिल थीं। यह अभियान दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवाएं) के पद्मजा की देखरेख में चलाया गया। इस टिकट जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य आरक्षित यात्रियों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम करना और एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षित और अनारक्षित डिब्बों द्वारा बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के अलावा जनता में अनियमित यात्रा से बचने के लिए जागरूकता पैदा करना है। टिकट चेकिंग अभियान के संचालन से पहले, टिकट चेकिंग स्टाफ को निष्पादन योजना के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें निर्देश दिया गया कि वे टिकट चेकिंग गतिविधि को सख्ती से संचालित करें ताकि अनियमित यात्रियों को पकड़ा जा सके।

यह अभियान ट्रेन (नंबर 18046) ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस और ट्रेन (नंबर 18519) विशाखापट्टणम-लोकमान्यतिलक टर्मिनस में सिकंदराबाद और काजीपेट स्टेशनों के बीच भी आयोजित की गई। नए शुरू किए गए हैंड हेल्ड टर्मिनलों के कामकाज की पारदर्शी जांच और बर्थों के आवंटन, खाली बर्थों को वर्तमान आरक्षण आदि में वास्तविक समय में स्थानांतरित करने के लिए भी जाँच की गई। इसके अलावा, सीसीएम ने ट्रेनों और स्टेशनों दोनों में खानपान सेवाओं के कामकाज की भी समीक्षा की है। भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की जाँच करके। अभियान के दौरान कुल 48 एक्सप्रेस ट्रेनों की चेकिंग की गई, जिसमें 82 टिकट चेकिंग स्टाफ को तैनात किया गया था।

# महबूबनगर में मिले प्राचीन शैल चित्र



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक नए खोज में, कोठा तेलंगाना चरित्र ब्रुंडम के इतिहास के प्रति उत्साही ने महबूबनगर जिले के नंदीपेट गांव के पास कॉपर एज रॉक पेंटिंग की खोज की।

गाँव से कुछ किलोमीटर की दूरी पर एक छोटी सी पहाड़ी पर, लाल रंग में रंगे हुए एक धनुषधारी शिकारी के विपरीत एक तेंदुए, लंबे सींगों वाला एक हिरण और एक लंबी पूंछ वाले जानवर के चित्र पाए गए। इन चित्रों से मीटर की दूरी पर एक गुफा भी मिली है। एक और ऊंचे शिलाखंड के ऊपर एक शिलाखंड द्वारा निर्मित, इस गुफा में बारह लोग बैठ सकते हैं।

यह गुफा पुरमनव का निवास स्थान है, प्रारंभिक मानव और पाए गए चित्र कोकापेट शैल चित्रों के समान हैं।

ये खोजें हमें इस क्षेत्र में प्रारंभिक मनुष्यों के अस्तित्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी देती हैं, वेमारेड्डी हनुमान कहते हैं जिन्होंने चित्रों और गुफाओं की खोज की।

रॉक कला विशेषज्ञ बंदी मुरलीधर रेड्डी ने कहा कि ये शैल चित्र द्वापर युग (ताम्रपाषाण काल) के हैं और कहा कि यहां तेंदुए की पेंटिंग मिलना दुर्लभ है। टीम को एक चार पैर वाले जानवर पर सवार एक नायक की आकृति की एक और लाल पेंटिंग भी मिली, जिसके एक हाथ में तलवार और दूसरे में ढाल है।

# केटीआर ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, हिंदी थोपने का विरोध

## कहा, नौकरी की चाहत रखने वाले करोड़ों युवाओं के साथ यह अन्याय

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति) ने एक संसदीय पैनल की सिफारिश का कड़ा विरोध किया है कि आईआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों जैसे तकनीकी और गैर-तकनीकी उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा का माध्यम हिंदी होना चाहिए। यह कहते हुए कि सिफारिश असंवैधानिक है, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और आईटी मंत्री केटी रामाराव ने मांग की कि सिफारिश को तुरंत वापस ले लिया जाए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में राजभाषा पर संसदीय पैनल ने सिफारिश की थी कि हिंदी भाषी राज्यों में आईआईटी जैसे तकनीकी और गैर-तकनीकी उच्च शिक्षा संस्थानों और भारत के अन्य हिस्सों में हिंदी को शिक्षा का माध्यम बनाया जाए। संसदीय समिति ने भर्ती परीक्षाओं में अनिवार्य अंग्रेजी भाषा के प्रश्न पत्र को हटाने और हिंदी भाषी राज्यों में उच्च न्यायालयों के आदेशों के हिंदी अनुवाद की व्यवस्था सहित 100 से अधिक सिफारिशें भी कीं। बुधवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र में



केटीआर ने वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों पर सिफारिश के दूरगामी प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की, यह विभाजन भारत के विभिन्न हिस्सों और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के बीच हो सकता है। उन्होंने कहा कि अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी को थोपना करोड़ों युवाओं के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो छात्र क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, वे केंद्र सरकार की नौकरी के अवसरों को खो रहे हैं, क्योंकि केंद्रीय नौकरियों के लिए योग्यता परीक्षा में प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी में हैं।

लगभग 20 केंद्रीय भर्ती एजेंसियां हैं जो हिंदी और अंग्रेजी में परीक्षा आयोजित करती हैं। यूपीएससी इन दो भाषाओं में राष्ट्रीय पदों के लिए 16 भर्ती परीक्षा आयोजित करता है। केंद्रीय भर्ती एजेंसियों से नौकरी की घोषणाएं पहले से ही दुर्लभ हैं और सीमित भर्ती अभियान क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण हैं। नौकरी की चाहत रखने वाले करोड़ों युवाओं के साथ यह अन्याय है।

मंत्री ने प्रधानमंत्री से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लाभ के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने का अनुरोध किया। उन्हें डर है कि संसदीय समिति की सिफारिश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी वैश्वीकृत दुनिया में राष्ट्र के विकास को उलट सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में एक बड़ी गैर-हिंदी भाषी आबादी को देखते हुए, हिंदी को अनिवार्य बनाने के केंद्र सरकार के कदम से देश में सामाजिक-आर्थिक विभाजन होगा। इससे पहले उन्होंने ट्वीट किया था कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है और हिंदी कई आधिकारिक भाषाओं में से एक है। उन्होंने ट्वीट किया कि आईआईआईटी और केंद्र सरकार की भर्तियों में हिंदी को अनिवार्य करने के लिए, एनडीए सरकार संघीय भावना का उल्लंघन कर रही है, भारतीयों के पास भाषा का विकल्प होना चाहिए और हम हिंदी थोपने के लिए नहीं कहते हैं।

गौरतलब है कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे गए पत्र में संसदीय राजभाषा समिति ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में हिंदी को शिक्षा के माध्यम के रूप में लागू करने की सिफारिश की है। समिति ने कथित तौर पर कहा है कि हिंदी को धीरे-धीरे अंग्रेजी से बदल दिया जाना चाहिए। हालांकि, तमिलनाडु और केरल के मुख्यमंत्रियों एमके स्टालिन और पिनाराई विजयन ने इस फैसले का विरोध किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आपत्ति जताई।

# व्यापार और निवेश के लिए मौजूदा नियमों की प्रणाली में आवश्यक परिवर्तन : सीएस



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने बुधवार को बीआरकेआर भवन में व्यापार करने में आसानी के लिए व्यापार सुधार कार्य योजना के कार्यान्वयन पर एक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने व्यवसाय करने में आसानी के संबंध में विभिन्न सुधारों को शुरू करने के लिए विभागों को बधाई दी, जिसके परिणामस्वरूप राज्य को शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुधारों के हिस्से के रूप में, विशेष रूप से व्यापार करने में आसानी और जीवनयापन में आसानी, इसे व्यापार और निवेश के अनुकूल बनाने के लिए मौजूदा नियमों की प्रणाली में आवश्यक परिवर्तन लाए गए हैं।

सोमेश कुमार ने कहा कि सूचना तक पहुंच और पारदर्शिता में सुधार के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। यह संबंधित विभागों के लिए अपने विभागों के कामकाज में दक्षता में सुधार करने और जनता की संतुष्टि में सुधार करने का भी एक अच्छा अवसर है। मुख्य सचिव ने कहा कि उपयोगकर्ता फीडबैक अभ्यास के लिए लाभार्थियों का पर्याप्त डेटाबेस भी बनाया जाना चाहिए। चूंकि सुधार कार्यान्वयन की समय सीमा इस महीने के अंत में है, उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि काम परिणामोन्मुखी तरीके से पूरा हो।

वर्तमान बीआरएपी के तहत, ईओडीबी से संबंधित 540 सुधार हैं। विशेष बैठक में मुख्य सचिवों प्रमुख सचिवों, सचिवों और विभिन्न विभागों के प्रमुखों और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# कालेश्वरम ने तेलंगाना में नीली क्रांति ला दी : मेदक सांसद



संगारेड्डी, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक के सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (केएलआईएस) के तहत कई परियोजनाओं के निर्माण ने तेलंगाना में एक नीली क्रांति की शुरुआत की है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और अन्य विपक्षी दलों द्वारा कई बाधाएं पैदा करने के बावजूद, मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव संगमेश्वर लिफ्ट सिंचाई परियोजना (एसएलआईपी) और बसवेश्वर लिफ्ट सिंचाई परियोजना (बीएलआईपी) जैसी सभी परियोजनाओं को पूरा करेंगे, जिससे पूरे संगारेड्डी जिले को लाभ होगा। प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि विपक्षी दल धन जारी करने में बाधा उत्पन्न करके एसएलआईपी और बीएलआईपी को रोकने के लिए काम कर रहे हैं।

चूंकि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पास पूरे देश का विकास करने की दृष्टि है, इसलिए सांसद ने कहा कि चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) देश भर में भाजपा की कमियों को उजागर करेगी।

सांसद बुधवार को सदाशिवपेट के पास उबा चेरुवु और मेलिगिरी परियोजना में मछली के बीज और ब्लू स्कैंपी छोड़ने के बाद बोल रहे थे। यह मेलिगिरी परियोजना में छह लाख मछलियों और स्कैंपी और उबा चेरुवु में 56,000 मछलियों की रिहाई को चिह्नित करने के लिए था। दो जल निकायों में छोड़ी गई मछलियों की विविधता में रोहू, मृगला, कतला और ब्लू स्कैंपी शामिल हैं। मछुआरों के समुदाय को बढ़ावा देने के लिए, रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार मछली पकड़ने की अनुमति भी दे रही है। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग पहले आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से मत्स्य बीज प्राप्त करता था।

# अमेरिकी महावाणिज्य दूत ने राज्यपाल से मुलाकात की

विजयवाड़ा, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में संयुक्त राज्य अमेरिका के महावाणिज्य दूत जेनिफर लार्सन ने बुधवार को यहां राजभवन में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से शिष्टाचार भेंट की। जेनिफर लार्सन के राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल के विशेष मुख्य सचिव आरपी सिसोदिया ने उनका स्वागत किया। महावाणिज्य दूत के साथ राजनीतिक और आर्थिक प्रमुख श्री सीन रूथे, उप महावाणिज्य दूत विलियम मार्शल, सार्वजनिक मामलों के अधिकारी डेविड मोयर थे। 30 मिनट से अधिक समय तक चली बैठक में राज्यपाल हरिचंदन और जेनिफर लार्सन ने आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल ने नवगठित आंध्र प्रदेश राज्य में व्यापार और वाणिज्य में निवेश की संभावना और राज्य में उपलब्ध पर्यटन आकर्षणों के बारे में चर्चा की। अमेरिकी महावाणिज्य दूत ने संयुक्त राज्य अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों और वीजा की अन्य श्रेणियों के लिए वीजा प्रदान करने की उदार प्रक्रिया के बारे में चर्चा की। पी.एस. बैठक के दौरान राज्यपाल के संयुक्त सचिव सूर्यप्रकाश भी मौजूद थे।

## बिजली खंभे पर करंट लगने से मजदूर की मौत, परिवार ने किया प्रदर्शन

कोत्तागुडेम, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिजली विभाग में काम कर रहे एक निजी सहायक की मौत के बाद उसके परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने बुधवार को जिले के टेकुलापल्ली मंडल के बोम्मनपल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। मंडल में जी कोठा ठंडा के सहायक बनोत वीरन्ना (30) की उस समय करंट लगने से मौत हो गई, जब वह लाइन को बंद करने के लिए लाइन क्लीयरेंस प्राप्त करने के बाद शंभुनिगुडेम में गंगाराम मुख्य वितरण लाइन पर मरम्मत कार्य कर रहे थे। हालांकि, गलती से लाइन में बिजली की आपूर्ति चालू हो गई थी। सहायक को एक बड़ा बिजली का झटका लगा और बिजली के खंभे पर उसकी तुरंत मौत हो गई, जिस पर वह काम कर रहा था। घटना के बाद उनके परिवार के सदस्य और गांव वाले उनके शव को कोत्तागुडेम-येलांडु मुख्य सड़क पर बोम्मनपल्ली बिजली सबस्टेशन ले गए और धरना दिया। उन्होंने मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा और नौकरी देने की मांग की। धरने के कारण काफी देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय सीआई वेंकटेश्वरलू, बिजली विभाग एई देवा और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। अधिकारियों द्वारा वीरन्ना के परिवार के साथ न्याय करने का आश्वासन देने के बाद विरोध वापस ले लिया गया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com




## महिला का यौन शोषण करने के आरोप में जूनियर कलाकार गिरफ्तार

हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस ने एक जूनियर कलाकार को शादी के बहाने एक महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की मुलाकात जूनियर आर्टिस्ट प्रियंत से करीब सात साल पहले सिनेमा की शूटिंग के दौरान हुई थी और तभी से दोनों में दोस्ती हो गई। प्रियंत कथित तौर पर पीड़िता को कई मौकों पर एक रिसॉर्ट और एक होटल में ले गया और यह कहते हुए उसका यौन उत्पीड़न किया कि वे जल्द ही शादी करेंगे।

हालांकि, जब पीड़िता ने शादी की जिद की तो प्रियंत ने किसी न किसी बहाने चर्चा से परहेज किया और बाद में उससे बात करना बंद कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर जुबली हिल्स पुलिस ने मामला दर्ज कर बुधवार को प्रियंत को गिरफ्तार कर लिया।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में 4 को जेल



हैदराबाद, 12 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल ट्रैफिक पुलिस थाना अंतर्गत में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में मजिस्ट्रेट जस्टिस एम. रमेश बाबू ने 4 लोगों जेल की सजा सुनाई। उन्हें 2 दिन की कैद की सजा के बाद परकला उप जेल भेज दिया गसा। सजा पाने वालों में एमडी.गौस खान, गोलापल्ली किरण, खाजा पाशा, कोंडी सतीश शामिल हैं। कोर्ट ने अन्य 16 अन्य को सजा सुनाई तथा 27,500 रुपये का जुर्माना वसूला।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.